ISSN No. 2277-680X

# उशती

# UŚATĪ

एकविंशोऽङ्कः ( Vol. XXI ) 2021 - वर्षम्

उ॒त त्व॒: पश्य॒न्न ददर्श॒ वाच॑मु॒त त्व॑: शृ॒ण्वन्न शृ॑णोत्येनाम्।
उ॒तो त्वस्मै॑ त॒न्वं॑१ वि स॑स्रे जा॒येव॒ पत्य॑ उश॒ती सु॒वासा॑: ॥-ऋ.१०/७१/४

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
गङ्गानाथझापरिसरः
चन्द्रशेखर-आजादोद्यानम्
प्रयागराजः
2023

ISSN No.: 2277–680X

# उशती
# UŚATĪ
## (THE JOURNAL OF SANSKRIT STUDIES)

**एकविंशोऽङ्कः** (Vol. XXI) **2021 वर्षम्**

उ॒त त्वः॒ पश्य॒न्न द॑दर्श॒ वाच॑मु॒त त्वः॑ शृ॒ण्वन्न शृ॑णोत्येनाम्।
उ॒तो त्वस्मै॑ त॒न्वं॑१ वि स॑स्रे जा॒येव॒ पत्य॑ उश॒ती सु॒वासाः॑॥

ऋ॰ १०।७१।४

**प्रधानसम्पादकः**
श्रीनिवास वरखेडी

**सम्पादकाः**
ललितकुमारत्रिपाठी
अपराजिता मिश्रा
मोनाली दास

**केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः**
गङ्गानाथझापरिसरः, प्रयागराजः
2023

# उशती

**पुनरीक्षणसमितिः**

**प्रो. हरिदत्तशर्मा (राष्ट्रपतिसम्मानितः)**
(विभागाध्यक्षचरः, संस्कृतविभागः)
इलाहाबादविश्वविद्यालयः, प्रयागराजः

**प्रो. विश्वम्भरनाथगिरिः**
(आचार्यचरः, साहित्यविभागः)
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, गङ्गानाथझापरिसरः, प्रयागराजः

**प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी**
(आचार्यः, व्याकरणविभागः)
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, लखनऊपरिसरः, लखनऊ

**प्रकाशकः**

**निदेशकः**,
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः,
**गङ्गानाथझापरिसरः**,
चन्द्रशेखर-आजादोद्यानम्,
प्रयागराजः, उ. प्र. — २११ ००२

**प्रकाशनवर्षम्** दिसम्बर, २०२३

**अङ्कस्य शुल्कम्**

भारतीयम् ₹१५०
वैदेशिकम् $३५

**© प्रकाशकः**

**मुद्रकः**

एकेडमी प्रेस
दारागंज, प्रयागराजः - २११ ००२

ISSN No.: 2277–680X

# उशती
# UŚATĪ
## (THE JOURNAL OF SANSKRIT STUDIES)

**एकविंशोऽङ्कः (Vol. XXI)** **2021 वर्षम्**

उ॒त त्वः॒ पश्य॒न्न द॑दर्श॒ वाच॑मु॒त त्वः॑ शृ॒ण्वन्न शृ॑णोत्येनाम्।
उ॒तो त्वस्मै॑ त॒न्वं॑१ वि स॑स्रे जा॒येव॒ पत्य॑ उश॒ती सु॒वासाः॑॥

ऋ॰ १०।७१।४

**Chief Editor**
Shrinivas Varakhedi

**Editors**
Lalit Kumar Tripathi
Aprajita Mishra
Monali Das

**Central Sanskrit University**

Ganganatha Jha Campus, Prayagraj

2023

# UŚATĪ

**Review Committee**

**Prof. Hari Dutta Sharma**
(Former Head, Department of Sanskrit)
Allahabad University, Prayagraj
**Prof. Vishwambhar Nath Giri**
(Former Professor, Department of Sahitya)
Central Sanskrit University, Ganganatha Jha Campus, Prayagraj
**Prof. Bharat Bhushan Tripathi**
(Professor, Department of Vyakarana)
Central Sanskrit University, Lucknow Campus, Lucknow

**Published by**

**Director**,
Central Sanskrit University,
**Ganganatha Jha Campus**,
Chandrasekhar Azad Park,
Prayagraj, U. P. — 211 002

**Year** December, 2023

**Individual Copy**

Indian ₹150
Foreign $35

© publisher

**Printed at**

Academy Press
Daraganj, Prayagraj - 211 002

# सम्पादकीय

भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बद्ध विविध विषयों पर लिखित शोधपत्रों से सुसज्जित इस शोधपत्रिका के नवीनतम अंक को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस अंक में ज्ञान की विविध शाखाओं से सम्बद्ध मौलिक एवं गंभीर अनुसंधान से युक्त शोध पत्र सम्मिलित हैं। ये शोधलेख अनुसन्धान क्षेत्र में अनेक नवीन सम्भावनाओं को उद्घाटित करने में अवश्य समर्थ होंगे। इस अंक में २४ शोधपत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं।

"शमी का सांस्कृतिक, काव्यात्मक एवं वैज्ञानिक अनुशीलन" शीर्षक प्रथम शोधपत्र में शमी वृक्ष के सांस्कृतिक, ज्योतिषीय एवं वास्तुशास्त्रीय महत्त्व और उसके औषधीय गुणों की विस्तृत चर्चा पुराणों एवं आयुर्वेदीय ग्रन्थों के उद्धरणों के आधार पर प्रस्तुत की गई है।

"कातन्त्रव्याकरणम्" शीर्षक द्वितीय आलेख में पाणिनीय व्याकरण के सुव्यवस्थापित होने पर भी वर्तमान में संस्कृत भाषा शिक्षण के लिए कातन्त्रव्याकरण की सामान्यजनोपयोगिता पर प्रकाश डाला गया है।

"The Economical Picture Reflected In The Drama Mṛcchakaṭikam" इस तृतीय लेख में शूद्रक के 'मृच्छकटिक' के आधार पर तत्कालीन समाज की समाजिक और आर्थिक स्थिति का विश्लेषण किया गया है।

"वैदिक साहित्य में राष्ट्रिय चेतना" इस चतुर्थ लेख में भारतीय सनातन आर्य संस्कृति के मूल आधार वैदिक साहित्य में राष्ट्रिय चेतना की उदात्त भावना का निदर्शन सोदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

"Analysis of Critical Claims against Sāmānya Padārtha by Buddhist Schools" इस शोधपत्र के द्वारा सामान्य एवं जाति की अवधारणा का न्याय-वैशेषिक दर्शन के वस्तुवादी दर्शन में प्रभाव एवं बौद्ध दार्शनिकों के द्वारा सामान्य के खण्डन का विश्लेषण किया गया है।

"श्री गङ्गानन्दकवीन्द्र के काव्यदोष लक्षण की समीक्षा" शीर्षक लेख में मैथिल काव्यशास्त्री श्री गङ्गानन्द कवीन्द्र की कृति 'काव्यडाकिनी' में प्रतिपादित दोषतत्त्व की साङ्गोपाङ्ग विवेचना तथा दोषों से सम्बद्ध मम्मट से पृथक् कतिपय नवीन परिष्कारों की समीक्षा प्रस्तुत की गई है।

"Sociolinguistics importance of Kāśikā Vṛtti" इस शोधपत्र में जयादित्य और वामनकृत काशिकावृत्ति में उदाहरणों एवं प्रत्युदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत समाजभाषाविज्ञान से सम्बद्ध अभिव्यक्तियों का अध्ययन प्रस्तुत किया है।

"The Triad of Learning Strategy Based on Bhagvadgītā: A Conceptual Framework" इस शोध लेख में शिक्षा के मनोविज्ञान पर आधारित शैक्षिक अधिगम प्रणाली का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षा प्रविधि और कार्य सिद्धान्तों पर आधारित इस मॉडल को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में समाविष्ट कर इसका परीक्षण किया जा सकता है। ज्ञान के अधिगम के पश्चात् की प्रक्रिया के आधार पर इस मॉडल को विकसित करने की भी अपार सम्भावना पर इस लेख में विचार प्रस्तुत किया गया है।

"वाणीभूषण ग्रन्थ के आधार पर संस्कृत छन्दों का पाश्चात्त्य छन्दशास्त्र पर प्रभाव" शीर्षक शोधलेख में दामोदरमिश्र विरचित 'वाणीभूषण' ग्रन्थ के आधार पर आङ्ग्ल, लैटिन, फ्रेंच तथा स्पेनिश आदि पाश्चात्त्य भाषाओं के छन्दशास्त्र पर संस्कृत छन्दों के प्रभाव को सोदाहरण प्रस्तुत करने के साथ ही इस विषय में भावी काल में सम्भावित तुलनात्मक शोधसम्भावनाओं की ओर भी इङ्गित किया गया है।

"श्रीमद्भगवद्गीता और कुरुक्षेत्र में निहित साम्यवाद" इस शोध लेख में इस ग्रन्थ में प्रतिपादित साम्यवादी चिन्तन को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। गीता को सामरस्य और सामंजस्य से युक्त साम्यवाद का अपूर्व उद्घोष मानते हुए इसे साम्यवादी दृष्टि की आधारभूत पीठिका के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

"जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार" इस शोधपत्र में कुमारदास विरचित जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थविस्तार का विवेचन किया गया है।

"शाब्दिकमते लक्षणाविमर्शः" शीर्षक शोधपत्र में वैयाकरणों द्वारा सम्मत लक्षणा के स्वरूप पर विभिन्न ग्रन्थों के आधार पर विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

"Sanskrit Education : Bowing Heads to Tradition" नामक शोधलेख में भारतीय ज्ञान प्रणाली में संस्कृत शिक्षा का महत्त्व तथा वर्तमान में नूतन शिक्षानीति के प्रविधानों के आधार पर संस्कृतभाषा शिक्षण, अभ्यास और उसके वैश्विक प्रसार की आवश्यकता पर चर्चा की गई है।

"Preluding the Yoga-Vāsiṣṭha: An Inimitable Genre" यह शोधपत्र वेदान्तदर्शन के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'योग वाशिष्ठ' के अद्वितीय तथा विशिष्ट अद्वैत दार्शनिक चिन्तन, विशिष्ट प्रविधि, तथा इसके महत्त्व पर विचार के साथ ही आधुनिक विचारकों के द्वारा इसकी उपेक्षा के कारणों पर सर्वेक्षण प्रस्तुत करता है।

"नागेशभट्टपर्यालोचितभाष्यसम्मताष्टाध्यायीपाठ and Nonpāṇinian Grammars: A comparative study of variations in the अष्टाध्यायी rules" इस शोधलेख में 'नागेशभट्टपर्यालोचितभाष्यसम्मताष्टाध्यायीपाठ' इस ग्रन्थ के आधार पर प्राप्त पाणिनीय सूत्रों के पाठभेदों के आधार पर पाणिनीय व्याकरण तथा अन्य व्याकरणों (कातन्त्र, जैनेन्द्र, शाकटायन, चान्द्र आदि) का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है।

"मक्किभट्टः कश्चन अपूर्वः व्याख्यकारः" इस लेख में १४ वीं शती के विद्वान् और रघुवंश की विवरण टीका, गणितभूषणम्, गणितविलासम् आदि व्याख्यान ग्रन्थों के रचयिता मक्किभट्ट का रघुवंश के अन्य टीकाकार हेमाद्रि से पार्थक्य सप्रमाण निरूपित किया गया है।

"Reflections of Abhinavagupta on aesthetic experience" इस शोधपत्र में रस और सौन्दर्यशास्त्र के सम्बन्ध को स्पष्ट करते हुए भारतीय शैव दार्शनिक आचार्य अभिनवगुप्त की सौन्दर्य शास्त्रीय और रस सम्बन्धी अवधारणाओं पर शैव दर्शन के प्रभाव को स्पष्ट किया गया है।

"पण्डित विष्णुशर्मा कृत 'पञ्चतन्त्र' के अपरीक्षितकारकम् की वर्तमान में प्रासंगिकता" इस शोधपत्र में संस्कृत साहित्य के 'पञ्चतन्त्र' ग्रन्थ की नीति कथाओं के पञ्चम तन्त्र 'अपरिक्षितकारक' की वर्तमान समाज में प्रासङ्गिकता को दर्शाया गया है।

"Portrayal of the character of Draupadī in Bhaṭṭanārāyaṇa's Veṇīsaṃhāra" यह शोधपत्र नाटककार भट्टनारायण विरचित प्रसिद्ध नाटक 'वेणीसंहार' में चित्रित द्रौपदी के चरित्र के वैशिष्ट्य को रूपायित करता है।

"उपक्रमन्यायविमर्शः" इस शोधपत्र में आचार्य जैमिनि द्वारा प्रवर्तित वेद वाक्यार्थ निर्णायक न्यायों में अन्यतम उपक्रमन्याय के स्वरूप की समालोचना करते हुए यह भी प्रदर्शित किया गया है कि किन-किन स्थलों पर यह न्याय प्रवर्तित होता है, इसके प्रतिबन्धक क्या हैं तथा शास्त्रान्तर में इसका प्रयोग किस प्रकार सम्भव है।

"असिद्धवति लाघवसमीक्षणम्" अष्टाध्यायी में पाणिनि द्वारा शास्त्र लाघवार्थ प्रयुक्त विधाओं में असिद्धत्व का सिद्धान्त एक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है। प्रस्तुत शोधलेख में असिद्धवदत्राऽभात् सूत्र के द्वारा पाणिनि ने कितने सूत्रों का लाघव किया है, इस पर विमर्श प्रस्तुत किया गया है।

"भूमिच्छिद्र विधान का अभिलेखीय साक्ष्य" लेख में हर्ष के तीन ताम्रपत्रलेखों में भूमिच्छिद्र विधान में महत्त्वपूर्ण अभिलेखीय साक्ष्य हैं जो भूमिदान के सम्बन्ध में प्राचीन परम्परा के विधान को पुष्ट करते हैं।

"Survey of Holism and Multidisciplinary approach in Higher Education with Reference to Indian Knowledge System" इस शोध पत्र में शिक्षण के संबंध में भारतीय ज्ञान प्रणाली में निर्धारित समग्र शिक्षण एवं बहुविषयक शिक्षण अवधारणा के महत्त्व को स्थापित करने का और उनका विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है।

"विवेकचूडामणिदृशा व्यक्तित्वस्वरूपसमीक्षणम्" शीर्षक शोध पत्र में वेदान्तशास्त्र के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'विवेकचूडामणि' ग्रन्थ में प्रतिपादित व्यक्तित्व के स्वरूप उसके आधारभूत कारक, भेद आदि पर समीक्षा प्रस्तुत की गई है।

**सम्पादक**

❀❀❀

# विषयानुक्रमणी

i. सम्पादकीय ..... v

1. शमी का सांस्कृतिक, काव्यात्मक एवं वैज्ञानिक अनुशीलन
धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी ..... 1

2. कातन्त्रव्याकरणम्
शुभङ्करदासः ..... 23

3. The Economical Picture Reflected In The Drāmā Mṛccha-kaṭikam
Paromita Biswas ..... 31

4. वैदिक साहित्य में राष्ट्रिय चेतना
गोविन्द सरकार ..... 36

5. Analysis of Critical Claims against Sāmānya Padārtha by Buddhist Schools
Pooja ..... 40

6. श्रीगङ्गानन्दकवीन्द्र के काव्यदोष लक्षण की समीक्षा
ब्रजेश कश्यप ..... 47

7. Sociolinguistics importance of Kāśikā Vṛtti : A Study
Dharmendra Das ..... 53

8. The Triad of Learning Strategy Based on Bhagavad Gītā : A Conceptual Framework
Mangesh Pandey and Balram Pradhan ..... 66

9. "वाणीभूषण" ग्रन्थ के आधार पर संस्कृत छन्दों का पाश्चात्त्य छन्दशास्त्र पर प्रभाव
गढ़वी आनन्द महेशभाई ..... 84

10. श्रीमद्भागवद्गीता और कुरुक्षेत्र में निहित साम्यवाद
नीरज शर्मा ..... 91

11. जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार
नेहा जैन ..... 100

12. शाब्दिकमते लक्षणाविमर्शः
सदानन्द झा ..... 107

13. Sanskrit Education : Bowing Heads to Tradition
Indrajit Kumar ..... 115

14. Preluding the Yoga-Vāsiṣṭha: An Inimitable Genre
Shruti Sharma and Sharma Bhanu Bhupendra .. 119

15. नागेशभट्टपर्यालोचितभाष्यसम्मताष्टाध्यायीपाठ and Non-Pāṇinian grammars : A comparative study of variations in the अष्टाध्यायी rules
Tanuja Ajotikar ..... 129

16. 'मक्किभट्टः' कश्चन अपूर्वः व्याख्याकारः
बालचन्द्रकृष्णभट्टः ..... 152

17. Reflections of Abhinavagupta on Aesthetic Experience
Hari Ram Mishra ..... 159

18. पण्डित विष्णु शर्मा कृत पञ्चतन्त्र के अपरीक्षितकारकम् की वर्तमान में प्रासंगिकता
कुसुमलता टेलर ..... 169

19. Portrayal of the Character of Draupadī in Bhaṭṭanārāyaṇa's Veṇīsaṃhāra
Karabi Sarmah ..... 179

20. उपक्रमन्यायविमर्शः
देबनाथ पाल ..... 187

21. असिद्धवति लाघवसमीक्षणम्
अनिलकुमारसन्मुखः ..... 195

22. भूमिच्छिद्र विधान का अभिलेखीय साक्ष्य
सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ..... 206

23. Survey of Holism and Multidisciplinary approach in Higher Education with reference to Indian Knowledge Systems
Pooja ..... 211

24. विवेकचूडामणिदृशा व्यक्तित्वस्वरूपसमीक्षणम्
मनीषजुगरानः ..... 220

25. Contributors ..... 229

❀❀❀

# उशती

# UŚATĪ

**A RESEARCH JOURNAL DEVOTED TO SANSKRIT STUDIES IN GENERAL AND ŚĀSTRIC STUDIES IN PARTICULAR**

# शमी का सांस्कृतिक, काव्यात्मक एवं वैज्ञानिक अनुशीलन

धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी

सारांश

भारतीय परम्परा में वनस्पतियों की महत्ता को स्वीकार किया गया है। वनस्पतियों की परम्परा में शमीवृक्ष का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह उन वनस्पतियों में सम्मिलित है जो सांस्कृतिक और औषधीय दोनों ही दृष्टियों से उपयोगी हैं। यह पुंसवन, विवाह आदि संस्कारों में तो प्रयुक्त होता ही है, वास्तु और ज्योतिष की दृष्टि से यह अत्यन्त उपयोगी है। देवताओं से इसकी सम्बद्धता इसके महत्त्व को और भी अधिक बढ़ा देती है। आयुर्वेदीय निघण्टु ग्रन्थों में इसके अनेक पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख प्राप्त होता है जो इस वृक्ष के महत्त्व तथा विशेषता की ओर संकेत करते हैं। शमी का पूजन भी अत्यन्त फलदायी माना गया है। यही कारण है कि विजयादशमी के दिन सायंकाल इस वृक्ष की पुजा की जाती है। इसकी वृक्ष की पूजा का माहात्म्य पुराणों में विस्तार के साथ बताया गया है। वाल्मीकीय रामायण, कालिदासीय कव्यों में भी शमी का उल्लेख इस बात की ओर संकेत करता है कि कवियों ने इस वनस्पति का प्रयोग अपने काव्यों को समृद्ध करने के लिए किया है। विविध पुराणों और आयुर्वेदीय ग्रन्थों के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि इस वृक्ष में कई महत्त्वपूर्ण औषधीय गुण भी हैं।

(कूटशब्द – वनस्पति, शमी, संस्कृति, संस्कार, औषधीय गुण, ईश्वरत्व, ज्योतिष)

.....

## भूमिका

सांस्कृतिक और औषधीय दोनों ही दृष्टियों से शमी का महत्त्व सर्वविदित है। भारत में प्राचीनकाल से ही शमी के विविध गुणों की चर्चा प्राप्त होती है। इसका सबसे प्राचीन उल्लेख ऋग्वेद में प्राप्त होता है - 'ईजे यज्ञेभिः शशमे शमीभिः'।[1] यजुर्वेद में भी शमी का सन्दर्भ प्राप्त होता है जहाँ उसे वरुण का उत्थान करने वाला बताया गया है।[2] अथर्ववेद, ब्राह्मण ग्रन्थों[3], वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पुराणों तथा अवान्तरकालीन साहित्य तथा आयुर्वेद वाङ्मय में भी शमी का उल्लेख प्राप्त होता है।

सांस्कृतिक और औषधीय कार्यों के अतिरिक्त शमी के काष्ठ का प्रयोग कृषि उपकरणों को बनाने में किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसका उपयोग स्तम्भों, दरवाजों, खिड़कियों आदि बनाने में भी किया जाता है। अग्नि प्रज्वलित करने में इसकी गणना उत्कृष्ट लकड़ियों में होती है। मत्स्यपुराण में हिमालय की अनोखी शोभा तथा आश्रम का वर्णन करने के क्रम में अन्य वृक्षों के साथ शमीवृक्ष का उल्लेख भी प्राप्त होता है।[4] प्रियनिघण्टु में कहा गया है - जो बालुकामय मरुस्थली तथा प्रचण्ड वात में भी सानन्द विहार करती है, अपने अन्तस्तल में आग रखकर भी प्रसन्न रहती है तथा मनुष्यों के मद को शान्त करती है वह शमी है -

विहरति मरुदेशे सैकते तीव्रवाते वितरति फलपत्रान् प्राणिनां जीवनाय।
कलयति विशिखाग्निं स्वान्तरे सौमनस्या शमयति मनुजानां मत्ततां सा शमी स्यात्॥[5]

---

1 ऋ., 6/2/2
2 यजुः, 4/36
3 श.ब्रा., 2/5/2/12, 9/2/3/37, 13/8/4/1
4 म.पु., 118/1-10
5 प्रि.नि.ह.व., 166

शमीवृक्ष जङ्गलभूमि में शीघ्र वृद्धि को प्राप्त होते हैं।[6] शमीवृक्ष में बहुत सी पत्तियाँ होती हैं। ऐसा कहा जाता है कि शमी हेमन्त ऋतु में भी नहीं सूखता।[7] काश्यपीयकृषिसूक्ति ने अनेक धान्यबीजों में संरक्षण का परामर्श दिया है। शमी का बीज भी उनमें से एक है।[8] अन्य वृक्षों के साथ शमी वृक्षों का आरोपण प्रशंस्य माना जाता है। इनका प्रयासपूर्वक आरोपण किया जाना चाहिए। आरोपण के अनन्तर संरक्षण और सिञ्चन की बात भी कही गई है। अग्नि, हिंसक जन्तुओं और चोरों से इन वृक्षों की सायास रक्षा की जानी चाहिए। नदी तटों पर इनका आरोपण और भी अधिक प्रशंसनीय माना जाता है।[9]

## शोधप्रविधि

इस शोधालेख को तैयार करने में शोध की पुस्तकावलोकन विधि का अनुसरण किया गया है। इसके अतिरिक्त साक्षात्कार विधि का भी आश्रय लिया गया है जिसके अन्तर्गत विषय के लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त किया गया है।

## शमी की उत्पत्ति

वामनपुराण के अनुसार कात्यायनी दुर्गा से शमी की उत्पत्ति हुई है - कात्यायन्याः शमी जाता [10]। अतः शमी वृक्ष में भगवती का निवास बताया गया है और इसी कारण शमीवृक्ष के लिए शिवा, ईशानी, लक्ष्मी, शुभकरी, मङ्गल्या, भद्रा, शङ्करी, शिवाफला आदि संज्ञाओं का प्रयोग किया जाता है।

## शमी का स्वरूप और रासायनिक संघटन

शमी का वृक्ष छोटा और मध्यमप्रमाण कंटकित होता है। इसका काण्ड-त्वक् धूसर, रुक्ष, शाखाएं झुकी हुईं होती हैं। इसके पत्र छोटे क्षोदलिप्त होते हैं जिनके दो जोड़े, 1-2 इञ्च लम्बे पक्ष तथा आधे इञ्च तक लम्बे, अवृन्त, जिह्वाकार, 8-12 जोड़े पत्रक होते हैं। पुष्प छोटे, पीताभ, अक्षीय या अन्त्य 2-3 इञ्च लम्बी मञ्जरियों में होते हैं। फली 4-6 इञ्च लम्बी, चौथाई इञ्च मोटी, सीधी, चिकनी, लंवगोल, बीच-बीच में संकुचित होती है जिसमें 10-15 भूरे रंग के आयताकार चपटे बीज होते हैं। शीतकाल में पुष्प और वर्षा में फल होते हैं। पत्तियों में नाइट्रोजन 2.9, फास्फोरस 0.4, पोटाशियम 1.4 और कैल्शियम 2.8 प्रतिशत होता है। पुष्पों में पैंटुलिट्रिन नामक एक फ्लेवोन ग्लाइकोसाईड निकाला गया है। शाखाओं से एक पीताभ गोंद निकलती है जिसके जल में मिलाने पर एक गहरे रंग का स्वादरहित लुआब बनता है।[11]

## शमी तथा उसके पर्यायवाची शब्द

निघण्टुग्रन्थों में शमी के अनेक पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख प्राप्त होता है। ये सभी पर्यायवाची शब्द सोद्देश्य हैं। ये सभी शमी के गुणधर्म, वैशिष्ट्य आदि की ओर संकेत करते हैं। विभिन्न निघण्टु ग्रन्थों में परिगणित शमी के पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख आगे किया जा रहा है -

---

6 वृ., 42
7 अ.चि.वि., पृ.379
8 का.कृ.सू., 1/395
9 वही, 2/143-155
10 वा.पु., 17/8
11 द्र.गु.वि., पृ.481-482

## भावप्रकाश निघण्टु -

शमी, शक्तुफला, तुङ्गा, केशहन्त्री, शिवाफला, मङ्गल्या तथा लक्ष्मी ये सब हैं। छोटे शमीवृक्ष का नाम 'शमीर' है -

शमी शक्तुफला तुङ्गा केशहन्त्री शिवाफला।
मङ्गल्या च तथा लक्ष्मीः शमीरः साल्पिका स्मृता॥[12]

## कैयदेव निघण्टु -

लक्ष्मी, शिवा, सीता, मङ्गल्या, केशहृत्फला, पवित्रपत्रा, आशवती, तुङ्गा, सक्तुफला, रसा ये शमी के पर्यायवाची हैं -

शमी लक्ष्मी शिवा सीता मङ्गल्या केशहृत्फला।
पवित्रपत्राशवती तुङ्गा सक्तुफला रसा॥[13]

## मदनपाल निघण्टु -

तुङ्गा, शङ्कुफला, पवित्रा, केशहृत्फला, लक्ष्मी, शिवानी, आधिमती, भूशमी और शङ्कराह्वया आदि नाम शमी के पर्यायवाची कहे जाते हैं -

शमी तुङ्गा शङ्कुफला पवित्रा केशहृत्फला।
लक्ष्मी शिवान्याधिमती भूशमी शङ्कराह्वया॥[14]

## राजनिघण्टु -

शमी, शान्ता, तुङ्गा, कचरिपुफला, केशमथनी, शिवा, ईशा, नौ, लक्ष्मी, तपनतनुनष्टा, शुभ-करी, हवि, गन्धा, मेध्या, दुरितशमनी, शंकुफलिका, सुभद्रा, मङ्गल्या, सुरभि, शापापशमनी, भद्रा, शङ्करी, केशहन्त्री, शिवाफला, सुपत्रा तथा सुखदा ये सब शमी वृक्ष के पच्चीस नाम हैं -

शमी शान्ता तुङ्गा कचरिपुफला केशमथनी।
शिवेशा नौर्लक्ष्मीस्तपनतनुनष्टा शुभकरी॥
हविर्गन्धा मेध्या दुरितशमनी शङ्कुफलिका।
सुभद्रा मङ्गल्या सुरभिरथ शापापशमनी॥[15]

## धन्वन्तरिनिघण्टु -

शङ्कुफला, तुङ्गा, केशहन्त्री, शिवा, ईशानी, शङ्करी, लक्ष्मी, मङ्गल्या और पापनाशिनी ये सब शमी के पर्यायवाची हैं -

शमी शङ्कुफला तुङ्गा केशहन्त्री शिवा फला।
ईशानी शङ्करी लक्ष्मीर्मङ्गल्या पापनाशिनी॥[16]

## प्रियनिघण्टु -

शमी, लक्ष्मी, सक्तुफला और केशहन्त्री ये पर्यायवाची हैं -

---

12 भा.नि.वट.व., 72
13 कै.नि.ओ.व., 1083-84
14 म.नि.वट.व., 63
15 रा.नि.शा.व., 33
16 ध.नि.आ.व., 86

शमी लक्ष्मीः सत्फला केशहन्त्री च कथ्यते।[17]

अब कतिपय महत्त्वपूर्ण पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख करते हुए उसके उस नामकरण के कारण को रेखाङ्कित किया जा रहा है -

- शमी - यह आग के दाह को कम तथा शमन करता है। इसलिए इसका नाम शमी पड़ा - अग्निदाहशमनहेतुर्वृक्षः शमी।
- ईशा - यह भगवती दुर्गा को अत्यन्त प्रिय है।
- केशमथनी, केशहन्त्री, केशहृत्फला - यह केशों का नाश/हरण करने वाली है।
- गन्धा - यज्ञाग्नि में डालने पर उससे सुगन्ध निकलता है।
- तुङ्गा - यह अत्यन्त उन्नत वनस्पति है तथा यह भगवती पार्वती को प्रिय है।
- दुरितशमनी - इसका प्रयोग पापों का शमन करने वाला है।
- पवित्रपत्रा - पूजन, यजन आदि में इसका प्रयोग किया जाता है तथा इसके पत्तों को पवित्र माना जाता है।
- मङ्गल्या - माङ्गलिक कार्यों में इसका प्रयोग होता है।
- मेध्या - इसे यज्ञों के लिए अत्यन्त उपयुक्त माना जाता है।
- लक्ष्मी - इसके पत्ते भगवती लक्ष्मी को अत्यन्त प्रिय है।
- शंकुफलिका - इसके फल शंकु के आकार के होते हैं।
- शुभकरी - यह शुभ फलों को प्रदान करने वाली है।
- सुखदा - यज्ञों में इसका प्रयोग सुखकारक है।
- हवि - यज्ञों में इसका प्रयोग हवि के रूप में होता है।

## शमी का सांस्कृतिक महत्त्व

भारतीय परम्परा में व्रत एवं पूजा आदि में पुष्पों का प्रयोग अत्यन्त प्रशंस्य है। इसी क्रम में पञ्चपुष्पों कि चर्चा प्राप्त होती है जिसमें शमी भी सम्मिलित है। शमी के अतिरिक्त अन्य पुष्प हैं - चम्पक, आम्र, पद्म और करवीर - 'चम्पकाम्रशमीपद्म करवीरं च पञ्चमम्'।[18]

पुंसवन संस्कार में शमी का प्रयोग किया जाता है -

शमीमश्वत्थ आरूढस्तत्र पुंसुवनं कृतम्।[19]

अर्थात् शमी पर जब अश्वत्थ आरूढ़ होता है, तो पुंसवन किया जाता है।

अथर्ववेद में वैदिक ऋषि उपरिबभ्रव प्रार्थना करते हैं कि हे शमी, आपका आनन्ददायक रस केश उत्पादक एवं वर्धक होता है जिससे आप पुरुष को हर्षयुक्त करते हैं। आप सैकड़ों शाखायुक्त होकर बढ़ें। सौभाग्यकारिणी, वर्षा के जल से वर्धित हे शमी औषधे, माता जिस प्रकार पुत्रों को सुख देती है, उसी प्रकार आप केशों के लिए सुखकारी हों -

यस्ते मदोऽवकेशो विकेशो येनाभिहस्यं पुरुषं कृणोषि।
आरात्त्वदन्या वनानि वृक्षि त्वं शमि शतवल्शा वि रोह॥
बृहत्पलाशे सुभगे वर्षवृद्ध ऋतावरि।
मातेव पुत्रेभ्यो मृड केशेभ्यः शमि॥[20]

---

17 प्रि.नि.ह.व., 165

18 व्र.प., पृ.18

19 अ.वे., 6/11/1

20 वही, 6/30/2-3

हिन्दू धर्म में शमी भगवती लक्ष्मी के लिए एक पवित्र एवं पूजनीय वृक्ष माना जाता है। यही कारण है कि शमी के अनेक पर्यायों में लक्ष्मी भी एक है। विशिष्ट पर्व पर इसकी पूजा की जाती है। शमीपत्रों का प्रयोग विविध संस्कारों में किया जाता है।

शमीपत्रों से भगवान् शिव की पूजा करने वाला मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर लेता है - 'शमीपत्रै-स्तथा मुक्तिः प्राप्यते पुरुषेण च'।[21]

भद्रमण्डल आदि की पूजनविधि के क्रम में शमी का उल्लेख प्राप्त होता है जहाँ कहा गया कि शमीपत्र आदि से श्याम रंग का कार्य करना चहिए - शमीपत्रादिकैः श्यामं .....।[22]

सन्पनोत्सव के क्रम में पूर्वदिशावर्ती नवक में घृतपूर्ण कुम्भ रखना चाहिए जिसमें पलाश, अश्वत्थ, वट, बिल्व, उदुम्बर, प्लक्ष, जम्बू, शमी तथा कपित्थ वृक्ष की छाल का क्वाथ डालना चाहिए -

ऐन्द्रे तु नवके मध्ये घृतपूर्णं घटं न्यसेत्।
पलाशाश्वत्थन्यग्रोधबिल्वोदुम्बरशीरिषाम्॥
जम्बूशमीकपित्थानां त्वक्कषायैर्घटाष्टकम्।[23]

## शमी का माहात्म्य एवं उसका ईश्वरत्व

वैदिक संहिताओं और ब्राह्मणों में ऐसे प्रसङ्ग आते हैं जिनमें कहा गया है कि जब अग्नि सर्वप्रथम पृथिवी पर अपने प्रचण्डरूप में प्रकट हुई तो उस समय देवता लोग भयाक्रान्त हो गए। ऐसी स्थिति को देखकर शमी ने देवताओं के भय को शान्त किया।[24]

शमी की लकड़ी से आग की लपटें हल्की निकलती हैं जिसके कारण यह बहुत तेज एवं शीघ्रातिशीघ्र न जलकर धीरे-धीरे देर तक जलती है।[25]

विजयादशमी को सायंकाल शमीपूजा का विधान शास्त्रों में किया गया है। आश्विनशुक्ल दशमी को श्रवण का सहयोग होने से विजयादशमी होती है। आश्विन शुक्ल दशमी के सायंकाल में तारा उदय होने के समय 'विजयकाल' रहता है। वह सब कामों को सिद्ध करता है। उस दिन प्रातःकाल स्नान करके देवताओं, अस्त्र-शस्त्रादिकों और पूजनीय गुरुजन आदि का यथाविधि पूजन करके अपराह्णकाल में स्वपुर से बाहर ईशानकोण में शमी के समीप जाकर शमी के मूल की भूमि का जल से प्रोक्षण करना चाहिए और पूर्व या उत्तर मुख बैठकर शमी का पूजन करना चाहिए। कहा गया है कि भक्तों को अभय करने वाले शमीयुक्त जगन्नाथ की पूजा करके फिर शमी वृक्ष की पूजा करनी चाहिए। शमीवृक्ष से यह प्रार्थना करनी चाहिए - सम्पूर्ण अमङ्गलों को शान्त करने वाली, समस्त दुष्कृतों को शमन करने वाली, और दुःस्वप्नों का नाश करने वाली धन्य तथा शुभरूपिणी शमी की शरण में मैं प्राप्त होता हूँ। शमी पापों को शान्त करती है, शमी के श्वेतकण्टक हैं, शमी अर्जुन के बाणों को धारण करने वाली और रामचन्द्र की प्रियवादिनी है। रामचन्द्र के द्वारा पूजी हुई हे शमी, यथावसर सुखपूर्वक जो मैं यात्रा करूंगा, उसमें तुम विघ्नों का नाश करो -

अमङ्गलानां शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।

---

21 शि.पु.रु.सं., 14/31
22 अ.पु., 31/20
23 वही, 69/8-9
24 अ.चि.वि., पृ.379
25 वही, पृ.379

दुःस्वप्ननाशिनीं धन्यां प्रपद्येऽहं शमीं शुभाम् ॥
शमी शमयते पापं शमी लोहितकण्टका ।
धारिण्यर्जुनबाणानां रामस्य प्रियवादिनी ॥
करिष्यमाणयात्रायां यथाकालं सुखं मया ।
तत्र निर्विघ्नकर्त्रीत्वं भव श्रीरामपूजिते ॥[26]

इसके पश्चात् शमी के पत्ते लेकर, उनमें थोड़ी सी मृत्तिका और कुछ तण्डुल तथा सुपारी रखकर कपड़े में बाँध लेना चाहिए और कार्यसिद्धि की कामना से अपने पास रखना चाहिए।[27]

गणेशाराधना में शमीपत्र का महत्त्व गणेशपुराण में बताया गया है। भगवान् गजानन ब्रह्माजी से कहते हैं - आप शमीपत्र की महान् फलप्रद महिमा को सुनिए। न यज्ञों के द्वारा, न दानों से, न सैकड़ों-करोड़ों व्रतों से, न जपों से अथवा न विविध प्रकार के पूजनों से, न कमल पुष्पों के अर्पण से और न अन्य पुष्पों से मुझको वैसी सन्तुष्टि प्राप्त होती है, जैसी कि शमीपत्र को अर्पण करने से होती है। 'शमी' इस नाम के उच्चारणमात्र से ही वाणी द्वारा किया गया समस्त पाप नष्ट हो जाता है। शमी का स्मरण कर लेने से मानस पाप तथा उसका स्पर्श कर लेने से शारीरिक पाप नष्ट हो जाते हैं। शमी का नित्य पूजन करने से, उसका ध्यान करने से तथा श्रद्धाभक्ति से उसका वन्दन करने से निर्विघ्नता, आयुष्य तथा ज्ञान की प्राप्ति होती है और पाप का क्षय भी हो जाता है। समस्त इच्छाओं की पूर्ति हो जाती है और मन की चंचलता दूर हो जाती है, इसमें कोई संशय नहीं है।[28]

पुनः इसी पुराण में आगे कहा गया है कि व्रत, दान, तपस्या, विविध तीर्थों का सेवन, ग्रीष्म में पञ्चाग्निसाधना और हेमन्त ऋतु में जल में निवास करने से वह फल प्राप्त नहीं होता, जो कि शमी पत्रों के द्वारा गणेशजी का पूजन करने से प्राप्त होता है। प्रातःकाल में अथवा तीनों सन्ध्याकालों में जो भगवान् गणेशजी का ध्यान करके भक्तिभावपूर्वक शमी का स्मरण करता है, उसकी वन्दना करता है अथवा पूजन करता है, भगवान् विनायक उस पर प्रसन्न हो जाते हैं, उसे मनोभिलषित पदार्थों को देते हैं और अन्त में मोक्ष प्राप्त करा देते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है।[29]

भगवान् गजानन ने कहा है कि जो व्यक्ति मन्दारवृक्ष की जड़ों से मेरी मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करेगा और शमीपत्रों के द्वारा तथा दूर्वादलों से मेरा पूजन करेगा, वह मुझे अत्यन्त प्रीति पहुँचायेगा क्योंकि ये तीनों संसार में अत्यन्त दुर्लभ हैं।[30] पुनः भगवान् ने कहा है कि शमीपत्र से की गई पूजा, दूर्वा तथा मन्दार-दोनों से की गई पूजा का फल प्रदान करती है। इसमें विचार की कोई आवश्यकता नहीं है। विविध प्रकार के यज्ञों, विविध प्रकार के तीर्थों के सेवन एवं व्रतों से तथा विविध दानों एवं नियमों के पालन से व्यक्ति वह पुण्य नहीं प्राप्त करता है, जो पुण्यफल शमीपत्रों के द्वारा मेरी पूजा करने से प्राप्त होता है। मैं न तो धन-वैभव से, न सुवर्ण राशियों से, न विविध प्रकार के अन्न के दानों से, न वस्त्रों से, न विविध पुष्पों के अर्पण करने से, न मणिसमूहों से, न मोतियों से वैसा सन्तुष्ट होता हूँ, जैसा कि शमीपत्रों के पूजन से प्रसन्न होता हूँ। जो प्रातःकाल उठकर शमी का दर्शन करता है, उसे प्रणाम करता है और उसका पूजन करता है, वह न तो कष्ट, न रोग, न विघ्न और न बन्धन को प्राप्त होता है। मेरे कृपाप्रसाद से वह स्त्री, पुत्र, धन, पशु, तथा अन्य सभी

---

26 नि.सि., पृ.323-324
27 व्र.प., पृ.123-124
28 ग.पु.-उ./क्री.ख./32/2-6
29 वही 33/55-59
30 वही 35/19

कामनाओं को प्राप्त कर लेता है, मेरी शरण ग्रहण करने से वह अन्त में मुक्ति प्राप्त करता है।[31]

भगवान् गजानन ने यह भी कहा है कि जिसने मुझे शमीपत्र अर्पित कर दिया, उसने मानो सम्पूर्ण भुवन ही दे दिया, उसे सौ भार सुवर्ण दान करने का फल मिलेगा।[32]

शमीपुष्पों से भगवान् शिव की पूजा करने का विधान लिंगपुराण में किया गया है।[33] अन्य पुष्पों और पत्रों के अतिरिक्त शमीपत्र भी भगवान् भास्कर को भी अत्यन्त प्रिय है।[34] सूर्याराधन के क्रम में सहस्र कुशपुष्पों से शमीपत्र की विशेषता अधिक बताई गई है -

कुशपुष्पसहस्रेभ्यः शमीपत्रं विशिष्यते।[35]

नारदपुराण में कहा गया है कि यदि मनुष्य गयाशिरतीर्थ में शमीपत्र के बराबर भी पिण्डदान करता है तो वह जिसके नाम से पिण्डदान करता है, उसे सनातन ब्रह्मपद को पहुँचा देता है।[36]

अग्निपुराण में भी इसका संकेत किया गया है। कहा गया है कि गयाशीर्ष में शमी के पत्ते के बराबर पिण्ड देने से भी नरकों में पड़े हुए पितर स्वर्ग को चले जाते हैं और स्वर्गवासी पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है -

शमीपत्रप्रमाणेन पिण्डं दत्वा गयाशिरे।
नरकस्था दिवं यान्ति स्वर्गस्था मोक्षमाप्नुयुः ॥[37]

श्रीहरि पूजा में बिल्वपत्रों एवं शमीपत्रों के प्रयोग से परमगति सुलभ होती है -

मुक्तिभागी बिल्वपत्रैः शमीपत्रैः परा गतिः ॥[38]

तैत्तिरीयब्राह्मण में बताया गया है कि प्रजापति ने अग्नि की रचना की, लेकिन वे स्वयं उसकी विनाशकारी शक्ति से भयभीत थे। उन्होंने शमी के पेड़ की डाली से आग का शमन किया। इसलिए, पेड़ को उपयुक्त रूप से शमी नाम दिया गया है। इस वृक्ष के संभार का उपयोग करने से पूजा करने वाला शांत जीवन व्यतीत करता है क्योंकि उसके अग्नि जैसे दुःखों का नाश हो जाता है -

प्रजापतिरग्निमसृजत। सोऽबिभेत्प्रमा धक्ष्यतीति। तं शम्या शमयत्। तच्छम्यै शमित्वम्। तच्छमीमयस्सम्भारो भवति। शान्त्या अप्रदाहाय।[39]

यज्ञ में आवश्यक अग्नि शमी की लकड़ी को पीपल से रगड़ने से उत्पन्न होती है। केवल इस तरह से उत्पन्न अग्नि ही वैदिक संस्कारों के लिए उपयुक्त है -

शमीगर्भादग्निं मन्थति। एषा वा अग्नेर्यज्ञिया तनूः। तामेवास्मै जनयति।[40]

---

31 वही 35
32 वही 37/13
33 लिं.पु.-1/79/17, 1/92/175
34 भ.पु.-ब्रा.प./115/23-29
35 वही 163/61
36 ना.पु.-उ.भा./45/97
37 अ.पु.-115/46-47
38 वही 202/6
39 तै.ब्रा.-1-1-3
40 वही 1-1-9

## यज्ञ और शमी

यज्ञ में पीपल की लकड़ी से उत्तराणि और शमी की लकड़ी से अधराणि बनाकर दोनों को आपस में रगड़कर अग्नि उत्पन्न की जाती थी। इसे प्रकृति एवं पुरुष का प्रतीक माना गया है। इनके संयोग से ही सृष्टि की उत्पत्ति मानी गई है।[41]

## यज्ञ की समिधा के रूप में शमी

शमी को यज्ञीय वृक्ष माना जाता है। मत्स्यपुराण में हवनकार्य में नवग्रहों के निमित्त भिन्न-भिन्न समिधाओं से हवन करने की बात कही गई है। मत्स्यपुराण के अनुसार मन्दार, पलाश, खैर, चिचिड़ा, पीपल, गूलर, शमी, दूब और शमी - ये क्रमशः सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु तथा केतु ग्रहों की समिधाएं हैं -

अर्कः पलाशखदिरावपामार्गोऽथ पिप्पलः।
औदुम्बरः शमी दूर्वा कुशाश्च समिधः क्रमात्॥[42]

अग्निपुराण में भी इसका उल्लेख प्राप्त होता है।[43] भविष्यपुराण में इसे और भी अधिक स्पष्टता के साथ बताया गया है -

दुःस्थान्ग्रहांश्च विज्ञाय ग्रहशान्तिं समाचरेत्।
प्रादेशमात्राः कर्तव्याः समिधोऽथ प्रमाणतः॥
अर्कमय्यो रवेः कार्या पालाश्यः शशिनः स्मृताः।
खादिर्यश्चैव भौमाय अपामार्ग्योऽब्जसूनवे॥
आश्वत्थ्यश्चाथ जीवाय औदुम्बर्यः सिताय च।
असिताय शमीमय्यो दूर्वा कार्यस्तु राहवे॥
केतवे तु कुशाः कार्याः दक्षिणाश्चाप्यतः शृणु।[44]

अर्थात् अरिष्ट स्थान में स्थित ग्रहों को देखकर उनकी शान्ति तो करनी ही चाहिए जिसमें समिधाएं प्रदेशमात्र तर्जनी और अंगूठे के मध्यभाग के समान ही लम्बी होती हैं। उन्हें समेत सूर्य के लिए अर्क (मन्दार), चन्द्रमा के लिए पलाश, मंगल के लिए खैर, बुध के लिए चिचिरा, बृहस्पति के लिए पीपल, शुक्र के लिए गूलर, शनि के लिए शमी, राहु के लिए दूर्वा एवं केतु के लिए कुशा की समिधाओं में हवन करके दक्षिणा देनी चाहिए।

याज्ञवल्क्यस्मृति में इसी बात को बताया गया है। यहाँ यह भी कहा गया है कि एक-एक ग्रह के लिए आठ सौ या अट्ठाइस-अट्ठाइस समिधाएं मधु और घी या दही या दूध से युक्त कर हवन करनी चाहिए।[45]

लिंगपुराण में कहा गया है कि शिवपूजा के क्रम में होम में लगाई जाने वाली लकड़ी शमी या पीपल की होनि चाहिए। ये 16 अंगुल लम्बी होनी चाहिए। इसको साफ करके रखना चाहिए। तत्पश्चात् हृदय मन्त्र से शक्तिन्यास कृत्य पूरा करते हुए और वह्नि बीज मन्त्र को दोहराते हुए अग्नि उत्पन्न करनी चाहिए। यज्ञ की लकड़ियों के टुकड़े लम्बाई में प्रवेश मात्र होने चाहिए। उनको मौन

41 अ.चि.वि.-पृ. 379
42 म.पु.-93/27
43 अ.पु.-167/8
44 भ.पु.-ब्रा.प./56/21-24
45 या.स्मृ.-1/302-303

होकर रखना चाहिए। क्रम से पूर्व दिशा से प्रारम्भ करके आठो दिशाओं में जल के छिड़काव के द्वारा परिसम्मोहन कृत्य किया जाना चाहिए -

शमीपिप्पलसंभूतामरणीं षोडशांगुलाम्।
मथित्वा वह्निबीजेन शक्तिन्यासं हृदैव तु॥
प्रक्षिपेद्विधिना वह्निमन्वाधाय यथाविधिः।
तूष्णीं प्रादेशमात्रैस्तु याज्ञिकैः शकलैः शुभैः॥
परिसम्मोहनं कुर्याज्जलेनाष्टसु दिक्षु वै।
परिस्तीर्य विधानेन प्रागाद्येवमनुक्रमात्॥[46]

## शमी का ज्योतिषीय महत्त्व

शमीवृक्ष से भूमिगत जल का पता लगाने में सहायता मिलती है।[47] बृहत्संहिता में कहा गया है कि जहाँ पर अनेक गाँठों से युक्त शमी वृक्ष हो उसके उत्तर वल्मीक हो तो उस शमी वृक्ष के पश्चिम पाँच हाथ पर पचास पुरुष नीचे जल होता है -

ग्रन्थिप्रचुरा यस्मिन् शमी भवेदुत्तरेण वल्मीकः।
पश्चात् पञ्चकरान्ते शतार्धसंख्यैर्नरैः सलिलम्॥[48]

जहाँ पर पलाश के वृक्ष से युक्त शमी वृक्ष हो वहाँ उन वृक्षों से पश्चिम पाँच हाथ पर साठ पुरुष नीचे जल होता है। यहाँ पर आधा पुरुष नीचे सर्प और उसके नीचे रेत मिली हुई पीली मिट्टी मिलती है -

सपलाशा यत्र शमी पश्चिमभागेऽम्बु मानवैः षष्ट्या।
अर्धनरेऽहिः प्रथमं सबालुका पीतमृत्परतः॥[49]

जहाँ सफेद काँटों से युत शमी वृक्ष हो वहाँ उस वृक्ष से दक्षिण एक हाथ पर पचहत्तर पुरुष नीचे जल रहता है। यहाँ पर खोदने से आधा पुरुष नीचे सर्प होता है -

श्वेता कण्टकबहुला यत्र शमी दक्षिणेन तत्र पयः।
नरपञ्चकसंयुतया सप्तत्याहिर्नरार्धे च॥[50]

बृहत्संहिता में प्रतिमा निर्माण के लिए वर्णानुसार काष्ठों का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार देवदारू, चन्दन, शमी और महुआ ब्राह्मणों के लिए नीम्, पीपल, खैर और बेल क्षत्रियों के लिए, जीवक, खैर, सिंधुक और स्यन्दन वैश्यों के लिए तथा तिन्दुक, नागकेसर, सर्ज, अर्जुन और शाल शूद्रों के लिए शुभदायक हैं -

सुरदारुचन्दनशमीमधूकतरवः शुभाद्विजातीनाम्।
क्षत्रस्यारिष्टाश्वत्थखदिरबिल्वा विवृद्धिकराः॥
वैश्यानां जीवकखदिरसिन्धुकस्यन्दनाश्च शुभफलदाः।
तिन्दुककेसरसर्जार्जुनाम्रशालाश्च शूद्राणाम्॥[51]

46 लिं.पु.-2/25/8-10
47 विश्ववल्लभ-I B/8
48 बृ.सं.-54/81
49 वही 54/83
50 वही 54/85
51 वही 59/5-6

शमी का सम्बन्ध शनि से बताया गया है। विभिन्न रूपों में शमी का प्रयोग शनि ग्रह के प्रतिकूल प्रभावों को दूर कर देता है। अतः कुण्डली में शनि ग्रह अनुकूल स्थान पर स्थापित हो तो इसका प्रयोग सुख, समृद्धि, लम्बी आयु आदि का कारक होता है।

भारतीय परम्परा में ग्रहों एवं नक्षत्रों से सम्बन्धित वृक्षों का विवेचन प्राप्त होता है। नक्षत्रों के वर्णन क्रम में शमी वृक्ष को धनिष्ठा नक्षत्र का वृक्ष बताया गया है। धनिष्ठा नक्षत्र से ही शमी की उत्पत्ति हुई है। अतः धनिष्ठा नक्षत्र में शमी की पूजा करनी चाहिए।[52]

होराचक्र में मकर और कुम्भ लग्न का सम्बन्ध भी शमी से ही है। अतः मकर और कुम्भ लग्न के जातकों को शमी वृक्ष का आरोपण करना चाहिए।[53]

## वास्तु और शमी

शमी उन वृक्षों के समूह में सम्मिलित है जिनसे सुशोभित घर लक्ष्मी का विस्तार करता है -

पुन्नागाशोकबकुलशमीतिलकचम्पकान्।
दाडिमीपिप्पलीद्राक्षास्तथा कुसुममण्डपान्॥
जम्बीरपूगपनससद्रुमकेतकीभिर्जातीसरोजशतपत्रिकमल्लिकाभिः।
बन्नारिकेलकदलीदलपाटलाभिर्युक्तं तदत्र भवनं श्रियमातनोति॥[54]

अर्थात् पुन्नाग, अशोक, मौलसिरी, शमी, तिलक, चम्पा, अनार, पीपली, दाख, अर्जुन, जंबीर, सुपारी, कटहल, केतकी, मालती, कमल, चमेली, मल्लिका, नारियल, केला एवं पाटल इन वृक्षों से सुशोभित घर लक्ष्मी का विस्तार करता है।

बृहत्संहिता में कहा गया है कि कांटेदार वृक्ष के गृह-समीप में रहने से शत्रु भय होता है। दूध वाला वृक्ष गृह समीप में रहने से धन नाश होता है। फल वाले वृक्ष के गृह समीप में रहने से सन्तति का नाश होता है। इनके काष्ठ भी गृह में लगाने से शुभ नहीं होता है। यदि उपर्युक्त कांटेदार आदि वृक्षों को काटकर उनकी जगह पुन्नाग, अशोक, अरिष्ट, वकुल, कटहल, शमी या शाल रोप दिए जाएं तो उपर्युक्त दोष नहीं लगते -

आसन्नाः कण्टकिनो रिपुभयदाः क्षीरिणोऽर्थनाशाय।
फलिनः प्रजाक्षयकरा दारुण्यपि वर्जयेदेषाम्॥
छिन्द्याद्यदि न तरूंस्तान् तदन्तरे पूजितान् वपेदन्यान्।
पुन्नागाशोकारिष्टबकुलपनसान् शमीशालौ॥[55]

वास्तुसारसङ्ग्रह में भी शमी वृक्ष को गृह के समीप शुभ माना गया है।[56] यतः शमी की गणना शुभ वृक्षों में की जाती है, अतः इसका काटना निषिद्ध है।[57]

---

52 बृ.दै.र.-24/122
53 ज्यो.व.- पृ. 109
54 म.पु.-255/23-24
55 बृ.सं.-53/86-87
56 वा.सा.सं.-19/54
57 वही 19/65

## शमी से जुड़ी रोचक कथा

शमी से सम्बद्ध एक रोचक कथा महाभारत में प्राप्त होती है। वैशम्पायन ने जनमेजय को सम्बोधित करते हुए कहा - एक बार शमी के गर्भ में छिप जाने के कारण कहीं अग्नि देव का दर्शन नहीं हो रहा था और सम्पूर्ण जगत् के प्रकाश अथवा दृष्टिशक्ति के विनाश की घड़ी उपस्थित हो गई। तब सब देवता सर्वलोकपितामह ब्रह्माजी कि सेवा में उपस्थित हुए और बोले - 'प्रभो भगवन् अग्निदेव अदृश्य हो गए हैं। इसका क्या कारण है, यह हमारी समझ में नहीं आ रहा। सम्पूर्ण भूतों का विनाश न हो जाए, इसके लिए अग्निदेव को प्रकट कीजिए' -

नष्टो न दृश्यते यत्र शमीगर्भे हुताशनः।
लोकालोकविनाशे च प्रादुर्भूते तदानघ॥
उपतस्थुः सुरा यत्र सर्वलोकपितामहम्।
अग्निः प्रणष्टो भगवान् कारणं च न विद्महे॥
सर्वभूतक्षयो मा भूत् सम्पादय विभोऽनलम्।[58]

इसपर जनमेजय ने वैशम्पायन से कहा - ब्रह्मन् लोकभावन भगवान् अग्नि क्यों अदृश्य हो गए थे और देवताओं ने कैसे उनका पता लगाया? यह यथार्थ रूप से बताइये -

किमर्थं भगवानग्निः प्रणष्टो लोकभावनः।
विज्ञातश्च कथं देवैस्तन्ममावक्ष्य तत्त्वतः॥[59]

इसपर वैशम्पायन ने कहा - राजन् एक समय की बात है कि प्रतापी भगवान् अग्निदेव महर्षि भृगु के शाप से अत्यन्त हो शमी के भीतर अदृश्य हो गए। उस समय अग्निदेव के दिखाई न देने पर इन्द्रसहित सम्पूर्ण देवता बहुत दुःखी हो उनकी खोज करने लगे। तत्पश्चात् अग्नितीर्थ में जाकर देवताओं ने अग्नि को शमी के गर्भ में विधिपूर्वक निवास करते हुए देखा। इन्द्रसहित सब देवता बृहस्पति को आगे करके अग्निदेव के समीप आए और उन्हें देखकर बड़े प्रसन्न हुए। फिर वे जैसे आए थे, वैसे लौट गए और अग्निदेव महर्षि भृगु के शाप से सर्वभक्षी हो गए। उन ब्रह्मवादी मुनि ने जैसा कहा था, वैसा ही हुआ -

भृगोः शापाद् भृशं भीतो जातवेदाः प्रतापवान्।
शमीगर्भमथासाद्य ननाश भगवांस्ततः॥
प्रणष्टे तु तदा वह्नौ देवाः सर्वे सवासवाः।
अन्वैषन्त तदा नष्टं ज्वलनं भृशदुःखिताः॥
ततोऽग्नितीर्थमासाद्य शमीगर्भस्थमेव हि।
ददृशुर्ज्वलनं तत्र वसमानं यथाविधिः॥
देवाः सर्वे नरव्याघ्र बृहस्पतिपुरोगमाः।
ज्वलनं तं समासाद्य प्रीताभूवन् सवासवाः॥
पुनर्यथागतं जग्मुः सर्वभक्षश्च सोऽभवत्।
भृगोः शापान्महाभाग यदुक्तं ब्रह्मवादिना॥[60]

महाभारत में ही शमी से सम्बद्ध एक और रोचक कथा प्राप्त होती है। एक बार जब देवता लोग अग्नि का अन्वेषण कर रहे थे तब वे अश्वत्थ में प्रवेश कर गए। इसके बाद भी देवताओं ने

58 म.भा.-श.प./47/14-16
59 वही 47/16-17
60 वही 47/17-22

अग्निदेव का अनुसरण किया। तब अग्निदेव अश्वत्थ से निकलकर शमी के भीतर जा बैठे। ऐसी स्थिति में एक तोते ने देवताओं को अग्नि का पता बता दिया। इसके बाद तो देवता शमीवृक्ष की ओर दौड़े। यह देख अग्नि ने तोते को शाप दे दिया - तू वाणी से रहित हो जायेगा। अग्निदेव ने उसकी भी जिह्वा उलट दी। अग्निदेव को प्रत्यक्ष देखकर देवताओं ने दयायुक्त होकर शुक से कहा - 'तू शुक-योनि में रहकर अत्यन्त वाणीरहित नहीं होगा कुछ-कुछ बोल सकेगा। जीभ उलट जाने पर भी तेरी बोली बड़ी मधुर एवं कमनीय होगी'। ऐसा कहकर शमी के गर्भ में अग्निदेव का दर्शन करके देवताओं ने सभी कर्मों के लिए शमी को ही अग्नि का पवित्र स्थान नियत किया। तब से अग्निदेव शमी के भीतर दृष्टिगोचर होने लगे -

इत्युक्त्वा तं शमीगर्भे वह्निमालक्ष्य देवताः ॥
तदेवायतनं चक्रुः पुण्यं सर्वक्रियास्वपि।
ततः प्रभृति चाप्यग्निः शमीगर्भेषु दृश्यते ॥[61]

इसके पश्चात् मनुष्यों ने अग्नि को प्रकट करने के लिए शमी का मन्थन ही उपाय जाना -

उत्पादने तथोपायमभिजग्मुश्च मानवाः।[62]

महाभारत में ही विराटनगर में अज्ञातवास करने के क्रम में पाण्डवों द्वारा श्मशान में एक शमीवृक्ष पर अपने अस्त्र-शस्त्र रखने का वर्णन प्राप्त होता है। इस सम्बन्ध में युधिष्ठिर-अर्जुन का संवाद उल्लेखनीय है। जब पाण्डव विराटनगर पहुँचे तो कुन्तीनन्दन युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा - हम अपने अस्त्र-शस्त्र कहाँ रखकर नगर में प्रवेश करें? यदि अपने आयुधों के साथ हम नगर में प्रवेश करेंगे, तो निःसन्देह यहाँ निवासियों को उद्वेग में डाल देंगे। तुम्हारा गाण्डीव धनुष तो बहुत बड़ा और भारी है। संसार के सब लोगों में उसकी प्रसिद्धि है। ऐसी दशा में यदि हम अस्त्र-शस्त्र लेकर नगर में चलेंगे, तो यहाँ सब लोग हमें शीघ्र ही पहचान लेंगे। इसमें संशय नहीं है। यदि हममें से एक भी पहचान लिया गया, तो हमें दुबारा बारह वर्षों के लिए वन में प्रवेश करना पड़ेगा; क्योंकि हमने ऐसी ही प्रतिज्ञा कर रखी है -

सा राजधानीं सम्प्राप्य कौन्तेयोऽर्जुनमब्रवीत्।
क्वायुधानि समासज्य प्रवेक्ष्यामः पुरं वयम् ॥
सायुधाश्च प्रवेक्ष्यामो वयं तात पुरं यदि।
समुद्वेगं जनस्यास्य करिष्यामो न संशयः ॥
गाण्डीवं च महद् गाढं लोके च विदितं नृणाम्।
तच्चेदायुधमादाय गच्छामो नगरं वयम्।
क्षिप्रमस्मान् विजानीयुर्मनुष्या नात्र संशयः ॥
ततो द्वादश वर्षाणि प्रवेष्टव्यं वने पुनः।
एकस्मिन्नपि विज्ञाते प्रतिज्ञातं हि नस्तथा ॥[63]

इस पर अर्जुन ने कहा कि हे राजन्, श्मशानभूमि के समीप एक टीले पर यह शमी का बहुत बड़ा सघन वृक्ष है। इसकी शाखाएं बड़ी भयानक हैं, इससे इसपर चढ़ना कठिन है। मेरा विश्वास है कि यहाँ कोई ऐसा मनुष्य नहीं है, जो हमें अपने अस्त्र-शस्त्रों को यहाँ रखते समय देख सके। यह वृक्ष रास्ते से बहुत दूर जंगल में है। इसके आसपास हिंसक जीव और सर्प आदि रहते हैं। विशेषतः यह दुर्गम श्मशानभूमि के निकट है। इसलिए इसी शमीवृक्ष पर हम अपने अस्त्र-शस्त्र रखकर नगर में चलें -

---

61 म.भा.-अ.प./85/43-44

62 वही 85/45

63 म.भा.-वि.प./5/9-12

इयं कूटे मनुष्येन्द्र गहना महती शमी।
भीमशाखा दुरारोहा श्मशानस्य समीपतः ॥
न चापि विद्यते कश्चिन्मनुष्य इति मे मतिः।
योऽस्मान् निदधतो द्रष्टा भवेच्छस्त्राणि पाण्डवाः ॥
उत्पथे हि वने जाता मृगव्यालनिषेविते।
समीपे च श्मशानस्य गहनस्य विशेषतः ॥
समाधायायुधं शम्यां गच्छामो नगरं प्रति।[64]

श्रीमद्भागवत महापुराण में भी शमी से सम्बन्धित एक रोचक कथा प्राप्त होती है। चन्द्रवंश के वर्णन के क्रम में बताया गया है कि उर्वशी के मिलने से पुरूरवा को बड़ा सुख मिला और वे एक रात उसी के साथ रहे। प्रातःकाल जब वे विदा होने लगे तब विरह के दुःख से वे अत्यन्त दीन हो गए। उर्वशी ने उनसे कहा - तुम गन्धर्वों की स्तुति करो, ये चाहें तो तुम्हें मुझे दे सकते हैं'। तब राजा पुरूरवा ने गन्धर्वों की स्तुति की। राजा पुरूरवा की स्तुति से प्रसन्न होकर गन्धर्वों ने उन्हें एक अग्निस्थाली (अग्निस्थापन का पात्र) दी। राजा ने समझा यही उर्वशी है, इसीलिए उसको हृदय से लगाकर वे एक वन से दूसरे वन में घूमते रहे। जब उन्हें होश हुआ, तब वे स्थाली को वन में छोड़कर अपने महल में लौट आए एवं रात के समय उर्वशी का ध्यान करते रहे। इस प्रकार जब त्रेता का आरम्भ हुआ, तब उनके हृदय में तीनों वेद उत्पन्न हुए। फिर वे उसी स्थान पर गए, जहाँ उन्होंने वह अग्निस्थली छोड़ी थी। अब उस स्थान पर शमीवृक्ष के गर्भ में एक पीपल का वृक्ष उग आया था, उसे देखकर उन्होंने उससे दो अरणियाँ (मन्थनकाष्ठ) बनायीं। फिर उन्होंने उर्वशी की कामना से नीचे की अरणि को उर्वशी, ऊपर की अरणि को पुरूरवा और बीच के काष्ठ को पुत्ररूप से चिन्तन करते हुए अग्नि प्रज्वलित करने वाले मन्त्रों से मन्थन किया। उनके मन्थन से 'जातवेदा' नाम का अग्नि प्रकट हुआ। राजा पुरूरवा ने अग्निदेवता को त्रयीविद्या के द्वारा आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि इन तीन भागों में विभक्त करके पुत्ररूप से स्वीकार कर लिया। फिर उर्वशीलोक की इच्छा से पुरूरवा ने उन तीनों अग्नियों द्वारा सर्वदेवस्वरूप इन्द्रियातीत यज्ञपति भगवान् श्रीहरि का यजन किया।[65]

## ग्रामसीमा के निर्धारण में शमी का प्रयोग

कौटिलीय अर्थशास्त्र में शमी का उल्लेख उन वनस्पतियों में है जिसका उपयोग ग्रामसीमा निर्धारण में किया जाता है। इसके अनुसार नदी, पहाड़, जंगल, शमी के वृक्ष, बेर के वृक्ष, खाई, तालाब, सेंमल के वृक्ष और बरगद आदि के वृक्ष लगाकर गावों की सीमा निर्धारित करनी चाहिए - 'नदीशैलवनगृष्टिदरीसेतुबन्धशाल्मलीशमीक्षीरवृक्षानन्तेषु सीम्नां स्थापयेत्।[66]

इसी तरह का संकेत मनुस्मृति में भी किया गया है -

गुल्मान्वेणूंश्च विविधाञ्छमीवल्लीस्थलानि च।
शरान्कुब्जगुल्मांश्च तथा सीमा न नश्यति ॥[67]

अर्थात् शाखाहीन जिनमें थोड़े या बहुत कांटे हो ऐसे शमी और बेल अथवा ऊँचे टीलों और शर कुबड़े गुल्मवाले वृक्षों को सीमा के वृक्ष बनाना चाहिए क्योंकि इस प्रकार से सीमा नष्ट नहीं होती।

---

64 वही 5/13-16
65 भा.म.पु.-9/15
66 कौ.अ.-पृ. 93
67 म.स्मृ.-8/247

## प्रलम्भन योग और शमी

प्रलम्भन योग में अन्य वनस्पतियों के साथ शमी का उल्लेख प्राप्त होता है। कौटिलीय अर्थशास्त्र के अनुसार शिरीष, गूलर और शमी इन तीनों के चूर्ण को घी के साथ मिलाकर खाने से एक महीने तक भूख नहीं लगती है - शिरीषोदुम्बरशमीचूर्णं सर्पिषा संहृत्यार्धमासिकक्षुद्योगः।[68]

## शमी का काव्यात्मक विवेचन

## वाल्मीकि रामायण में शमी

वाल्मीकीय रामायण में पञ्चवटी का रमणीय उल्लेख प्राप्त होता है। पञ्चवटी के वनों में अनेक वृक्ष थे। उनमें से एक वृक्ष शमी का भी था -

सालैस्तालैस्तमालैश्च खर्जूरैः पनसैर्द्रुमैः।
नीवारैस्तिनिशैश्चैव पुन्नागैश्चोपशोभिताः॥
चूतैरशोकैस्तिलकैः केतकैरपि चम्पकैः।
पुष्पगुल्मलतोपेतैस्तैस्तैस्तरुभिरावृताः॥
स्यन्दनैश्चन्दनैर्नीपैः पर्णासैर्लकुचैरपि।
धवाश्वकर्णखदिरैः शमीकिंशुकपाटलैः॥[69]

अर्थात् पुष्पों, गुल्मों तथा लता वल्लरियों से युक्त साल, ताल, तमाल, खजूर, कटहल, जलकदम्ब, तिनिश, पुन्नाग, आम, अशोक, तिलक, केवड़ा, चम्पा, स्यन्दन, चन्दन, कदम्ब, पर्णास, लकुच, धव, अश्वकर्ण, खैर, शमी, पलाश और पाटर आदि वृक्षों से घिरे हुए ये पर्वत बड़ी शोभा पा रहे हैं।

पञ्चवटी में श्रीराम की कुटिया बनाने में शमी की शाखाओं का उपयोग किया गया -

पर्णशालां सुविपुलां तत्र संघातमृत्तिकाम्।
सुस्तम्भां मस्करैदीर्घैः कृतवंशां सुशोभनाम्॥
शमीशाखाभिरास्तीर्य दृढपाशावपाशिताम्।
कुशकाशशरैः पर्णैः सुपरिच्छादितां तथा॥
समीकृततलां रम्यां चकार सुमहाबलः।
निवासं राघवस्यार्थे प्रेक्षणीयमनुत्तमम्॥[70]

अर्थात् वह आश्रम एक अत्यन्त विस्तृत पर्णशाला के रूप में बनाया गया था। महाबली लक्ष्मण ने पहले वहाँ मिट्टी एकत्र करके दीवार खड़ी की, फिर उसमें सुन्दर एवं सुदृढ़ खम्भे लगाए। खम्भों के ऊपर बड़े-बड़े बाँस तिरछे करके रखे। बाँसों के रख दिए जाने पर वह कुटी बड़ी सुन्दर दिखाई देने लगी। फिर उन बाँसों पर उन्होंने शमीवृक्ष की शाखाएं फैला दीं और उन्हें मजबूत रस्सियों से कसकर बाँध दिया। इसके पर्णशाला को भलीभाँति छा दिया तथा नीचे की भूमि को बराबर करके उस कुटी को बड़ा रमणीय बना दिया। इस प्रकार लक्ष्मण ने श्रीरामचन्द्रजी के लिए परम उत्तम निवासगृह बना दिया, जो देखने के योग्य था।

---

68 कौ.अ.-पृ.912
69 वा.रा.-3/15/16-18
70 वही 3/15/21-23

## कालिदास के काव्यों में शमी

कविकुलकलाधर महाकवि कालिदास के काव्यों में अनेक स्थलों पर शमी का उल्लेख प्राप्त होता है। इनका उल्लेख आगे किया जा रहा है -

इदं किलव्याजमनोहरं वपुस्तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति॥[71]

अर्थात् जो ऋषि स्वभाव से ही सुन्दर इस शकुन्तला के शरीर को तपस्या करने के योग्य बनाना चाहता है वह निश्चय ही नीलकमल के पत्ते की धारा से शमीलता को काटने का प्रयत्न कर रहा है।

यहाँ राजा दुष्यन्त यह कहना चाह रहा है कि शमी वृक्ष की शाखा अत्यन्त कठोर होती है और कमल की पंखुड़ियाँ अत्यन्त कोमल। अतः कमल की पंखुड़ी से जैसे शमी को काटना अविवेकपूर्ण है वैसे ही शकुन्तला से आश्रम का कठोर काम लेना ऋषि का अविवेक है।

दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव॥[72]

अर्थात् राजा दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज को पृथिवी के कल्याण के लिए धारण करने वाली पुत्री को अपने अन्दर अग्नि को धारण करने वाले शमी लता के समान जानो।

यहाँ प्रियंवदा यह कहना चाह रही है कि जिस प्रकार शमी वृक्ष के अन्दर अग्नि रहती है, उसी प्रकार शकुन्तला के गर्भ में तेजोमय जीव विद्यमान है।

हविः शमीपल्लवलाजगन्धी पुण्यः कृशानोरुदियाय धूमः।
कपोलसंसर्पिशशिखः स तस्या मुहूर्तकर्णोत्पलतां प्रपेदे॥[73]

अर्थात् घी, शमी के पत्ते और धान की खीलों की गन्ध से भरा हुआ पवित्र धुआँ अग्नि से निकलकर जब इन्दुमती के कपोल तक जा पहुँचा तब ऐसा जान पड़ा मानो इन्दुमती ने नीले कमल का कर्णफूल पहन रखा हो।

## बाणभट्टसाहित्य में शमी

डॉ. माया त्रिपाठी ने अपनी पुस्तक "कादम्बरी का वानस्पतिक वैभव" में कुश से सम्बन्धित कतिपय सन्दर्भों का उल्लेख किया है जो द्रष्टव्य हैं।[74]

अन्य काव्यों में भी शमी का उल्लेख प्राप्त होता है। जैसे -

भवन्तमेतर्हि मनस्विगर्हिते विवर्तमानं नरदेव वर्त्मनि।
कथं न मन्युर्ज्वलयत्युदीरितः शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः॥[75]

---

71 अ.शा.-1/18
72 वही 4/6
73 र.वं.-7/26
74 का.वा.वै.-पृ. 315
75 कि.-1/26

यहाँ द्रौपदी महाराज युधिष्ठिर को सम्बोधित करते हुए कहती है - हे राजन्, इस विपत्तिकाल में भी वीरजनों द्वारा निन्दित मार्ग पर अर्थात् वनवासादिरूप तपस्विजनोचित मार्ग पर स्थित शत्रुकृत विपत्तियों को सहते हुए आपको उद्दीपित क्रोध उसी प्रकार क्यों नहीं उद्दीप्त करता है जैसे सूखे शमी वृक्ष को उद्गत ज्वालाओं वाली अग्नि जला देती है।

हरिं परित्यज्य नलाभिलाषुका न लज्जसे वा विदुषिब्रुवा कथम्।
उपेक्षितक्षोः करभाच्छमीरतादुरुं वदे त्वां करभोरु भो इति॥[76]

अर्थात् अथवा इन्द्र को छोड़कर नल का अभिलाष करने वाली अपने को विदुषी कहती तुम लज्जित क्यों नहीं होती? हे करभोरु, तुम्हें अब मैं ईखरस की उपेक्षा करने वाले, कटु शमी में रत करभ से उत्कृष्ट कहता हूँ।

## शमी के औषधीय गुण

### भावप्रकाश निघण्टु -

शमी तिक्त, कटु तथा कषाय रसयुक्त, शीतल, रेचक, लघु एवं कफ, कास (खांसी), भ्रमरोग, श्वास, कुष्ठ, अर्श तथा कृमि का नाशक है -

शमी तिक्ता कटुः शीता कषाया रेचनी लघुः।
कफकासभ्रमश्वासकुष्ठार्शःकृमिजित् स्मृता॥[77]

### कैयदेव निघण्टु -

शमी कषाय, कटु एवं तिक्त, रुचिकारक एवं लघु होती है। यह कफ, कुष्ठ, अर्श, श्वास, कास, भ्रम एवं कृमि का नाशक है। शमी का फल मधुर, रूक्ष, उष्णवीर्य, मेध्य, कास को नष्ट करने वाला तथा पित्तवर्धक होता है -

शमी तिक्ता कट्वनुष्णा कषाया रोचनी लघुः॥
निहन्ति कफकुष्ठार्शःश्वासकाभ्रमकृमीन्।
तत्फलं स्वादु रूक्षोष्णं मेध्यं केशघ्नपित्तलम्॥[78]

### मदनपाल निघण्टु -

शमी शीतल और हल्की होती है। इससे श्वास, कुष्ठ, बवाशीर, कफ का विनाशन तथा रेचन होता है। इसका फल पित्तकारक, रूक्ष, बुद्धिवर्धक तथा केशविनाशक होता है -

शमी शीता लघुः श्वासकुष्ठार्शः कफहृत्सरा।
तत्फलं पित्तलं रूक्षं मेध्यं केशविनाशनम्॥[79]

### राजनिघण्टु -

शमी कषाय रस युक्त तथा रूक्ष है और रक्तपित्त एवं अतिसार को दूर करती है। इसका फल तिक्तरस, गुरु, मधु तथा उष्ण होता है और यह केश को नष्ट करता है -

---

76 नै.च.-9/43
77 भा.नि.-वट.व.र्ग/73
78 कै.नि.-ओ.व./1084-85
79 म.नि.-वट.व./64

शमी रूक्षा कषाया च रक्तपित्तातिसारजित्।
तत्फलं तु गुरु स्वादु तिक्तोष्णं केशनाशनम्॥[80]

## धन्वन्तरि निघण्टु -

शमी का फल मधुर, रूक्ष, उष्णवीर्य तथा केशविनाशक होता है - शमीफलं गुरु स्वादु रूक्षोष्णं केशनाशनम्।[81]

## प्रियनिघण्टु -

शमी तिक्त-कषाय, रूक्ष और वातप्रकोपक है। यह कफ, कास, तमकश्वास, कुष्ठ, अर्श और कृमि को दूर करती है -

शमी तिक्ता कषाया स्याद्रूक्षा वातप्रकोपिणी।
कफकासतमश्वासकुष्ठार्शःकृमिनाशिनी॥[82]

## गरुडपुराण -

बरगद, नीम और शमी वृक्ष की छाल के क्वाथ से सेंक करने पर मुख और दाँत की विषवेदना नष्ट हो जाती है -

वटनिम्बशमीनाञ्च वल्कलैः क्वथितं जलम्।
तत्सेकान्मुखदन्तानां नश्येद्वै विषवेदना॥[83]

परवल की पत्ती, कटुकी, मंजीठ, अनन्तमूल, हल्दी, चमेली की पत्ती, नीम की पत्ती और मुलेठी के क्वाथ से सिद्ध घृत का लेप करने से व्रण पीड़ारहित हो जाता है और उसका बहना भी बन्द हो जाता है -

पटोलपत्रं कटुका मञ्जिष्ठा शारिवा निशा।
जातीशमीनिम्बपत्रं मधुकं क्वथितं घृतम्॥
एभिर्लेपात्स्युरजो व्रणा विस्राविणः शिवः।[84]

## चरकसंहिता -

शमीफल पाक में गुरु, उष्णवीर्य, रस में मधुर, रूक्ष तथा केशों का नाश करने वाला है - गुरूष्णं मधुरं रूक्षं केशघ्नं च शमीफलम्।[85]

अर्क के मूल तथा शमी के पत्तों के धूपन से अर्शरोग में लाभ होता है - अर्कमूलं शमीपत्र-मर्शोभ्यो धूपनं हितम्॥[86]

---

80 रा.नि.-शा.व./35
81 ध.नि.-आ.व./87
82 प्रि.नि.-ह.व./167
83 ग.पु.-191/21
84 वहीम 192/31-32
85 च.सं.-सू./27/160
86 च.सं.-चि./14/49

अमलतास की गुद्दी, खैर की लकड़ी, कूठ, शमी की लकड़ी, पिण्डीतक, जौ-इनके विधिवत् क्वाथ से निर्मित अलग-अलग वस्तियों का प्रयोग करने से मल में गाढ़ापन आ जाता है। तात्पर्य यह है कि इस प्रयोग से अतिसार आदि मल सम्बन्धी विकृतियाँ दूर हो जाती हैं।[87]

## सुश्रुतसंहिता -

केले की तथा श्योनाक की भस्म और आल, नमक तथा शमी के बीजों को शीतल जल में पीसकर लगाने से बाल साफ हो जाते हैं -

कदलीदीर्घवृन्ताभ्यां भस्मालं लवणं शमी।
बीजं शीतोदपिष्टं वा रोमशातनमाचरेत्॥[88]

शमी की छाल, अरलु की छाल, तिन्दुक की छाल, अनार की छाल और कुडे की छाल-इनको आमपाचन योग माना जाता है।[89]

## अष्टाङ्गहृदय -

शमी का फल पाक में गुरु, उष्णवीर्य, केशनाशक तथा रूक्ष होता है - शम्या गुरूष्णं केशघ्नं रूक्षम्।[90]

अर्क के जड़ की छाल तथा शमी के पत्ते में घी मिलाकर धूप देने से बवासीर के मस्से सूख जाते हैं।[91]

पूतीकरंज की छाल तथा पत्ते, क्षीरीवृक्षों, बरगद आदि की छाल तथा पत्ते, बबूल का वृक्ष, तुम्बी, इन्द्रायण, सोनापाठा, शमी, बेल और कैथ इन सबकी छालों तथा पत्तों को लेकर पकाना और छान लेना चाहिए। इस जल से रात में बालकों को नहलाना कल्याणकारक होता है -

पूतीकरञ्जत्वक्पत्रं क्षीरिभ्यो बर्बरादपि।
तुम्बीविशालरलुकशमीबिल्वकपित्थः॥
उत्क्वाथ्य तोयं तद्रात्रौ बालानां स्नपनं शिवम्।[92]

नेत्ररोगों में निम्नलिखित योग लाभकारी होता है - ताम्रपात्र में स्त्री का दूध डालकर उसके साथ शंख को घीसना चाहिए। उस घोल को घीयुक्त जौ तथा शमी के पत्तों की धूप देना चाहिए। इसके बाद इस सन्धाव नामक घोल को आँखों में लगाने से शीघ्र ही घर्ष तथा वेदना शान्त हो जाती है -

शङ्खं ताम्रे स्तन्यघृष्टं घृतात्तैः शम्याः पत्रैर्धूपितं तद्यवैश्च।
नेत्रे युक्तं हन्ति सन्धावसंज्ञं क्षिप्रं घर्षं वेदनां चातितीव्रम्॥[93]

गूलर के कच्चे फल को स्त्री के दूध के साथ लौहपात्र में घिसने पर जो घोल प्राप्त हो उसे घी मिले शमीपत्तों की धूप देकर आँखों में लगाने से दाह, शूल, लालिमा, आँसुओं का बहना तथा नेत्रहर्ष ये विकार शान्त हो जाते हैं -

87 च.सं.-सि.स्था./10/30
88 सु.सं.-चि./1/106
89 सु.सं.-उ.त./40/41, 46
90 अ.हृ.-चि./6/130
91 वही /8/18
92 अ.हृ.-उ.स्था./3/59-60
93 वही 16/35

उदुम्बरफलं लोहे घृष्टं स्तन्येन धूपितम्।
साज्यैः शमीच्छदैर्दाहशूलरागाश्रुहर्षजित्॥[94]

कण्टकारी, दालचीनी, मुलेठी, ताम्रभस्म - इन सबको आवश्यकतानुसार लेकर बकरी के दूध के साथ पीस कल्क तैयार कर लेना चाहिए। शमी तथा आँवला के पत्तों में घी चुपड़कर धूप देना चाहिए। यह सन्धाव योग शोथ तथा वेदना को नष्ट करता है -

व्याघ्रीत्वङ्मधुकं ताम्ररजोऽजाक्षीरकल्कितम्।
शम्यामलकपत्राज्यधूपितं शोफरुक्प्रणुत्॥[95]

शमी, मूली तथा सहजन के बीज, जौ एवं राई इन सबको काँजी में पीसकर लेप करने से ग्रन्थि तथा गण्डरोग नष्ट हो जाते हैं -

शमीमूलकशिग्रूणां बीजैः सयवसर्षपैः।
लेपः पिष्टोऽम्लतक्रेण ग्रन्थिगण्डविलायनः॥[96]

## निष्कर्ष

संस्कृत भाषा का छन्दशास्त्र सुदीर्घ, विवेचन योग्य, तथ्यपूर्ण, तार्किक एवं गाणितिक है। इसका अभ्यास करने से हमें मालूम होता है कि हमारे प्राचीन वैदिक साहित्य, पुराण एवं प्राचीन साहित्य कृतियों में छन्द का कितना प्रबल स्थान था। "सामवेद" मे मंत्र गान परम्परा से छन्द गान का प्रारम्भ हुआ। संस्कृत के गद्य में लिखी गई टीकाओं के अलावा अधिकांश साहित्य पद्य युक्त ही था। आयुर्वेद, ज्योतिष, कृषि विज्ञान, खगोलशास्त्र, राजनीति, कामशास्त्र, सौन्दर्यशास्त्र, तत्त्वज्ञान, साहित्य आदि विविध विद्या क्षेत्र की कृतियाँ पद्य में प्राप्त होती हैं। संस्कृत का पद्य छन्दों से पूर्ण रूप से निबद्ध पाया गया है। मेरी दृष्टि से छन्द शब्दों का विवेक है जो कल्पना के बहाव एवं अभिव्यक्ति पर योग्य नियंत्रण लाने में सक्षम है। मेरे इस विचार का अनुमोदन करता एक विधान प्रसिद्ध आंग्ल कवि विलियम वर्ड्सवर्थ ने कहा है -

"Meter controls emotions in poetry. The creative process encompasses four stages: observation, recollection, contemplation and imaginative excitement."[1]

इस तरह से काव्यनिर्माण से लेकर काव्यानन्द की भावक तक की यात्रा तक छन्द हमें भावावरण में सम्मिलित करते हैं।

## पाश्चात्त्य छन्दशास्त्र एवं संस्कृत का "वाणीभूषण"

अब हम पाश्चात्त्य छन्दशास्त्र का प्राथमिक परिचय प्राप्त कर के "वाणीभूषण" के कतिपय छन्दों के उदाहरण कि तुलनात्मक प्रविधि से विवेचना कर के छन्द-यात्रा का विश्व प्रवास करते हैं।

## English Prosody

- Made up of three prosodic systems -
  - Stress : operates at the level of the word
  - Rhythm

[1] Wordsworth, William - https://estudent-corner.com/Williamwords-worth

- Intonation : operates at the level of the phrase or whole utterance

- Stress : the relative prominence of a syllable.
- Rhythm : patterns of stress in time.
- Intonation : the pitch pattern of an utterance

पाश्चात्त्य भाषाओं में मुख्य रूप से आंग्ल भाषा का बहुत प्रयोग किया जाता है। पाश्चात्त्य देशों के सामान्य व्यवहार में भी यह भाषा प्रान्तीय भाषाओं के साथ-साथ स्वीकृत एवं अनिवार्य है। आंग्ल छन्दशास्त्र में मुख्य रूप से "पदभार" (syllable) का महत्त्व है। संस्कृत के छन्दशास्त्र में वर्णभार के माध्यम से लघु (ल) एवं गुरु (गा) का पता चलता है। आंग्ल भाषा पर लैटिन एवं रोमन लिपि के प्रभाव के कारण हमारे जैसे स्वर एवं व्यंजन है तो सही किन्तु संस्कृत से भिन्न स्वरूप के प्रतीत होते हैं। २६ वर्णयुक्त आंग्ल वर्णमाला हमें ज्ञात ही है किन्तु यह "पदभार" का सिद्धांत समझ लेने से हमें संस्कृत वर्ण छन्द एवं गण युक्त छन्द के साथ आंग्ल एवं अन्य पाश्चात्त्य भाषाओं के छन्दों का तुलनात्मक अध्ययन करने में सरलता रहेगी। आंग्ल भाषीय "पदभार" के मुख्य प्रकारों का विवरण table 9.1 में प्रदर्शित है।

| क्रम | आंग्ल भाषीय मुख्य पदभार | "पदभार" (syllable) कि जोड़ |
|---|---|---|
| ०१ | Monometer | ०१ जोड़ |
| ०२ | Diameter | ०२ जोड़ |
| ०३ | Trimeter | ०३ जोड़ |
| ०४ | Tetrameter | ०४ जोड़ |
| ०५ | Pentameter | ०५ जोड़ |
| ०६ | Hexameter | ०६ जोड़ |
| ०७ | Heptameter | ०७ जोड़ |
| ०८ | Octameter | ०८ जोड़ |

Table 9.1 : आंग्ल भाषीय "पदभार" के मुख्य प्रकार

इसको समझने से थोड़ी सी विभावना हमारे समक्ष प्रकट हुई है। संस्कृत में गण छन्दों में इसी तरह जोड़े बनती है और पूर्ण चरण हमें प्राप्त होता है - यह बात सिद्ध हुई है किन्तु संस्कृत छन्दों से सीधा संबन्ध या परोक्ष संबन्ध कैसे प्राप्त होगा इस विषय में थोड़ा गहन विचार करते हैं। आंग्ल पदभार के मुख्य रूप से दो प्रकार हैं - 1. stressed syllable, 2. unstressed syllable.

**Stressed syllable** वो होता है जिसमें अधिक पदभार हो, जिस पद का उच्चारण काल अधिक या दीर्घ हो। इसे हम संस्कृत के छन्दशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में "गुरु" कि संज्ञा दे सकते हैं। इन दोनों के मध्य तात्त्विक भेद यह है कि आंग्ल छन्द "पदभार" युक्त है और संस्कृत छन्द "वर्णभार" के रास्ते पर है। जो भेद शब्द और अक्षर का है वही यहाँ पर दिखाई देता है।

**Unstressed syllable** वो होता है जिसमें कम या अल्प पदभार हो, जिस पद का उच्चारण काल थोड़ा या लघु हो। इसे हम संस्कृत के छन्दशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में "लघु" कि संज्ञा दे सकते हैं। मजेदार बात यह है कि सर्वाधिक stressed syllable कि पहचान संज्ञा (s) है और हमारे यहाँ गुरु वर्ण को भी संस्कृत छन्दशास्त्र के तहत (s) कि संज्ञा दी जाती है। आंग्ल unstressed




Figure 9.1 : iambic pentameter का आंग्ल बंधारण

syllable कि पहचान संज्ञा (U) है। संस्कृत छन्दों में लघु वर्ण को भी (U) संज्ञा से छन्दों के आकलन में पहचाना जाता है। मुख्य आंग्ल छन्दों के बंधारण की संस्कृत छन्दशास्त्र के साथ तुलना table 9.2 में प्रदर्शित है।

| क्रम | प्रमुख आंग्ल छन्द के नाम | छन्द बंधारण | संस्कृत छन्द स्वरूप | गणात्मक परिरूप |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | Iambic | U[2]S[3] | ल गा | ---- |
| ०२ | Trochaic | SU | गा ल | ---- |
| ०३ | Anapestic | UUS | ल ल गा | स ल गा ("स" गण) |
| ०४ | Dactylic | SUU | गा ल ल | भा न स ("भ" गण) |

Table 9.2 : मुख्य आंग्ल छन्दों के बंधारण की संस्कृत छन्दशास्त्र के साथ तुलना

इस प्रकार से हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि प्रमुख आंग्ल छन्दों पर हमारे संस्कृत छन्दशास्त्र के गण छन्दों कि विभावना का कितना स्पष्ट प्रभाव है। यही प्रमुख आंग्ल छन्दों के प्रथम तालिकानुसार पदभार के अनुसार प्रभेद विद्यमान है जिसमें उदाहरण के तौर पर हम "Iambic Pentameter" कि बात करें तो उसमें ल गा कि पाँच जोड़े होंगी। इसका एक आंग्ल उदाहरण विलियम शेक्सपियर के लिखे हुए १८ क्रम के सोनेट से देना चाहता हूँ, उसका परिरूप table 9.3 में प्रस्तुत किया गया है[4]। उसका आंग्ल बंधारण figure 9.1 में प्रस्तुत है।

| आंग्ल वर्ण | Shall | I | Com | Pare | Thee | To | A | Sum | mers | Day ? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बंधारण | U | S | U | S | U | S | U | S | U | S |
| संस्कृत रूप | ल | गा | ल | गा | ल | गा | ल | गा | ल | गा |
| आंग्ल पद-भार | da[5] | DUM[6] | da | DUM | da | DUM | da | DUM | da | DUM |

Table 9.3 : iambic pentameter

2 Unstressed Syllable

3 Stressed Syllable

4 What Is Iambic Pentameter? An Explanation & Examples, William Shakespeare, (nosweatshakespeare.com)

5 Unstressed Syllable

6 Stressed Syllable

Figure 9.2 : iambic pentameter से मिलता जुलता लगात्मक रूप

Iambic में पाँच "पदभार" का जोड़ है इस तरह से इसका छन्द बंधारण घटित होता है। दामोदर मिश्र विरचित "वाणीभूषण" में "नराच" छन्द का उदाहरण प्राप्त होता है।[7]

निशुम्भशुम्भचण्डमुण्डरक्तबिजघातिनी,
लुलायरूपदैत्यभूपघातपक्षपातिनी।
नवीनपीनबद्धजालकालमेघसन्निभा,
चिरं चरीकरीतु नः प्रियं पिनाकिवल्लभा॥

इसका लगात्मक रूप "iambic pentameter" से मिलता जुलता है। जिसका विवरण figure 9.2 में प्रस्तुत है।

आंग्ल छन्दों कि तुलना के पश्चात् हम लैटिन छन्दों के उदाहरण कि ओर जाते हैं। पाश्चात्त्य छन्दशास्त्रों पर लैटिन का ही प्रभाव है चाहे वो आंग्ल भाषा हो या फिर फ्रेंच हो। इसलिए लैटिन के छन्दशास्त्रीय सिद्धान्तों को आंग्ल से पृथक् नहीं समझना चाहिए। लैटिन भाषा का "Bacchic" नामक छन्द है जिसका उल्लेख पश्चिम के महान् दार्शनिक प्लेटो ने किया है[8]।

| लेटिन वर्ण | Si | Be | Ne | Te | No | Ui | Lon | Gum | Iam | la | ssa | libe |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पदभार | U | S | S | U | S | S | U | S | S | U | S | S |
| लगात्मक रूप | ल | गा | गा | ल | गा | गा | ल | गा | गा | ल | गा | गा |

Table 9.4 :

लैटिन छन्द में स्पष्ट रूप से लगागा का चार बार पुनरावर्तन एक चरण में देख सकते हैं। इसमें १२ पद हैं और संस्कृत में १२ वर्ण से लगागा युक्त "य" गण का "शशी" छन्द बनता है उसको दामोदरजी मिश्र के "वाणीभूषण" में दिए गए उदाहरण कि तालिका के द्वारा समझते हैं।[9]

| संस्कृत छन्द वर्ण | जनानन्दकन्द : | श्रियेस्तान्मुकुन्द : |
|---|---|---|
| "य" गण का लगात्मक स्वरूप | ल गा गा ल गा गा | ल गा गा ल गा गा |

Table 9.5 :

अब हम फ्रेंच छन्दशास्त्र के उदाहरण कि ओर जाते हैं।

फ्रेंच छन्दशास्त्र भी अन्य पश्चिमी भाषाओं के छन्दशास्त्र का ही अवलंबन करता है। फ्रेंच भाषा में संयुक्ताक्षरों का प्रयोग अधिक होता है जिसे (') ऐसी संज्ञा से दर्शाया जाता है। यह संयुक्ताक्षर

7 Vā.bhū., p.43
8 Phaedo of Plato, Plato, 1894
9 Vā. bhū., p.22

स्वतः गुरु बन जाता है। फ्रेंच का "Decasyllable" छन्द है जो १० पदभारों को दर्शाता है। उसका एक उदाहरण देखते हैं[10]।

| फ्रेंच वर्ण | No us aur | Ons des lits | Ple ins d'odeurs | le'ge'res |
|---|---|---|---|---|
| छन्द स्वरूप | S U U | S U U | S U S | S |
| लगात्मक स्वरूप | गा ल ल | गा ल ल | गा ल गा | गा |
| गण प्रयोग | भा न स | भा न स | रा ज भा | गा |
| गण नाम | "भ" गण | "भ" गण | "र" गण | गुरु |

Table 9.6 :

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि संस्कृत छन्दशास्त्र का छन्द विशेष तो नहीं किन्तु गण प्रयोग तो प्राप्त होता है। यहाँ पर "Decasyllable" छन्द में "भ" गण + "भ" गण + "र" गण + गुरु का पदभार १० पदों में दिखाई देता है। फ्रेंच उदाहरण में पहले ही कहा है कि ऐसे ही अंतिम पदभार को संयुक्ताक्षर "गुरु" समझना चाहिए।

स्पेनिश भाषा का छन्दशास्त्र भी अन्य पाश्चात्त्य भाषाओं के छन्दशास्त्रीय नियमों को स्वीकार करता है। स्पेनिश भाषा का एक छन्द है जिसका नाम "Tetradecasílabo Trocaico" है जिसका आंग्ल नाम "Trochaic Tetrasyllable" है। ए. रॉबर्ट का एक उदाहरण देखते हैं[11]।

| स्पेनिश वर्ण | So plo de | Los ma res | Men sa je | Ra del ve | Ra no |
|---|---|---|---|---|---|
| छन्द स्वरूप | S U S | U S U | S U S | U S U | S U |
| लगात्मक स्वरूप | गा ल गा | लगाल | गालगा | लगाल | गाल |
| गण प्रयोग | रा ज भा | ज भा न | रा ज भा | ज भा न | गा ल |
| गण नाम | "र" गण | "ज" गण | "र" गण | "ज" गण | गुरु + लघु |

Table 9.7 :

प्रस्तुत स्पेनिश छन्द में "र" गण + "ज" गण +'र' गण +"ज" गण +गुरु +लघु देखा जा सकता है। दामोदरजी मिश्र ने "वाणीभूषण" में "सारू" नामक वर्णवृत्त का उदाहरण दिया है जिसका बंधारण तुलनात्मक दृष्टि से उपरोक्त स्पेनिश छन्द से साम्य रखता है -[12]

| कृत्यवस्तु | सिद्धमस्तु |
|---|---|
| गा ल गा ल | गा ल गा ल |

Table 9.8 :

उक्त तालिका का लगात्मक अर्थघटन "गालगा + लगाल + गाल" भी होता है जो स्पेनिश तालिका से सम्मत है। कई विद्वान् इस तुलना से सहमत तो होंगे किन्तु और नजदीक का संस्कृत

10 Clive Scott & Christopher Prendergast, p.258

11 Lauer, A. Robert, p.13

12 Vā.bhū., p.21

का छन्द हो सकता है? या फिर स्पष्ट प्रतिरूप मिल सकता है। मेरा बस यही उत्तर है कि विभिन्न संस्कृति एवं भुखण्ड के छन्दशास्त्रों में पूर्णतः साम्य नहीं हो सकता है परन्तु तात्विक रूप से समानता हो सकती है जिसे मैंने उपरोक्त आकलन में उदाहरण के द्वारा प्रतिपादित करने का प्रयत्न किया है फिर भी जिज्ञासा के लिए ही सही, स्पेनिश उदाहरण के साथ और भी एक संस्कृत छन्द है जो इससे भी अधिकतर साम्य रखता है। “वाणीभूषण" मे दामोदरजी मिश्र ने "धारि" नामक वर्णवृत्त का उदाहरण दिया है[13]। उसकी तालिका मैं निम्नोक्त प्रकार से प्रस्तुत करता हूँ।

| संस्कृत छन्द वर्ण | रा म रा | म रा म | रा म सा | र मे त | दे व ना | म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लगात्मक रूप | गालगा | लगाल | गालगा | लगाल | गालगा | ल |

Table 9.9 :

इस तालिका में स्पेनिश छन्दोदाहरण का अधिकांश विद्वज्जनों को दिखाई देगा। उक्त स्पेनिश छन्द में "Tetradecasílabo” शब्द पदभार कि ४ जोड़ यानि कि आठ पद का निर्देश करता है तो फिर यहाँ पर प्रस्तुत उदाहरण को भिन्न परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो वर्ण समूह कि आठ जोड़ देखी जाएगी, इस तरह से भी साम्य अच्छी तरह से निम्नोक्त तालिकानुसार प्रतिपादित होता है।

| संस्कृत छन्द वर्ण | राम | राम | राम | राम | सार | मेत | देव | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लगात्मक रूप | गाल | गाल | गाल | गाल | गाल | गाल | गाल | गाल |

Table 9.10 :

इस प्रकार से एक ही छन्द कि द्विविध तालिका दर्शाने का हेतु केवल तुलनात्मक साम्य प्रस्तुत करना ही था जो निरीक्षण पर स्वतः स्पष्ट होता है।

## उपसंहार

इस प्रकार से यहाँ पर संस्कृत छन्दशास्त्रीय सिद्धांतों एवं संस्कृत "वाणीभूषण" ग्रंथ के छन्दों के माध्यम से पाश्चात्त्य आंग्ल, लैटिन, फ्रेंच एवं स्पेनिश भाषा के छन्दशास्त्र पर आंशिक या अधिकांश, प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है। यह विद्याक्षेत्र भावी शोध छात्रों में तुलनात्मक दृष्टि एवं बृहद् भाषीय अभ्यास के विषय में नूतन दिशा का परिचायक बनेगा। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति के छन्दशास्त्र का वटवृक्ष विश्व स्तर के फलक पर कितना विस्तारित है यह बात का अनुमान इस तार्किक आकलन से लगाया जा सकता है। इस छोर से उस छोर तक विद्यादेवी सरस्वती का मयूरपिच्छ बहुभाषीय रंग वैविध्य एक ही स्थान पर सबको अपने में समाहित करता है उसका स्पष्ट आभास होगा।

## सङ्केताक्षरसूची

1. Vā.bhū. - Vāṇībhūṣaṇa

[13] Vā.bhū., p.23

## सन्दर्भग्रन्थसूची

1. *Nineteenth - Century french poetry: Introduction to close reading*, Clive Scott & Prendergast Christopher , Cambridge University press, 1989.
2. *Spanish Metrification* (e-book), A. Robert Lauer, Page No:- 13, Metrification (oucreate.com)
3. Vāṇībhūṣaṇa, Damodara Mishra, (ed.) Pt. Durgaprasada & Kasinatha Panduranga Parab, Kavyamala Series 53, 1925

❀❀❀

# श्रीमद्भागवद्गीता और कुरुक्षेत्र में निहित साम्यवाद

नीरज शर्मा

सारांश

साम्यवाद सम्पूर्ण संसार में सर्वदा प्रमुख विषय रहा है। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में विशेषतया जन साधारण के साथ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक क्षेत्र में समानता का भाव रखना ही साम्यवाद का परम उद्देश्य और लक्ष्य है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति यदि इस प्रकार की समतामूलक दृष्टि विकसित कर ले तो समाज समस्त प्रकार के दुराचार, व्यभिचार आदि से मुक्त हो अपने आदर्श स्वरूप को पा सकता है। विश्व भर में अनेक समय पर अनेक ऐसे चिन्तक, विचारक एवं महापुरुष हुए जिन्होंने अपने-अपने ढंग से इस साम्यवादी दृष्टिकोण को अपनी वाणी दी और इसे समाज में स्थापित करने का प्रयास किया।

(कूट शब्द - साम्यवाद, श्रीमद्भगवद्गीता, मार्क्सवाद, विषमता)

.....

कार्ल मार्क्स उन दार्शनिकों में से हैं जो अपने विचार और चेतना के माध्यम से अपने समय को सर्वाधिक प्रभावित करते हैं तथा लाखों–करोड़ों प्रशंसकों के हृदय पर राज करते हुए अपने जीवनकाल में ही किम्वदंती बन जाते हैं। स्वभाव से भावुक वह व्यक्ति जीवन भर विचारों की गंगा में गोते लगाता रहा। धर्म, दर्शन, इतिहास, राजनीति, विज्ञान, मानव–व्यवहार आदि का पठन-पाठन और चिन्तन-मनन किया। अपने दीर्घ एवं गहन अध्ययन के उपरांत उसने राजनीति, दर्शन, अर्थशास्त्र आदि विभिन्न क्षेत्रों में कुछ मौलिक विवेचनाएं प्रस्तुत की हैं, जिनके कारण आधुनिक दर्शनशास्त्रियों में उनका स्थान अक्षुण्ण है। उनके विचारों में साम्यता सद्भावना का एक ऐसा स्रोत बहता हुआ दिखता है, जिसके कारण वह अपने समय के सबसे आधुनिक और मानवीय विचारक नजर आते हैं। सामाजिक समतावादी दृष्टि के कारण उन्हें दलित-पीड़ित श्रमिक-मजदूर वर्ग का सच्चा पैरोकार माना जाता है। मार्क्स के दर्शन के आधार पर विकसित राजनीति को आधुनिक समाजों में सर्वाधिक जगह मिली है। दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां मार्क्सवाद वहां की राजनीति की मुख्य विचारधारा नहीं है; इसके बावजूद ऐसा शायद की कोई देश होगा, जहां मार्क्स के विचार राजनीति को प्रभावित न करते हों। शोषित और दमित वर्ग के प्रति गहरी निष्ठा और सामान्यजन की आवाज का प्रतीक मार्क्स का स्थान अत्यन्त सम्मानजनक है।

कार्ल मार्क्स जिस साम्यवाद की कल्पना करते हैं, उसे साकार करने के लिए वह धर्म को अफ़ीम मानते हुए उससे बचने की बात करते हैं और इसका परिणाम यह होता है कि कार्ल मार्क्स के सभी अनुयायियों में यह प्रचारित हो गया कि मार्क्सवाद और धर्म का कोई मेल नहीं है। इसका स्पष्ट सा अर्थ यह निकाला गया कि मार्क्सवाद की अवधारणा में धर्म के लिए कहीं कोई स्थान नहीं है और धर्म को साथ लेकर मार्क्सवाद के स्वप्न अर्थात् साम्यवाद की स्थापना नहीं हो सकती। जो ऐसा समझते हैं कि धर्म से च्युत होकर हम सामनस्य, सामरस्य और मानववाद की संकल्पना को सच्चे अर्थों में पूर्ण कर पाएंगे तो यह मात्र एक भ्रम के अतिरिक्त कुछ नहीं है क्योंकि धर्म को न तो जीवन से और न ही विचारों से निकाला जा सकता है और न ही साम्यवाद की कल्पना ही की जा सकती है।

वेदद्रष्टा ऋषियों-मुनियों और मनीषियों ने समता को जीवन्मुक्ति का प्रधान लक्षण स्वीकार किया है। ईशोपनिषद् में कहा गया है -

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति,
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते।
यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः,
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ॥[1]

[1] इ.उ., ६-७

जो समस्त भूतों को आत्मा में ही देखता है तथा आत्मा को समस्त भूतों में देखता है वह किसी से भी घृणा नहीं करता। तत्त्ववेत्ता पुरुष के लिये जिस काल में सम्पूर्ण भूत प्राणी आत्मा हो जाते हैं, अर्थात् जब प्राणी सबको आत्मा ही समझने लगता है तब उस एकत्व को देखने वाले के लिये कहाँ शोक, कहाँ मोह ? ऋग्वेद के इस कथन में कितनी उदात्त भावना है -

समानी व आकृतिः समाना हृदयानि वः
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।[2]

इसी प्रकार अथर्ववेद में कहा गया है -

जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं नाना धर्माणां पृथिवी यथौकसाम्,
सहस्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुः अनपस्फुरन्ती।[3]

एक राष्ट्र एक परिवार की कल्पना – यही है वास्तविक साम्यवाद, यही है वास्तविक एकता। इस प्रकार शास्त्र की मर्यादा के अनुसार भगवत प्रीत्यर्थ या लोकसंग्रह की भावना से मोह और स्वार्थ से रहित होकर, न्याययुक्त विषमता का व्यवहार करते हुए भी सबमें उपाधिदोष से रहित ब्रह्म को समान भाव से देखना, तथा समस्त विकारों से रहित होकर समस्त द्वंद्वों में सर्वदा समतायुक्त रहना ही यथार्थ साम्यवाद है। यही परम कल्याण, परमात्मतत्त्व की प्राप्ति का साधन है। आज जिस साम्यवाद का हम ढोल पीट रहे हैं, जिस अनेकता में एकता के लिये रात दिन नारेबाज़ी कर रहे हैं – उस साम्यवाद में, उस एकता में ईश्वर अथवा एकता तो कहीं नहीं है। जिस धर्मनिरेपेक्षता पर रात दिन गरमागरम बहस होती रहती हैं उसमें धर्म का नितान्त अभाव होकर मात्र सम्प्रदायवाद का महत्त्व है। स्वार्थमूलक होने के कारण आज का साम्यवाद हिंसामय हो गया है। भले ही वह हिंसा कायिक हो, मानसिक हो अथवा वाचिक हो। साम्यवाद के नाम पर राजनीति से प्रेरित और राजनेताओं द्वारा संचालित समितियों का गठन हो जाता है जो कागज़ों पर साम्यवाद के नोट्स बनाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेती हैं। इन समितियों का हर सदस्य साम्यवाद पर चर्चा पर मात्र अपना ही अधिकार समझता है, भले ही अपने उस अधिकार की प्राप्ति के लिये उसे अपने विपक्षी सदस्य अथवा दल को साम दाम दण्ड भेद किसी भी प्रकार से परास्त करना पड़े। अर्थात् अपने दल के विचारों पर अभिमान और दूसरों का अनादर इस साम्यवाद का प्रमुख अंग हो गया है। यह साम्यवाद का नारा आजकल की दलगत राजनीति का एक प्रमुख नारा बनकर रह गया है और हर दल इस नारे से अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगा हुआ है।

आधुनिक साम्यवाद जिसे हम मार्क्सवाद कहते हैं, क्या कहता है, यही न कि सबको समान भोजन मिले, समान शिक्षा मिले, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबको समान सुविधाएँ प्राप्त हों, कोई भूखा नंगा न रहे, किसी को अस्पृश्य न समझा जाए, लिंगभेद न किया जाए। प्रत्येक मानव को मानवीय दृष्टि से देखा जाए। लेकिन ऐसा करने या होने के लिए वस्तुतः क्या होना चाहिए और क्या नहीं, क्या धारण करने योग्य है और क्या त्याज्य है; इन बिन्दुओं पर गम्भीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है। सारे संसार में डंका बजा चुके मार्क्सवाद का स्वप्न अभी तक स्वप्न ही बना हुआ है और विडम्बना यह है कि स्थिति समय के साथ साथ और भी विषमतापूर्ण होती जा रही है।

---

2 ऋ., १०/१९/१४

3 अथ., १२/१/४५

कारण यह है कि आज व्यक्ति के जीवन में तत्वज्ञान की अपेक्षा भौतिक सुखों का महत्त्व अधिक है और तथाकथित मार्क्सवादी स्वयंसिद्ध व्याख्याकारों द्वारा धर्म और तत्त्व को समझे बिना किनारे कर दिए जाने का परिणाम है जबकि श्रुतिसम्मत साम्यवाद तत्वज्ञान और ईश्वरप्राप्ति के लिये किया गया एक उपाय है। ऐसी स्थिति में राग-द्वेष, मान-अपमान, लाभ-हानि, जय-पराजय, शत्रु-मित्र, निंदा-स्तुति, सुख-दुःख जैसे द्वंद्वों के लिये कोई स्थान नहीं रहता।

शास्त्रसम्मत साम्यवाद में न अहंकार है, न ममता मोह, और न ही लोभ, यदि कुछ है तो वह है मात्र कल्याण प्राप्ति की वह उदात्त भावना जिसके रहते सबमें स्वतः ही समभाव बन जाता है, जहाँ कायिक, वाचिक या मानसिक किसी प्रकार भी किसी का कोई अहित हो ही नहीं सकता, क्योंकि भौतिक सुख या स्वार्थ की कोई भावना ही वहाँ नहीं रहती। वही साम्यवाद गीता को मान्य है। "सह वीर्यं करवावहे" तथा "सं वो मनांसि जानताम्" की उदात्त भावना यही है। सबमें इस प्रकार का समभाव रखने वाले व्यक्ति को गीता में योगी कहा गया है -

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
इक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः[4]

योग द्वारा स्वयं को वश में करने वाला योगी क्योंकि जीवमात्र में समदर्शी हो जाता है इसलिये स्वयं को प्राणिमात्र में तथा प्राणिमात्र के दुःख को स्वयं में अनुभव करता है। ऐसा योगी सबके साथ यथायोग्य सद् व्यवहार करता हुआ नित्य निरन्तर सभी में अपने स्वरूपभूत एक ही अखण्ड चेतन आत्मा को देखता है, यही समदृष्टि है। जैसे वायु, तेज, जल और पृथिवी आकाश से ही उत्पन्न हैं, आकाश ही उनका परम आधार है, वे सब आकाश के ही एक अंश में स्थित हैं, और आकाश ही उन सबमें व्याप्त है, उसी प्रकार समस्त भूत आत्मा से ही उत्पन्न हैं, आत्मा ही उनका परम आधार है, वे सब आत्मा में ही स्थित हैं, और आत्मा ही उन सबमें व्याप्त है | इस प्रकार एकमात्र सर्वव्यापी अनन्त चेतन आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं है। इस प्रकार की समानता ही सब भूतों में आत्मा को देखना और सब भूतों को आत्मा में देखना है। यह सोचना कि समस्त क्रियाएँ मेरी ही कल्पना हैं और मैं परमात्मा से सर्वथा अभिन्न हूँ – समस्त जगत को आत्ममय देखना है।

इस प्रकार समता का सम्बन्ध प्रधानतया आन्तरिक भावों से है, सर्वत्र समदर्शन से है, समवर्तन से नहीं। इस समता का रहस्य इतना गूढ़ है कि क्रिया और व्यवहार में भेद रहते हुए भी इसमें कोई बाधा नहीं आने पाती। देश काल जाति और पदार्थों की भिन्नता के कारण बाह्य व्यवहार में भिन्नता तो न्यायसंगत और आवश्यक है। देश काल जाति और कुटुम्ब का अभिमान त्याग कर सबकी समभाव से सेवा करना ही वास्तविक साम्यवाद है। जो सर्वत्र समदृष्टि है, व्यवहार में अपना पराया होते हुए भी जो सर्वत्र समबुद्धि रहता है, जिसका समष्टिरूप समस्त संसार में आत्मभाव है वही सच्चा साम्यवादी है। गीता में कहा गया है -

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः ।
निर्दोषं हि समं ब्रह्मा तस्माद् ब्रह्माणि ते स्थिताः ॥[5]

समभाव में स्थित मन वाले जीवित अवस्था में ही सृष्टि विजय कर लेते हैं, अर्थात् मुक्त हो जाते हैं। क्योंकि ब्रह्म पक्षपातरहित तथा समदर्शी है, इसलिये उसका अनुकरण करने वाले उसी

4 गी., ६/२९
5 वही, ५/१९

में स्थित होते हैं। जैसे किसी भी अंग में चोट लगने पर या उसकी संभावना होने पर मनुष्य उसके प्रतीकार की चेष्टा करता है उसी प्रकार समतावादी ज्ञानी पुरुष किसी भी जीव अथवा समुदाय पर विपत्ति पड़ने पर उसके प्रतीकार की यथायोग्य चेष्टा करता है। यही कारण है कि इस प्रकार से जिनकी सर्वत्र सम बुद्धि हो जाती है वे इसी जन्म में संसार को जीतकर जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाते हैं।

सत्व, रज, तम इन्हीं तीन गुणों में राग द्वेष मोहादि समस्त दोष समाहित हैं। समदृष्टि रखने वाला इन तीनों ही गुणों से रहित हो जाता है -

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ॥[6]

इस समस्त जगत को ईश्वर से व्याप्त देखने वाला पुरुष ही समतावादी होता है "ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्।" वास्तव में समता ही सर्वोच्च न्याय है, न्याय ही सत्य है, सत्य परमात्मा का स्वरूप है, और जहाँ परमात्मा है वहाँ नास्तिकता, अधर्म, काम, क्रोध, लोभ, मोह, कपट, हिंसा आदि दुर्गुणों के लिये स्थान ही नहीं रहता। वहाँ सम्पूर्ण अनर्थों का सर्वथा अभाव होकर स्वतः ही सद्गुणों का विकास हो जाता है । समता अमृत है तो विषमता विष। सर्वत्र परमात्मबुद्धि होने के कारण अत्यन्त विलक्षण स्वभाव वाले मित्र, शत्रु, सज्जन पापी आदि के आचरण स्वभाव व्यवहार आदि के भेद का जिस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जिसकी बुद्धि में किसी समय किसी भी परिस्थिति में, किसी भी निमित्त से भेद भाव नहीं आता, जो शत्रु से द्वेष नहीं रखता न ही मित्र से पक्षपात करता है, जो मान में उन्मत्त नहीं होता और अपमान से कर्तव्य विमुख नहीं होता, शीतोष्ण सुख दुःख सभी अवस्थाओं में समान रहता है वही समबुद्धि होता है। उसके मन में समस्त भूतों के प्रति स्वार्थ रहित स्वाभाविक मैत्री व दया का भाव होता है, वह व्यक्ति पूर्णकाम हो जाता है। वह प्रत्येक अवस्था में सन्तुष्ट रहता है। यही कारण है कि उसमें किसी भी प्रकार के दुर्गुण अथवा दुराचार की संभावना नहीं रहती।

गीता का साम्यवाद सर्वत्र ईश्वर के दर्शन कराता है। इसमें पग पग पर धर्म की पुष्टि तथा अहिंसा का प्रतिपादन होता है। स्वार्थ का इसमें लेश भी नहीं है। इसमें कहीं भी आन्तरिक भेद न होकर सर्वत्र आत्मा को अभिन्न देखने की शिक्षा है। इसका लक्ष्य है अभिमानशून्यता के द्वारा आध्यात्मिक सुख का अनुभव करके ईश्वर को प्राप्त करना। यदि आज के साम्यवादी गीता के समतामूलक सिद्धांत का एक अंश भी अपना लें तो ऊँच-नीच, छूत-अछूत, अपना-पराया जैसे समस्त झगड़े बहुत सीमा तक समाप्त हो जाएँ। प्राणिमात्र सुख व शान्ति का जीवन व्यतीत कर सके तथा हमारे मनीषियों की एक समान मन व वाणी होने की कामना पूर्ण हो जाए। श्री श्री रविशंकर जी कहते हैं कि आधुनिक साम्यवाद के प्रणेता कार्ल मार्क्स, लेनिन एवं माओत्से तुंग के समय से भी काफी पहले भारतवर्ष में एक ऐतिहासिक महापुरुष का प्रादुर्भाव हुआ था, जिन्होंने न केवल गरीब, असहाय एवं दलितों पर होने वाले अत्याचारों का विरोध किया, उनके हितों के लिए संघर्ष किया बल्कि तत्कालीन धार्मिक पाखंड एवं थोथे कर्म कांडों का भी विरोध किया और बदले में समाज में उचित रीति रिवाजों के प्रचलन के लिए लोगों को प्रेरणा दी। वह महापुरुष थे श्री कृष्ण, जिनको हिन्दू परायण जनता भगवान का अवतार मानती है। जैसा कि सर्वविदित है साम्यवाद की मूलभूत धारणा है, मनुष्य सब समान हैं, इनमें ऊंच-नीच का कोई भेद नहीं है और जो समाज के

[6] वही, १०/८

कमजोरों पर अत्याचार करता है, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। इसके साथ ही हमारी कोशिश हो कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकें, जिसमें स्वार्थपरकता, एक ही व्यक्ति अथवा परिवार का निरकुंश एवं ठाट-बाट का शासन नहीं हो। न ही किसी तरह का उत्पीडऩ हो। श्री कृष्ण ने अपने काल में यही सब किया। उनके जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि कैसे उन्होंने आज से ५००० साल पहले इन सिद्धान्तों एवं विचारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी थी।

"गीताधर्म और मार्क्सीवाद" शीर्षक अपने आलेख में स्वामी सहजानन्द सरस्वती कहते हैं कि मार्क्स का साम्यवाद भौतिक होने के कारण हलके दर्जे का है, तुच्छ है गीता के आध्यात्मिक साम्यवाद के मुकाबिले में। गीता में प्रायः बीस जगह या तो सम शब्द का प्रयोग मिलता है या उसी के मानी में तुल्य जैसे शब्द का प्रयोग। दूसरे अध्याय के ३८वें तथा ४८वें, चौथे अध्याय के २२वें, पाँचवें अध्याय के १८-१९वें, छठे अध्याय के ८, ९, १३, २९, ३२, ३३वें, नवें अध्याय के २९वें, बारहवें अध्याय के १३, १८वें, तेरहवें अध्याय के ९, २७, २८वें, चौदहवें अध्याय के २४वें तथा अठारहवें अध्याय के ५४वें श्लोकों में सम, समत्व या साम्य शब्द आया है। किसी किसी श्लोक में दो बार भी आया है। चौदहवें अध्याय के २४वें श्लोक में सम के साथ ही तुल्य शब्द भी आया है और २५वें में सिर्फ तुल्य शब्द ही दो बार मिलता है। इनमें केवल छठे के १३वें श्लोक वाला सम शब्द 'सीधा' (Straight) के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इसलिए उसका साम्यवाद से कोई भी सम्बन्ध नहीं है। शेष सम शब्दों या उन्हीं के अर्थ में प्रयुक्त तुल्य शब्दों का साम्यवाद से संबंध जरूर जुड़ जाता है। यदि आसक्त, अनासक्त, परित्यागी या परित्याग आदि शब्दों को, जो सम के ही अर्थ में उसी अभिप्राय से ही प्रयुक्त हुए हैं, भी इसी सिलसिले में गिन लें; तब तो गीता के अंग-प्रत्यंग में यह बात पाई जाती है। पाँचवें अध्याय के १८-१९ - दो - श्लोकों में जो कुछ कहा है वह तो दर्शन या ज्ञानात्मक ही है। क्योंकि वहाँ साफ ही लिखा है कि पंडित लोग समदर्शी होते या सम नाम की चीज को ही देखते हैं, 'पंडिताः समदर्शिनः', 'साम्ये स्थितं मनः।' छठे अध्याय के ८-९ श्लोकों में भी 'समलोष्ठाश्मकांचनः', 'समबुद्धिर्विशिष्यते' के द्वारा कुछ ऐसा ही कहा है।

श्री अरविन्द जी गीता-प्रबन्ध में अपना मत प्रकट करते हुए कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में जिस करुणा की बात की गई है वह आर्य योद्धाओं के शौर्य का प्राण होती है, जो किसी मरे को नहीं मारा करती, बल्कि दुर्बल, दीन, पीडित, पराभूत, आहत और गिरे हुए की सहायता और रक्षा करती है। परंतु वह भी दैवी करुणा की है जो बलशाली पीड़क और धृष्ट अत्याचरी को मार गिराती है और यही साम्यवादी अथवा मार्क्सवादी अवधारणा का भी प्रयोजन है।[7]

श्रीमद् भगवद्गीता में दृष्ट साम्यदृष्टि आध्यात्मिक आधार पर अवस्थित है जबकि मार्क्सवादी अवधारणा धर्म को अलग रखकर साम्यवाद के भौतिक तत्व पर अधिक अवलम्बित दीख पड़ती है, लेकिन यह अन्तर केवल उपरी है; अन्तःपक्ष इससे कुछ भिन्न है। मार्क्सवाद अनिश्वरवादी नहीं है और न ही धर्म के अस्तित्व को अस्वीकार करता है। उनका उद्देश्य तो मात्र इतना है कि धर्म मनुष्य को भाग्यवादी बना देता है, जो उसे किसी भी अवस्था में स्वीकार नहीं क्योंकि यहीं से शोषण, अन्याय और असमानता का प्रारम्भ होता है। मार्क्सवाद का असली काम निरीश्वरता का प्रचार करना नहीं है। उसका तो काम शोषितों एवं पीड़ितों को, कमानेवालों को शिक्षित तथा वर्ग चेतनायुक्त करना है। जो लोग मार्क्सवाद को धर्म का विरोधी कहते हैं, शायद वे गीता-प्रदत्त धर्म के वास्तविक अर्थ अभी तक समझने में समर्थ नहीं हो पाए। स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी का भी यही कथन है कि गीता में जो धर्म बताया गया है वह तो वर्तमान धर्म से अलग ही है, इसलिए उसके साथ धर्म

7 गी.प्र, पृ. ५७

का विरोध नहीं है।[8]

एक स्थान पर लेनिन पादरी, पुरोहितों तक को अपनी पार्टी में लेने की बात करते हैं, बशर्ते कि उनका प्रधान कर्म धर्मप्रचार न होकर पार्टी के कार्यक्रम को पूरा करना हो, तो फिर उन पर धर्म अथवा ईश्वर का अविश्वासी होने का आरोप स्वयं निराधार हो जाता है। बात केवल इतनी है कि युगों-युगों से धर्म को जिस ढंग से व्याख्यायित प्रचारित एवं धर्म के तथाकथित स्वयंभू ठेकेदारों ने एक साधन बना दुरुपयोग किया है; उसी विपदा को देखते हुए मार्क्सवाद धर्म को अलग रखने की बात करते रहे हैं।

वास्तविक साम्यवाद की स्थापना के लिए समाज में हो रहे प्रत्येक प्रकार के भेदभाव को नष्ट कर समाजवाद स्थापित करनी होगी, लेकिन जब तक सभी मनुष्यों में सुख-भाग सम नहीं होगा; तब तक यह स्थिति संभव नहीं -

शांति नहीं तब तक जब तक, सुख-भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो, नहीं किसी को कम हो।[9]

व्यक्तिगत सुखों की प्राप्ति कोई कठिन और बड़ा काम नहीं है। कठिन और बड़ा काम तो संसार के सभी मनुष्यों के सुख के लिए कर्म करना होता है। काव्यकृति कुरुक्षेत्र की रचना करने वाले हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि अपनी साम्यवादी दृष्टि के लिए ख्यात हैं, जिन्होंने महाभारत के युद्ध को आधार बनाकर आधुनिक सन्दर्भ लेते हुए युद्ध की अनिवार्यता के प्रश्न को इन शब्दों में सामने रखा है -

युद्ध को तुम निन्द्य कहते हो मगर, जब तलक हैं उठ रही चिंगारियाँ
भिन्न स्वार्थों के कुलिश-संघर्ष की, युद्ध तब तक विश्व में अनिवार्य है।[10]

'कुरुक्षेत्र' दिनकर के समग्र उपनिवेशवाद विरोधी काव्य चिंतन का भावबंध है जिसमें उपनिवेशवाद का आर्थिक शोषण मुख्य पक्ष है -

सुख समृद्धि का विपुल कोष, संचित कर कल, बल, छल से,
किसी क्षुधित का ग्रास लूट, धन लूट किसी निर्बल से,
हिलो, डुलो मत, हृदय रक्त, अपना मुझको पीने दो,
अचल रहे साम्राज्य शांति का जियो और जीने दो॥[11]

गीता में जिस युद्ध के लिए कृष्ण अर्जुन को प्रेरित कर रहे हैं, वह व्यक्तिगत बदले की भावना अथवा वैयक्तिक सुख और साधनों की प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि धर्म, सत्य और सामाजिक भावना के लिए न्याय स्थापना के लिए है। दिनकर जी भी यही मानते हैं कि यह युद्ध कुछ व्यक्तियों के लिए नहीं था बल्कि इसका अन्तिम लक्ष्य समस्त मानव-समाज को सुख प्रदान करना था, जो एक कठिन कार्य होता है। कुरुक्षेत्र में सामाजिकता की इस भावना को इन शब्दों में पिरोया है -

---

8 स्वामी सहजानन्द सरस्वती, ज्योतिकलश, पृ.२२९

9 कुरु., सर्ग-२, पृ.९१

10 वही, सर्ग-२, पृ.१९

11 वही, सर्ग-३, पृ.२२

इस विवक्ति आहत वसुधा को अमृत पिलाना होगा,
अमित लता-गुल्मों में फिर से सुमन खिलाना होगा।
हरना होगा अश्रु-ताप हत-बन्धु अनेक नरों का,
लौटाना होगा सुहास अगणित- विषण्ण अधरों का।[12]

इसलिए मनुष्य को केवल अपने व्यक्तिगत सुख-दुख को न देखकर समस्त समाज के दुख-कष्ट को दूर करने का उपक्रम करना चाहिए; यही समाजवाद का वास्तविक उद्देश्य है। कवि दिनकर कृत कुरुक्षेत्र में भीष्म युद्धिष्ठिर से कहते हैं -

निज को ही देखो न युद्धिष्ठिर, देखो निखिल भुवन को।
स्ववत् शान्ति-सुख की ईहा में, निरत व्यग्र जन-जन को॥[13]

मनुष्य के संघर्ष से बचा कर निकलने की प्रवृति के कारण अर्जुन की तरह त्याग, तप और भिक्षा मांग कर जीवन यापन करने की बात पर कहा गया है -

त्याग, तप भिक्षा ? बहुत हूँ जानता मैं भी, मगर, त्याग, तप, भिक्षा, विरागी योगियों के धर्म हैं;

संकटकाल में वीरों का मात्र एक ही धर्म है और वह है हाथ में शस्त्र उठाकर युद्धभूमि में प्रस्तुत हो जाना। और यदि वह ऐसे समय में भी पाप और पुण्य के संशय में उलझा रहे तो यह कदापि श्रेयस्कर नहीं। क्योंकि -

पातकी न होता है प्रबुद्ध दलितों का खड्ग, पातकी बताना उसे दर्शन की भ्रान्ति है,
शोषण की श्रृंखला के हेतु बनती जो शांति, युद्ध है यथार्थ में व भीषण अशांति है
सहना उसे ही मौन हार मनुजत्व को है, ईश की अवज्ञा घोर, पौरुष की श्रांति है।[14]

लेकिन यह तुम जैसे वीरों के लिए कदापि शोभा और श्री का कारण नहीं हो सकता -

बद्ध, विदलित और साधनहीन को है उचित अवलम्ब अपनी आह का;
गिड़गिड़ाकर किन्तु माँगे, भीख क्यों वह पुरुष, जिसकी भुजा में शक्ति हो ?[15]

कवि दिनकर की धारणा है कि अन्तिम उद्देश्य मात्र भौतिक साम्यवाद नहीं बल्कि आध्यात्मिक साम्यदृष्टि है, जो मानवता का परमलक्ष्य है, जो आत्मत्याग और कामनाओं को सीमित कर ही पाया जा सकता है। तभी ऐसा युग आएगा जब शोषण, अनाचार और अत्याचार समाप्त होगा -

मनुज के श्रम के अपव्यय की प्रथा रुक जाए।
सुख-समृद्धि-विधान में नर के प्रकृति झुक जाए॥[16]

12 वही, सर्ग-७, पृ.१२३
13 वही, सर्ग-७, पृ.१०५
14 वही, सर्ग-३, पृ.३२
15 वही, सर्ग-२, पृ.१९
16 वही, सर्ग-६, पृ.८४

साम्यवाद के इसी भाव के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिनकर जी पूछते हैं - साम्य की वह रश्मि स्निग्ध उदार, कब खिलेगी विश्व में भगवान। कवि दिनकर ने अपनी रचना कुरुक्षेत्र में कहा है कि गीता का निष्काम कर्म व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं अपितु सामाजिक सुख और न्याय की स्थापना के लिए अत्यन्त आवश्यक एवं कल्याणकारी है –

बुला रहा निष्काम कर्म वह, बुला रही है गीता।
बुला रही है तुम्हे आर्त हो मही समर संभीता॥[17]

कवि की संकल्पना है कि धरती पर ऐसी व्यवस्था बनेगी -

श्रेय होगा मनुज का समता-विधायक ज्ञान, स्नेह-सिञ्चित न्याय पर नव विश्व का निर्माण।
एक नर में अन्य का निःशंक, दृढ़ विश्वास, धर्मदीप्त मनुष्य का उज्ज्वल नया इतिहास।
समर शोषण, ह्रास की विरिदावली से हीन, पृष्ठ जिसका एक भी होगा न दग्ध मलीन।
मनुज का इतिहास, जो होगा सुधामय कोष, छलकता होगा सभी नर का जहाँ सन्तोष।[18]

श्रीमद्भगद्गीता का मर्म जानने वाले इस बात को बेहतर समझते हैं कि धर्म एक निरपेक्ष जीवन मूल्य है और यह साम्यदृष्टि पर अवलम्बित है। कुरुक्षेत्र में साम्य के लिए ही शंखनाद होता है। विषमता और अन्याय ही इनकी दृष्टि में सभी क्लेशों और युद्धों की जड़ है और यही अवधारणा आधुनिक मार्क्सवादी दर्शन की भी है। गीता मनुष्य को सदा निर्भयता का सन्देश देती है। वस्तुतः गीता साम्यवाद की आधारभूत पीठिका है और गीताधर्म को सार्वभौम धर्म सारे संसार का धर्म-मानने और कहने में लेशमात्र भी आशंका नहीं है। स्वयं योगेश्वर कृष्ण का श्रीमद्भगद्गीता के चतुर्थ अध्याय में दिया गया यह वचन सामरस्य, सामनस्य और सामंजस्य की दृष्टि से युक्त साम्यवाद का अपूर्व उद्घोष है -

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥
परित्राणाय साधुनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

## सङ्केताक्षरसूची

1. अथ. - अथर्ववेद
2. इ.उ. - इशोपनिषद्
3. ऋ. - ऋग्वेद
4. कुरु. - कुरुक्षेत्र
5. गी. - श्रीमद्भगवद्गीता

[17] वही, सर्ग-७, पृ.१२२
[18] वही, सर्ग-६, पृ.८४

6. गी.प्र. - गीता-प्रबन्ध

## सन्दर्भग्रन्थसूची


1. ऋग्वेद, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, २००६
2. ईशोपनिषद्, भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद (सम्पा.), इस्कान बुक्स्, बॉम्बे, १९७२
3. कुरुक्षेत्र, रामधारी सिंह दिनकर, राजपाल एंड सन्स, नई दिल्ली,१९९०
4. गीता-प्रबन्ध, श्री अरबिन्द आश्रम प्रकाशन, पॉण्डिचेरी, २०१७
5. श्रीमद्भगद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर, २००८
6. स्वामी सहजानन्द सरस्वतीः ज्योति कलश, महाचन्द्र प्रसाद सिंह, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१४


❀❀❀

# जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार

नेहा जैन

सारांश

भाषा के साथ अर्थ का महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध होता है। अर्थ के अभाव में न तो भाषा, भाषा रहती है, न समाज की संकल्पना का कोई अर्थ होता है। इस प्रकार समाज और भाषा के परिप्रेक्ष्य में अर्थ का केन्द्रिक महत्त्व स्वतः सिद्ध है। अर्थ भाषा का व्यावहारिक पक्ष है, जिसके प्रमाण समाज में हमें प्रतिक्षण मिलते रहते हैं। इसलिए ऋग्वेद ने अर्थरहित वाणी को 'अफलामपुष्पाम्'[1] अर्थात् फल और पुष्परहित कहा है। सम्भवतः शब्दार्थ के नितान्त अपरिहार्य महत्त्व के कारण ही रघुवंशम् महाकाव्य में महाकवि कालिदास ने निम्न मंगलाचरण प्रस्तुत किया है -

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थः प्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ॥[2]

शब्दार्थ के आंतरिक पक्ष का विश्लेषण अर्थविज्ञान के अन्तर्गत किया जाता है। अर्थविज्ञान के माध्यम से शब्दों के अर्थ का विविध दृष्टिकोणों से अध्ययन किया जाता है। उन्हीं के अन्तर्गत अर्थ विज्ञान के प्रख्यात भाषाविद् ब्रील ने अर्थ में होने वाले परिवर्तन की तीन दिशाएँ प्रतिपादित की हैं - अर्थ विस्तार, अर्थ संकोच एवं अर्थादेश। उनके अन्तर्गत प्रतिपादित 'अर्थ विस्तार' वस्तुतः किसी शब्द के मौलिक अर्थ के अधिक विस्तृत हो जाने को दर्शाता है। यह कवि की नवीनतावादी विचारधारा का परिचायक होता है। संस्कृत भाषा में विद्यमान अनेक शब्द ऐसे हैं, जिन्होंने कालांतार में अपने मौलिक अर्थ की अपेक्षा एक विस्तृत अर्थ को धारण कर लिया। इसी परिपाटी का अनुसरण महाकवि कुमारदास ने अपने 'जानकीहरण' नामक महाकाव्य में भी किया है। जानकीहरण में ऐसे अनेक शब्द यत्र-तत्र विद्यमान हैं, जिनमें अर्थ का विस्तार स्पष्टतः परिलक्षित होता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार का विवेचन किया गया है।

(कूट शब्द : जानकीहरण, अर्थ परिवर्तन, अर्थ विस्तार)

.....

परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। परिवर्तन किसी भी जीवित सत्ता की सबसे बड़ी विशेषता है। जीवित भाषा के लिए भी यह बात पूर्णतः सत्य है। प्रत्येक शब्द (प्रत्येक भाषिक इकाई) का अर्थ होता है, किन्तु यह अर्थ सर्वदा एक नहीं रहता। इसमें परिवर्तन होता रहता है। इस अर्थ परिवर्तन को अर्थ विकास भी कहा जाता है। भाषा के विकास के साथ ही नए भावों को व्यक्त करने के लिए नवीन शब्द प्रचलन में आते हैं, या वही शब्द विकास के साथ नवीन अर्थ भी विकसित कर देते हैं। अनावश्यक कुछ शब्द भाषा में प्रयोग से बाहर भी हो जाते हैं। साथ ही समय व परिस्थिति के अनुसार कुछ शब्दों के अर्थ में परिवर्तन भी हो जाता है।

किसी भी भाषा के वैयाकरण भाषा के सम्यक् व्यवहार के लिए चाहे जितने भी नियम बना लें, किन्तु अर्थ में परिवर्तन को वे नहीं रोक सकते।

जब कोई शब्द पहले सीमित अर्थ में प्रयोग किया जाता हो, किन्तु बाद में वह विस्तृत रूप धारण कर ले, तो इसे अर्थ विस्तार कहा जाता है। अर्थ विस्तार का विशद विवेचन भर्तृहरि ने किया है -

संसर्गिषु तथाऽर्थेषु शब्दो येन प्रयुज्यते।
तस्मात् प्रयोजकादन्यानपि प्रत्याययत्यसौ॥[3]

---

1 ऋ.- 9.71.5

2 रघु.- 1.1

3 वा.प., वा.का.- 299

यथा शब्दोऽपि कस्मिंश्चित् प्रत्याय्यार्थो विवक्षिते।
अविवक्षितमप्यर्थं प्रकाशयति सन्निधेः ॥[4]

अर्थात् जिस प्रकार दीपक घटादि के दर्शन के लिए प्रयुक्त किया जाता है परन्तु वह घट के साथ ही साहचर्य और सामीप्य के कारण अन्य वस्तुओं को भी प्रकाशित करता है। इसी प्रकार शब्द भी जिन अर्थों में प्रयुक्त होता है, उनके साहचर्य से अन्य अर्थों का भी प्रकाशन करता है। शब्द अपने मुख्यार्थ का भी बोध कराता है, परन्तु जो अर्थ विवक्षित नहीं है, उसका भी सान्निध्य के कारण बोध करता है।

पतंजलि का कथन है कि अर्थ विस्तार विशेष की अविवक्षा और सामान्य की विवक्षा से होता है —

विशेषस्याविवक्षितत्वात् सामान्यस्य च विवक्षितत्वात् सिद्धम्।[5]

प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से महाकवि कुमारदास द्वारा विरचित जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार का विवेचन किया गया है। प्रस्तुत महाकाव्य में महाकवि कुमारदास ने ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग किया है, जो अपने सीमित अर्थ की परिधि से बाहर निकलकर व्यापक अर्थ की प्रतीति करा रहे हैं। वस्तुतः ऐसे शब्द अर्थ विस्तार की ओर इंगित करते हैं। जानकीहरण में प्रयुक्त ऐसे कुछ शब्दों का विवेचन यहाँ प्रस्तुत है —

- अधर — संस्कृत में 'अधर' शब्द मूलतः तुलनात्मक विशेषण के रूप में प्रयोग किया जाता था। यास्क ने अधर शब्द की व्युत्पत्ति निम्न प्रकार से की है - अधस्$अर(<ऋ)[6] जिसका शाब्दिक अर्थ है - 'नीचे जाने वाला'। ऋग्वेद में भी 'निम्नतर' अर्थ में अधर शब्द का प्रयोग हुआ है।[7] लौकिक संस्कृत साहित्य में अधर शब्द का प्रयोग नीचे का होंठ, निम्नतर अथवा होंठ अर्थों में किया जाता है। वस्तुतः इस अर्थ विकास का कारण है - 'निचला' अर्थ में अधर शब्द का ओष्ठ शब्द के साथ प्रयोग। महाकवि कुमारदास ने भी अधर शब्द का ओष्ठ के साथ प्रयोग किया है —
  - निरूद्धहासस्फुरिताधरोष्ठः[8]
  - यत्तदीयमधरोष्ठपल्लवम्[9]
  - श्वसित हतरूचिर्वराधरोष्ठः[10]

  'अधर' विशेषण का 'ओष्ठ' शब्द के साथ प्रयोग होते-होते कालांतर में ओष्ठ का भाव भी अधर शब्द में संक्रांत हो गया और 'अधरोष्ठ' के लिए केवल 'अधर' शब्द ही प्रयुक्त होने

4 वा.प., वा.का.- 301
5 महा.- 1,2,68
6 निरु.- 2.11
7 ऋ.- 2.12.4
8 जा.- 3.43
9 जा.- 8.15
10 जा.- 16.46

लगा। इसके अर्थ में पुनः विस्तार हुआ और कालांतार में यह सामान्य रूप से होंठ (नीचे का हो अथवा ऊपर का) को ही लक्षित करने लगा। जानकीहरण में भी कविवर ने 'ओष्ठ' अर्थ के प्रकटीकरण के लिए अनेक स्थानों पर अधर शब्द का प्रयोग किया है।[11]

- कुशल - कुशल शब्द की व्युत्पत्ति है - 'कुशान् लाति इति कुशलः' अर्थात् कुश (घास) को लाने वाले व्यक्ति को ही पहले कुशल कहा जाता था। कुश का अग्रभाग तीक्ष्ण होता है उससे हाथ के कटने का भय रहता था, अतः उसको लाने में विशेष सावधानी व चतुरता की आवश्यकता होती थी। इसी कारण 'कुशल' शब्द के साथ 'चतुर' अर्थ संलग्न हो गया और कालांतर में किसी भी कार्य को चतुरतापूर्वक करने वाले व्यक्ति को कुशल कहा जाने लगा। प्रस्तुत महाकाव्य में भी कुशल शब्द का प्रयोग 'चतुर' अर्थ के संदर्भ में ही किया गया है —

  - केचिद्विधातुं विधिमुद्यतेभ्यः क्रियासु दक्षाः कुशलेतरेभ्यः[12]
  - व्याजहार ननु लज्जया गिरा नव्यनृत्यकुशलेव भर्त्तरि[13]

- गुण - गुण शब्द का मूल अर्थ है - रस्सी की लड़ अथवा डोरी। जानकीहरण में डोरी अर्थ में गुण शब्द का अनेक स्थानों पर प्रयोग किया गया है।[14] शनैः शनैः गुण शब्द भी अनेक अर्थों में विस्तृत होता चला गया। रस्सी, दो या दो से अधिक लड़ों से बटकर बनाई जाती है। वे लड़ उस रस्सी के घटक (मुख्यावयव) होते हैं। बाद में इसी भाव-सादृश्य के आधार पर किसी भी वस्तु के मुख्य अवयवों, मुख्य विशेषताओं अथवा स्वभाव को भी गुण कहा जाने लगा। आलंकारिक रूप में शरीर में पाए जाने वाले सत्त्व, रजस् और तमस् नाम के तीन स्वभावों या धर्मों को भी गुण कहा जाता है। गुण शब्द के अन्य अनेक अर्थ (सद्गुण, अच्छाई, लाभ, उपयोग आदि) भी विकसित हुए। जानकीहरण में भी इन अर्थों में गुण शब्द का बहुधा प्रयोग किया जाता है।[15]

- तैल - तिल शब्द में अण् प्रत्यय लगाकर तैल शब्द की निष्पत्ति होती है। तैल शब्द का मूल अर्थ है - तिल का सार अथवा रस। धीरे-धीरे इसका अर्थ विस्तृत होकर द्रवमात्र के लिए प्रयुक्त होने लगा। अब तो तैल का प्रयोग सभी प्रकार के तेल के लिए होता है - तिल, सरसों, मूँगफली, गोला, अलसी आदि। यहाँ तक कि तिल के तेल के लिए 'तिलतैलम्' शब्द का प्रयोग करना पड़ता है। जानकीहरण में भी तेल के लिए तैल शब्द का प्रयोग निम्न प्रकार से हुआ है -

  - 'सलिलविच्युततैलसमप्रभम्'[16]
  - 'सतैलपटवेष्टिता चटचटं स्फुटन्ती भृशम्'[17]

---

11 जा.- 8.16, 8.40, 8.47, 8.52, 8.96, 8.98, 9.60, 10.12, 10.89, 11.29, 12.28, 16.35,16.48, 16.53, 16.66, 19.38, 19.49

12 जा. - 7.46

13 जा. - 8.20

14 जा. - 8.8, 8.10, 8.37, 9.42, 9.44, 12.24, 13.40, 19.13

15 जा. - 1.78, 1.89, 2.68, 5.38, 8.49, 10.3, 10.66, 12.50, 15.16

16 जा.- 11.54

17 जा.- 13.43

- चन्द्र - संस्कृत में चन्द्र शब्द मूलतः एक विशेषण था, जिसका मूल अर्थ था - चमकीला। चन्द्र शब्द के 'चमकीला' अर्थ से 'चाँद' अर्थ विकसित हुआ। इस अर्थ विकास का भी एक कारण है। चाँद के चमकीला होने से उसके लिए इस विशेषण का प्रयोग सर्वप्रथम अथर्ववेद में मिलता है।[18] इसके पश्चात् अन्य वैदिक ग्रंथों[19] व लौकिक संस्कृत-साहित्य में भी (पुं०) चन्द्र शब्द का चाँद अर्थ में प्रचुर प्रयोग किया गया है। जानकीहरण महाकाव्य में भी चन्द्रमा के संदर्भ में चन्द्र शब्द का प्रयोग बहुधा देखा गया है।[20]
- पंक्ति - संस्कृत में पंक्ति शब्द का मौलिक अर्थ है - 'पाँच का समूह'। इसकी व्युत्पत्ति मोनियर विलियम्स ने पंचन् (पाँच) से मानी है। इसी प्रकार ऋग्वेद में पंक्ति नामक एक छंद भी है, जिसमें पाँच पाद होने के कारण ही उसका यह नाम पड़ा। किन्तु शनैः शनैः पंक्ति शब्द का अर्थ विस्तृत होकर किसी भी संख्या के समूह को द्योतित करने लगा। जानकीहरण में 'दस' के समूह के अवबोधन हेतु अत्यन्त मनोहारी रूप में इसका प्रयोग हुआ है -
  - 'तत्राभवत् पंक्तिरथाभिधानो भर्ता भुवो भानुनिभः प्रभावैः'[21]
  - 'वक्त्राणि पंक्तिसंख्यानि पुनः सृष्टानि शूलिना'[22]

  पंक्ति शब्द के अर्थ में इससे भी अधिक विस्तार होता गया, तथा किसी भी प्रकार की वस्तुओं के समूह अथवा कतार अथवा श्रेणी के लिए भी इसका प्रयोग होने लगा। जानकीहरण में भी कतार अथवा श्रेणी अर्थ में इसका प्रयोग अनेक बार किया गया।[23]
- सिन्धु - सिन्धु शब्द का मूल अर्थ है - नदी, जलधारा अथवा स्रोत। ऋग्वेद में नदी अर्थ में इसका प्रचुर प्रयोग किया गया है - 'यो हत्वाहिमरिणात् सप्त सिन्धून्'।[24] वैदिक साहित्य में सिन्धु शब्द के 'नदी' अर्थ से 'समुद्र' अर्थ का भी विकास पाया जाता है।[25] जानकीहरण महाकाव्य भी इस अर्थ (समुद्र) में सिन्धु शब्द के प्रयोग से अछूता नहीं है।[26]
- निपुण - जानकीहरण में किसी कार्य को करने में दक्ष अथवा चतुर व्यक्ति के लिए कवि ने 'निपुण' शब्द का प्रयोग निम्न रूप में किया है -
  - 'इति निपुणसखी गिरा निरासे मनसि निशाचरयोषितोऽभिमानः'[27]

  वस्तुतः निपुण शब्द का इस अर्थ में प्रयोग अर्थ विस्तार का ही एक रूप है। आरम्भिक संस्कृत-भाषायी समाज में निपुण शब्द का प्रयोग उस व्यक्ति के लिए किया जाता था, जो

18 अथर्व.- 2.15.2, 2.22.1, 3.31.6 इत्यादि
19 वाज.- 22.28, 39.2, शतपथ.- 6.2, 2.16
20 जा.- 1.23, 1.25, 1.37, 2.8, 2.12, 3.81, 6.3, 7.13, 7.21, 7.30, 7.33, 8.80, 12.30, 16.21, 16.23, 20.32
21 जा.- 1.12
22 जा.- 2.51
23 जा.- 1.58, 3.33, 3.37, 11.4, 12.4, 14.46, 16.70, 18.1
24 ऋ.- 2.12.3
25 ऋ.- 1.115.6
26 जा.- 3.59, 6.38, 11.90, 11.95, 14.34, 14.45
27 जा.- 16.40

दान–पुण्य करने में चतुर (नि$पुण$क) हो, किन्तु बाद में किसी भी कार्य में चतुर व्यक्ति को निपुण कहा जाने लगा।

- कठिन - संस्कृत में कठिन शब्द का मौलिक अर्थ है - सख्त या कड़ा। इसके मौलिक अर्थ से ही कठिन शब्द के अन्य अनेक अर्थ विकसित होते गये, जैसे - निष्ठुर, उग्र व दुष्कर। भौतिक स्थूल पदार्थों के सख्त होने के भाव–सादृश्य से हृदय के सख्त होने व पीड़ा आदि के उग्र होने को भी कठिन कहा गया। इसका 'दुष्कर' अर्थ भी 'सख्त' अर्थ के भाव–सादृश्य से आलंकारिक रूप में प्रयोग होने के कारण विकसित हुआ है। जानकीहरण में भी कठोर व निष्ठुर अर्थों में कठिन शब्द अनेक बार प्रयुक्त हुआ है।[28]
- धूप - संस्कृत में धूप शब्द का मौलिक अर्थ है - सुगन्धित धुआँ व ग्रन्थ–द्रव्य। इसके 'सुगन्धित धुआँ' अर्थ से ही कालांतर में 'सूर्य का प्रकाश' व 'ताप' अर्थ का विकास हुआ। कपूर आदि को जलाने पर जो सुगन्धित धुआँ उठता है, उसमें उष्णता भी रहती है। इसी के भाव–सादृश्य से धूप शब्द के साथ उष्णता का अर्थ भी संलग्न हो गया, कालांतर में इसका प्रयोग सूर्य की उष्णता व प्रकाश के लिए भी किया जाने लगा। जानकीहरण में भी धूप शब्द 'सूर्य के प्रकाश' को ही परिलक्षित कर रहा है।[29]

जानकीहरण में ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जो उनके अर्थ विस्तार की ओर सहज ही संकेत करते हैं। ऐसे कुछ शब्दों का विवेचन तो ऊपर प्रस्तुत किया जा चुका है, किन्तु कुछ अन्य शब्दों को यहाँ पर तालिका के माध्यम से संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है -

| शब्द | मौलिक अर्थ | विस्तृत अर्थ | जानकीहरण में प्रयोग |
|---|---|---|---|
| ओषधि | पौधा, जड़ी–बूटी | दवाई | 15-43, 19-10, 20-40 |
| कर्कश | सख्त, कड़ा | कठोर, निष्ठुर, उग्र, निर्दय आदि | 1-18, 12-1 |
| खेद | शारीरिक कष्ट | शारीरिक व मानसिक कष्ट | 5-34, 7-26, 7-33, 19-36 |
| प्रजा | प्रसव, उत्पत्ति | सन्तान, राज्य के अन्तर्गत रहने वाला जनसमूह | 1-44, 1-44, 1-70 |
| प्रसाद | स्वच्छता | स्वच्छता, अनुकम्पा | 3-38, 3-30 |
| रश्मि | रस्सी | रस्सी, लगाम, किरण | 2-6, 7-30, 8-57, 8-62, 8-67, 8-69, 8-72, 8-73, 8-80, 8-81, 8-86, 8-89, 12-2, 12-16, 12-20, 16-2, 16-9, 16-27, 16-68, 19-19, 20-32, 20-38 |
| विकास | फूलों आदि का खिलना | वृद्धि, विस्तार | 3-44 |

[28] जा.- 1.80, 3.20, 7.9, 11.28, 14.4, 14.57, 14.66

[29] जा.- 1.20, 7.38, 9.48

| | | | |
|---|---|---|---|
| चित्र | स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने वाला | रंग-बिरंगा, आश्चर्यजनक | 1-47, 14-29, 1-35 |

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से यह सहज ही स्पष्ट हो जाता है कि जानकीहरण महाकाव्य का शब्द-भण्डार अमूल्य है। वस्तुतः कवि ने किसी प्राचीन अर्थ को त्यागने में संकोच नहीं किया है। उसने काल व समयानुसार ही अर्थ-प्रयोग किया है। यह कवि के नवीनतावादी विचारों का परिचायक है। इससे जानकीहरण महाकाव्य की भाषा अधिक समृद्ध हो गयी है।

## उपसंहार

निष्कर्षतः महाकवि कुमारदास द्वारा विरचित जानकीहरण महाकाव्य का शब्द-भण्डार अनुपम है। महाकाव्य में अर्थ परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण रूप से दिखाई देता है। शब्द का अपने मौलिक अर्थ को त्यागकर नवीन अर्थ को ग्रहण कर लेना अर्थ को विकसित ही करता है। कहीं-कहीं तो कविवर ने जानकीहरण में किसी स्थान पर तो शब्द का विस्तृत रूप प्रस्तुत किया है, तो वहीं दूसरी ओर उसी शब्द के मौलिक अर्थ को सहेजना भी कवि नहीं भूले, महाकाव्य में अन्यत्र उसी शब्द को उसके मूल अर्थ हेतु प्रयोग करना कवि के चातुर्य का साक्षात् उदाहरण है। निःसंदेह जानकीहरण महाकाव्य में विद्यमान अर्थ विस्तार श्लाघनीय व अनुपम है।

## सङ्केताक्षरसूची

1. अथर्व. - अथर्ववेद
2. ऋ. - ऋग्वेद
3. जा. - जानकीहरण
4. निरु. - निरुक्त
5. महा. - महाभाष्य
6. रघु. - रघुवंश
7. वाज. - वाजसनेयिसंहिता

## सन्दर्भग्रन्थसूची

1. अथर्ववेदसंहिता, परोपकारिणी वैदिक पुस्तकालय, अजमेर, वि.सं, 2004
2. अर्थविज्ञान (संस्कृत व्याकरण एवं काव्यशास्त्र का योगदान), डॉ. कमलकांत मिश्र, नाग प्रकाशक, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1988
3. ऋग्वेदसंहिता, ईश्वर चन्द्र (सम्पा.), परिमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011
4. जानकीहरणम् (प्रथम व द्वितीय सर्ग), डॉ. यदुनन्दन मिश्र, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1971

5. जानकीहरण (1 से 20 सर्ग तक), पं. व्रजमोहन व्यास, मित्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद, 1967
6. भर्तृहरिप्रणीतं वाक्यपदीयम् (वाक्यकाण्डम्), पुण्यराजकृतया टीकया अम्बाकर्त्रीव्याख्यया च सहितम्, समपूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी, 1980
7. भाषाविज्ञान, डॉ. कर्णसिंह, साहित्य भण्डार, मेरठ, पञ्चदश संस्करण, 2002
8. रघुवंशमहाकाव्य, पं. ज्वालाप्रसाद मिश्र (सम्पा.), श्रीवेङ्कटेश्वर प्रेस, बंबई, 1964
9. व्याकरणिक कोटियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, डॉ. दीप्ति शर्मा, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, प्रथम संस्करण, 1975
10. हिन्दी में प्रयुक्त शब्दों में अर्थ परिवर्तन, डॉ. केशवराम पाल, प्राची प्रकाशन, मेरठ, प्रथम संस्करण, 1964

❀❀❀

# शाब्दिकमते लक्षणाविमर्शः

सदानन्द झा

सारांश

जानन्त्येव शास्त्ररसिकाः शब्दशास्त्रस्य द्विधा परम्परा विद्यते। एका प्रक्रिया मूला अपरा च व्याकरणदर्शनमूला। व्याकरणदर्शनपरम्परायां लक्षणायाः स्थानमतीवमहत्त्वपूर्णमत्र न कश्चन संशयपंककलङ्कलेशः। पदपदार्थयोः सम्बन्धान्तरमेव शक्तिः। सा च वृत्तिस्त्रिधा शक्तिर्लक्षणाव्यञ्जना चेति। यद्यपि वैयाकरणाः लक्षणावृत्तिं नोररीकुर्वन्ति मुक्तकण्ठस्तथापि अप्रसिद्धां शक्तिं स्वीकृत्य कामपि वृत्तिं मन्यन्त एव। सा लक्षणा दार्शनिकमते शक्यसम्बन्धरूपा, मीमांसकानां मते ज्ञाप्यसम्बन्धरूपा, वैयाकराणां मते शक्यतावच्छेदकारोपरूपा संस्थापिता वर्तते। एतद्विषये महाभाष्यं वाक्यपदीय-काशिकान्यायदर्शन-न्यायवार्त्तिक-मीमांसासूत्र-तत्त्वचिन्तामणि-वेदान्तपरिभाषा-तर्कप्रकाश-न्यायसिद्धान्तमुक्तावली-काव्यप्रकाश-ध्वन्यालोक-रसमहार्णव-रसगङ्गाधर-वैयाकरणभूषणसार-सिद्धान्तकौमुदी-लघुमञ्जूषा-परमलघुमञ्जूषा-समासशक्तिदीपिका-साहित्यमीमांसाप्रभृतिभ्यो ग्रन्थेभ्यो प्रकृतानुगुणं सारमादाय प्रणीतोऽयं शोधनिबन्धः लक्षणाविमर्शाख्यः। यत्रान्ते शाब्दिकसम्मतं मतं संस्थापितम्।

(कूट शब्द - लक्षणा, शब्दः, प्रमाणम्, शाब्दबोधः, शक्तिः)

.....

आप्तोपदेशरूपस्य शब्दस्य प्रामाण्यं स्वीकृतमास्ते[1]। तत्र शब्दस्य प्रामाण्ये स्थिते येन केनापि शब्देन यस्य कस्याप्यर्थस्य भानं कस्मान्न जायते? इत्यादिशङ्कासमाधानाय शिष्टानुभवसिद्धः कार्यकारणभावो जागर्तितरां शाब्दबोधं प्रति वृत्तिज्ञानं हेतुरिति। एतस्यैव विशिष्टं परिष्कृतं स्वरूपं तत्रभवता नागेशभट्टेन प्रदर्शितम्[2] - तद्धर्मावच्छिन्नविषयक-शाब्दबोद्धत्वावछिन्नं प्रति तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपित-वृत्तिविशिष्टज्ञानं हेतुरिति। वैशिष्ट्यञ्च स्वविषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्य-स्वाश्रयपदविषयकत्वोभयसम्बन्धेन। सकलघटशाब्दबोधाय सकलघटार्थबोधाय च तद्धर्मावच्छिन्नेति। वृत्तिज्ञानशून्यस्य शाब्दबोधवारणाय वृत्तिज्ञानस्य हेतुता प्रदर्शिता। विशेष्यविशेषणभाववैपरीत्यज्ञाने विपरीतबोधसम्भावनावारणाय तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितेति कथनम्। एवमेव वैशिष्ट्यदानेन विस्मृतवृत्तिकस्य तत्पदमजानतश्च न शाब्दबोधो भवति। इत्थं च शब्दतो बोधे वृत्तिज्ञानमेव कारणम्। सा च वृत्तिः शाब्दबोधोपयिकः सम्बन्धः। तस्याः त्रैविध्यं प्रसिद्धयति - शक्तिर्लक्षणा व्यञ्जना चेति।

तत्र प्राधान्येन प्रथमोपात्ता पदपदार्थसम्बन्धरूपा शक्तिः कौण्डभट्टमतेन बोधकतारूपा[3], नागेशमतेन च वाच्यवाचकभावा[4] स्वीकृता। एनामेव साहित्यिका अभिधां कथयन्ति या मुख्यार्थरूपा साक्षादर्थबोधिका भवति।

लक्षणा तु शक्त्युपजीविका व्यञ्जनोपजीव्या मध्यानायिकास्वरूपा द्वितीया वृत्तिरस्ति। शक्त्या उपस्थितार्थस्य यत्र अन्वयः संगतो न भवति, सत्यप्यन्वये वा तात्पर्यं नोपपद्यते तत्र वाक्यार्थसंगतये लक्षणैव समर्था भवति। यथा - 'गङ्गायां घोषः' इत्यत्र गङ्गायाः शक्यार्थे प्रवाहे आभीरपल्लीस्वरूपस्य घोषस्यावस्थानासम्भवाद् गङ्गासम्बद्धतीरे लक्षणा क्रियते। तथा च तीरे घोषाधिकरणमन्वितं भवति। एतल्लक्षणायाः प्रयोजनं व्यंग्यार्थस्य शैत्यपावनत्वातिशयादिप्रतीतिरेव।

प्रस्तुते शोधनिबन्धे लक्षणावृत्तिविवेचनक्रमे न्याय-मीमांसा-वेदान्त-व्याकरण-साहित्यशास्त्रीयपण्डितानां मनोविनोदजनितखण्डन-मण्डनप्रदर्शनपुरस्सरं वैयाकरणमतस्पष्टीकरणं लक्ष्यमस्ति।

---

1 परम.- आरम्भे

2 परम.- शक्तिनिरूपणे

3 वै.भू.- शक्ति.

4 परम.- शक्ति.

2. *Abhinavagupta*, G.T. Deshpande, Sahitya Akademi, New Delhi, 1992.
3. *Aesthetic Rapture: The Rasādhyāya of the Nāṭyaśāstra* (two volumes), J.L. Masson and M.V. Patwardhan, Deccan College, Poona, 1970.
4. *Bhāmaha, Kāvyālaṅkāra*, Devendranatha Sharma, Patna: Bihar Rastrabhasa Parisad, 1985.
5. *Bharatamuni, Nātyaśāstra with the commentary Abhinavabhāratī of Abhinavaguptacarya*, [in four volumes: vols. 1-3 edited by M. Ramakrishna Kavi and vol. 4 by M. Ramakrishna Kavi and J. S. Pade], Baroda: Oriental Institute, 1926, 1934, 1954, 1964.
6. *Comparative Aesthetics* (vol.1). Varanasi: Chowkhamba Sanskrit Series Office, 1995.

7. *Comparative Aesthetics* (vol.2). Varanasi: Chowkhamba Sanskrit Series Office, 1972.
8. *Dhvanyāloka with Locana of Abhinavagupta*, the Bālapriyā subcommentary of Rāmasāraka, and the Divyāñjanā notes of Pt. Mahadeva Sastri, ed. Pt. Pattabhirama Shastri, Banaras: Haridas Sanskrit Series, 1940.
9. *Śāntarasa and Abhinavagupta's philosophy of aesthetics*. BORI, Poona, 1969.
10. *Śiva-Sūtras: The Yoga of Supreme Identity- Text of the Sūtras and the commentary Vimarśinī of Kṣhemarāja*, trans. Jaideva Singh, Delhi: MLBD, 2000.
11. *Śiva-Sūtra with Vṛtti*, ed. J.C. Chatterji, Srinagar: KSTS, 1926.
12. *Śiva-Sūtra with Vārttika of Bhāskara*, Vasugupta, J.C. Chatterji (ed.), KSTS, Srinagar, 1916.
13. *The Aesthetic Experience According to Abhinavagupta*, Raniero Gnoli, Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi, 1985.
14. *The Concept of Rasa: With Special Reference to Abhinavagupta*, S.C. Pande (ed.), Aryan Books International, New Delhi, 2009.
15. *The Dhvanyāloka with the Locana of Abhinavagupta*, ed. (with an introduction) Daniel H.H. Ingalls, trans. Daniel H.H. Ingalls, J.L. Masson, M.V. Patwardhan, Massachusetts: Harvard University Press, 1990.
16. *Vijñāna-Bhairava or Divine Consciousness*, trans. Jaideva Singh, Delhi: MLBD. 1979.
17. *Vijñāna-Bhairava: The practice of centring awareness*, ed. Lakshman Joo, Varanasi: Indica Books, 2002.
18. *Vyākaraṇatantra kā Kāvyaśāstra para prabhāva*, H.R. Mishra, Eastern Book Linkers, Delhi, 1994.

❀❀❀

# पण्डित विष्णु शर्मा कृत पञ्चतन्त्र के अपरीक्षितकारकम् की वर्तमान में प्रासंगिकता

कुसुमलता टेलर

सारांश

संस्कृत साहित्य में पञ्चतन्त्र नीति कथाओं का एक ऐसा ग्रन्थ है जो कि भारत में अत्यन्त प्राचीन है। पञ्चतन्त्र में सदाचार, मित्रता, शत्रु, नारी, अतिथिसत्कार, उद्योग, आचार-व्यवहार, नैतिक आदर्श आदि का रोचक वर्णन किया गया है। पञ्चतन्त्र में पाँच तन्त्र हैं – मित्रभेद, मित्रलाभ, सन्धिविग्रह, लब्धप्रणाश तथा अपरिक्षितकारक। प्रत्येक तन्त्र में मुख्य कथा एक ही है जिसको पुष्ट करने के लिए अन्य अनेक उपकथाएं दी गई हैं। इस लेख में वर्तमान समाज में अपरीक्षितकारकम् की प्रासङ्गिकता को दर्शाया गया है।

(कूटशब्द – पञ्चतन्त्र, विष्णुशर्मा, नीति ग्रन्थ, कथासाहित्य, अपरीक्षितकारक)

.....

संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा होने के कारण यह सभी भाषाओं की जननी के नाम से विख्यात है। वेद संस्कृत भाषा में होने के कारण संस्कृतभाषा को देव भाषा भी कहा जाता है। संस्कृतं नाम दैवी वागन्वाख्याता महर्षिभिः।[1]

संस्कृत साहित्य में कथा साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है पञ्चतन्त्र कथा साहित्य का ही एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है जिसमें व्यवहार, नीति और राजनीति की शिक्षा प्रदान की गई है।

संपूर्ण संस्कृत कथा साहित्य को स्वरूप की दृष्टि से दो भागों में विभक्त किया गया है[2] -

1. उपदेश परक नीतिकथाएँ।
2. मनोरञ्जनात्मक लोककथाएँ।

डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने कथाओं को चार प्रकार का माना है[3] - अद्भुत कथा, लोक कथा, कल्पित कथा और पशु कथा।

1. लोककथा - यह कथाएँ मनोरञ्जनात्मक होती हैं। इनके पात्र मनुष्य होते हैं। इन मनोरञ्जनात्मक लोक कथाओं का वृहत सङ्ग्रह संस्कृत में विद्यमान है।[4]
2. नीतिकथा - नीतिकथाएँ उपदेशात्मक होती हैं। इनके पात्र पशु पक्षी होते हैं। नीति कथाओं का उद्देश्य रोचक कथाओं द्वारा धर्म, अर्थ और काम का उपदेश देना है।

इन कथाओं का प्रतिपाद्य विषय सदाचार, राजनीति तथा व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

पञ्चतन्त्र संस्कृत नीति कथा साहित्य का अत्यन्त प्राचीन व महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें नीति की बड़ी मनोहर व शिक्षाप्रद कहानियाँ है। पञ्चतन्त्र के लेखक पण्डित विष्णु शर्मा हैं। इसका उल्लेख पञ्चतन्त्र के कथामुख में मिलता है। पण्डित विष्णु शर्मा भारतीय नीति शास्त्र में प्रवीण, प्रखर बुद्धि एवं मनीषी विद्वान थे। उन्होंने प्राचीन नीति शास्त्र का पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया था। जब राजा अमरशक्ति ने अपने तीनों पुत्रो के लिए पण्डित विष्णुशर्मा से कहा कि यदि आप मेरे पुत्रों को

---

1 काव्या., 1/33

2 संस्कृत साहित्य का इतिहास (लौकिक खण्ड) डॉ. प्रीति प्रभा गोयल, प्रकाशक राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ.सं. 238

3 वही, पृ.238

4 वही, पृ.243

राजनीति में असाधारण कर देंगें तो मैं आपको 100 गांवों का शासन दे दूँगा। तब पण्डित विष्णु शर्मा ने कहा कि - "नाहं विद्याविक्रयं शासनशतेनापि करोमि।"[5] फिर भी तुम्हारे पुत्रों को यदि छः मास में नीतिशास्त्र को जानने वाला ना बना दूँ तो मैं अपने नाम का परित्याग कर दूँगा अर्थात् उस दिन से विष्णु शर्मा नहीं कहलाऊंगा। अधिक क्या मेरी ऐसी गर्जना सुनिए। मैं कोई धन का लोभी नहीं रहा हूं। सभी इन्द्रियाँ विषय से हटे हुए का तथा अस्सी वर्ष की अवस्था वाले का धन से कोई प्रयोजन नहीं रहा है किन्तु तुम्हारी कामना की पूर्ति के लिए (विद्या की देवी) सरस्वती का मनोरञ्जन करूंगा। तो राजन् आज का दिन लिख ले यदि मैं छः मास में तुम्हारे पुत्रों को नीति शास्त्र में असाधारण ज्ञान वाला नहीं कर दूँ तो ईश्वर मुझे स्वर्ग का मार्ग ना दिखलाए।[6] राजा ने प्रसन्न होकर अपने पुत्रों को पण्डित विष्णु शर्मा को सौंप दिए। विष्णु शर्मा भी उनको लेकर उनके लिए मित्रभेद, मित्रसम्प्राप्ति, काकोल्लूकिय, लब्धप्रणाश और अपरिक्षितकारक नामक इन पाँच तन्त्रों की रचना करके इन राजपूतों को पढ़ाया। राजपुत्र भी कहे हुए समय में राजनीति शास्त्र में पारङ्गत हो गए। तब से यह पञ्चतन्त्र पृथ्वी पर बालकों के लिए प्रसिद्ध व श्रेष्ठ ग्रन्थ हो गया।

पञ्चतन्त्र का रचनाकाल 300 ईसवी के आसपास का माना जाता है।[7] पण्डित विष्णु शर्मा ने पाँच तन्त्रों की रचना की जो पञ्चतन्त्र के नाम से प्रसिद्ध हुआ, वे तन्त्र हैं -

1. मित्रभेद - यह पञ्चतन्त्र का प्रथम भाग है इसमें मित्र से भेद सम्बन्धित पशु-पक्षियों की कहानियाँ हैं।
2. मित्रसम्प्राप्ति - यह पञ्चतन्त्र का द्वितीय तन्त्र है। इस भाग में अपने सामर्थ्य को समृद्ध करने के लिए उपयोगी व्यक्तियों से कैसे मित्रता की जाए इस विषय से सम्बन्धित कहानियाँ हैं।
3. काकोलूकिय - यह पञ्चतन्त्र का तृतीय तन्त्र है इसमें कवि ने कूटनीति की शिक्षा से सम्बन्धित कहानियाँ प्रस्तुत की है।
4. लब्धप्रणाश - नामक चतुर्थ तन्त्र में बुद्धि को स्थिर रखकर कार्य में सफलता कैसे प्राप्त की जाएँ इस विषय से सम्बन्धित कहानियाँ हैं।
5. अपरीक्षितकारक - इस तन्त्र में पण्डित विष्णु शर्मा ने बिना ठीक देखे, बिना ठीक जाने, बिना ठीक सुने, बिना अच्छी तरह परीक्षा किए कोई कार्य नहीं करना चाहिए से सम्बन्धित कहानियाँ दी हैं। पञ्चतन्त्र के प्रत्येक तन्त्र में एक मुख्य कथा है तथा उससे सम्बन्धित कई उपकथाएँ हैं। जिनमें पशु-पक्षियों के माध्यम से नीति, सदाचार व लोक व्यवहार की शिक्षा दी गई है। पञ्चतन्त्र की रचना में कवि ने गद्य और पद्य दोनों का प्रयोग किया है। गद्य में कथा है तो पद्य में एक लघु छन्द में मार्मिक ठोस व गम्भीर शब्दों में अपनी बात कही है। अपरीक्षितकारक पण्डित विष्णु शर्मा द्वारा लिखित पञ्चतन्त्र का अन्तिम व पाँचवा तन्त्र है। इस तन्त्र में मुख्य क्षपणक कथा के साथ साथ चौदह उपकथाएँ हैं। 98 श्लोकों के माध्यम से धर्म, राजनीति और नीति सम्बन्धित शिक्षाएँ प्रदान की है।

---

5 अपरीक्षितकारक, डॉ. कर्ण सिंह, साहित्य भण्डार, शिक्षा साहित्य के मुद्रक एवं प्रकाशक, सुभाष बाजार, मेरठ 250002, पृ.सं. 10

6 वही, पृ.10

7 वही, पृ.4

## अपरीक्षितकारक की कथाएँ [8]

1. **क्षपणक कथा** - यह मुख्य कथा है। इस कथा में सेठ मणिभद्र का पद्मनीधि को मारते हुए देखकर एक नाई ने उसका अनुकरण बिना सोचे समझे व किसी परीक्षा किए बगेर अनेक जैन सन्यासियों को लालच देकर अपने घर बुलाकर उनके सिर पर डण्डे मारना शुरू कर देता है जिससे कुछ सन्यासियों की मृत्यु हो जाती है और कुछ बेहोश हो जाते हैं। जिसके कारण नाई पर सन्यासियों को मारने का दोष लगता है। न्यायाधीशों के द्वारा उसे कारण पूछने पर उसके द्वारा मणिभद्र सेठ का अनुकरण करना बताया गया। न्यायाधीशों द्वारा अनुचित कार्य करने पर नाई को मृत्युदण्ड दिया जाता है।

2. **ब्राह्मणी नकुल कथा** - इस कथा में एक ब्राह्मणी द्वारा नेवले को पुत्रवत् पाला जाता है। किन्तु वह उस पर कभी विश्वास नहीं करती है इसलिए वह अपने पुत्र को अकेला नहीं छोड़ती। एक बार वह ब्राह्मण के भरोसे अपने पुत्र को छोड़कर जल भरने चली जाती है। ब्राह्मण लोभवश पुत्र को छोड़ भिक्षा लेने चला जाता है। पीछे से एक सर्प आता है। नेवला सर्प को मार देता है। घर आने पर ब्राह्मणी देखती है कि नेवले का मुँह लाल हो रखा है। ब्राह्मणी समझती है कि नेवले ने पुत्र को मार दिया है। इसलिए वह बिना कुछ सोचे समझे, बिना कुछ देखे, जल का घड़ा नेवले पर डाल देती है। नेवला मर जाता है। घर के अन्दर जाकर देखती है कि पुत्र सुरक्षित है और बाद में वह बहुत पछताती है।

3. **लोभाविष्ट चक्रधर कथा** - यह कथा चार निर्धन ब्राह्मण पुत्रों की कथा है जो घर छोड़कर अवन्ती देश उज्जैन की तरफ जाते हैं वहां उनकी मुलाकात भैरवानन्द योगी से होती है। वे उनको एक एक वर्तिका देकर हिमालय की ओर प्रस्थान करने को कहते हैं। योगी ने यह भी बताया कि जहाँ जिसकी वर्तिका गिरेगी वहां उसको खजाना प्राप्त होगा। एक एक करके ब्राह्मण की वर्तिका गिरती रही और उन्हें एक को ताँबा एक को चाँदी एक को सोना प्राप्त हुआ। जिसको सोना प्राप्त हुआ उस मित्र ने चौथे ब्राह्मण पुत्र को भी कहा कि सोने से बढ़कर और क्या है तुम भी यहां से सोना प्राप्त कर लो और घर चलो लेकिन वह अतिलोभ के कारण इससे भी अधिक हीरों का खजाना मिले अतः वह आगे गया। किन्तु अन्त में उसे चक्रधर बनना पड़ा और बाद में वह अपने लोभ के कारण बहुत पछताया।

4. **सिंहकारक मूर्खब्राह्मण कथा** - चार ब्राह्मण थे उनमें से तीन शास्त्रज्ञानी ब्राह्मण थे किन्तु व्यवहारिक ज्ञान से बिल्कुल शून्य थे। उन में से चौथा ब्राह्मण व्यवहारिक ज्ञान में निपुण किन्तु अशास्त्रज्ञ था। चारों धनोपार्जन के लिए घर से निकले। रास्ते में उन्हें एक सिंह का कंकाल मिला। एक ने कंकाल को इकठ्ठा किया एक ने सिंह के कंकाल को जोड़ा तीसरा उसको अपने ज्ञान से जीवित करने ही वाला था कि चौथा जो अशास्त्रज्ञ किन्तु व्यवहारिक ज्ञान में निपुण था अपने मित्रों से कहा कि ऐसा मत करो। पर वे उस की बात नहीं माने। तब उसने कहा ठहरो और वह पेड़ पर चढ़ जाता है। इस बात पर तीनों शास्त्रज्ञ हँसते हैं किन्तु जैसे ही वे शेर को जीवन प्रदान करते हैं शेर उन तीनों को खा जाता है। शेर के जाने के पश्चात वह चौथा ब्राह्मण पुत्र भी अपने घर चला जाता है।

5. **मूर्ख पण्डित कथा** - चार ब्राह्मण अपनी शिक्षा समाप्त करके गुरु से दिक्षा प्राप्त कर वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। उन्होंने शिक्षा तो प्राप्त की थी किन्तु लोक व्यवहार से बिल्कुल शून्य थे। उनमें से एक रास्ते में एक नदी पर डूबने लगता है तो तीनों में से एक

[8] वही, पृ.15-30

ने अपनी पुस्तक खोलकर देखी और वह पढ़ता है कि डूबते का सिर काट देना चाहिए और वह अपने मित्र का सिर काट देते हैं। बचे वे तीनों अपने घर की ओर लौटने लगे। राह में अनेक लोगों ने उनका आदर सत्कार किया। उन्हें अलग अलग अपने घर पर भोजन के लिए निमन्त्रित किया। भोजन में एक को सेवई दूसरे को चौडी रोटी और तीसरे को मालपुआ परोसा गया। भोजन करने से पूर्व उन्होंने अपनी अपनी पुस्तके निकाली और देखा कि उनको परोसा गया भोजन उचित नहीं है और वह बिना खाए ही उठ गए। लोग उनकी इस बात पर हँसने लगे और उनको भूखा ही जाना पड़ा।

6. **मत्स्य मण्डूक कथा** - एक बार सहस्रबुद्धि और शतबुद्धि नामक दो मत्स्य थे और एकबुद्धि नामक एक मेंढक था तीनों सरोवर में रहते थे इसलिए वे आपस में मित्र थे। एक बार उन्होंने सरोवर पर आए हुए धीवर की बात सुनी कि वे अगले दिन आएंगे और उन्हें पकड़ कर ले जाएंगे। सहस्रबुद्धि और शतबुद्धि नामक मत्स्य को अपनी बुद्धि पर विश्वास था कि वे किसी भी तरह से धीवर से बच जाएंगे। एकबुद्धि मेंढक सरोवर छोड़कर दूसरे सरोवर पर चला गया। दूसरे दिन धीवर आया और जाल फैलाया जिसमें सहस्रबुद्धि और शतबुद्धि नामक मत्स्य भी फँस गए। एकबुद्धि नामक मेढक जब धीवर को सहस्रबुद्धि और शतबुद्धि मत्स्य को अपने कन्धे पर लटकाकर ले जाते देखा तो मेढक ने कहा कि भाग्य अनुकूल होने पर एकबुद्धि नामक मेंढक भी बच जाता है और प्रतिकूल भाग्य होने पर सहस्रबुद्धि और शतबुद्धि नामक मतस्य भी मारे जाते हैं। कुछ दिनों बाद एकबुद्धि मेंढक पुनः उसी सरोवर में आकर रहने लगता है।

7. **रासभ शृगालकथा** - एक बार एक गधा और गीदड़ मित्र थे। वे रोजाना रात को एक ककड़ी के खेत में आकर मिलते ककड़िया खाते और आनन्द लेते थे। गधा अपनी आदत के कारण मीठा गीत गाना चाहता था और प्रशंसा प्राप्त करना चाहता था। गीदड़ उसे गाने से मना करता है कि खेत का रखवाला जाग न जाए और हम दोनों की पिटाई न कर दे। लेकिन गधा उसकी बात नहीं मानता। गीदड़ चुपके से खेत से निकल जाता है। गधे के रेकने से खेत का रखवाला जाग जाता है और उसकी खूब पीटाई करता है। उसके गले में ऊखल बाँधकर सो जाता है।

8. **मन्थरक कौलिक कथा** - एक बार एक मन्थरक नाम का जुलाहा था जङ्गल में वृक्ष काटने गया जैसे ही उसने वृक्ष को काटने का निश्चय किया कि वृक्ष पर रहने वाला यक्ष ने उससे कहा कि इस वृक्ष को मत काटो। मैं तुम पर प्रसन्न हूँ। जो माँगना चाहते हो माँग लो। मन्थरक ने कहा कि मैं तुमको मेरे घर वालों से पूछ कर फिर बताऊंगा। मन्थरक ने इस बात को अपने मित्र नाई को बताता है और पूछता है कि मुझे यक्ष से क्या माँगना चाहिए? नाई उसे राज्य माँगने को कहता है। यही बात वह अपनी पत्नी से भी पूछता है। पत्नी ने कहा कि हम जुलाहा हैं अतः तुम अपने लिए दो हाथ और एक सिर अतिरिक्त माँग लो जिससे तुम दुगुना काम कर पाओगे। मन्थरक बिना कुछ सोचे समझे मित्र की बात न मानकर पत्नी की बात मानकर यक्ष से पत्नी का कहा हुआ माँग बैठता है। यक्ष जैसे ही तथास्तु कहता है उसके दो अतिरिक्त हाथ और एक अतिरिक्त सिर हो जाता है। मन्थरक जब प्रसन्न होकर के पुनः घर लौट रहा होता है तो लोग उसे राक्षस समझ कर पत्थर मार मार कर उसे मार देते हैं।

9. **सोमशर्मपितृकथा** - एकबार एक ब्राह्मण के भीख माँग माँग कर लाये गये सत्तू से घड़ा भर गया था। तब वह इसे बेचकर बकरी, गाय, भैंस, घोड़ी, सोना, मकान आदि खरीदने की कल्पना करने लगता है। फिर वह विवाह करेगा तब उसका पुत्र होगा और जब उसकी

पत्नी उसके पुत्र को नहीं सम्भालेंगी तो वह उस पर लात से प्रहार करेगा। जैसे ही वह लात मारता है तभी उसका सत्तु से भरा घड़ा फूट जाता है।

10. **चन्द्रभूपति कथा -** एकबार एक राजा ने अपने राज्य में बन्दर और भेड़ें पाल रखी थी। भेडों के समूह में से एक भेड़ रोजाना रसोईघर में चुपके से जाकर खा पी आती थी। जिसके कारण रसोईया परेशान था। इस कारण उसके हाथ में जो कुछ आता वह उस पर फेंक देता था। बन्दरों का सेनापति राजनीति और चाणक्य नीति को जानने वाला था और उसने सोचा कि यदि रोजाना यही होता रहा तो एक दिन हमारा अन्त निश्चित है। अतः उसने अपने भाई बन्धुओं को भी राजघराना छोड़ने को कहा। लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं मानी। अतः बन्दरों का सेनापति राजघराना छोड़कर किसी जङ्गल में चला गया। एक दिन रसोइए ने आग से जलती लकड़ी भेड़ पर फेंक दी जिसके कारण घुडशाला में आग लग गई। कई घोड़े अग्नि में जलकर मर गए और जो जीवित थे उनका इलाज करने के लिए वैद्य ने बन्दरों की चर्बी बतायी। राजा ने बन्दरों को मारने का आदेश दे दिया जिसके कारण सिपाहियों ने अनेक बन्दरों को मारना शुरू कर दिया। बन्दरों की चर्बी से घोड़े ठीक हो गए। बहुत वर्षों बाद बन्दरों का सेनापति पुनः राजघराने आया तो उसे अपने वंश के बन्दर नहीं मिले। समय बितने पर उसको बन्दरों के नाश का कारण पता चला। बन्दर ने राजा से बदला लेने की ठानी। बन्दर घूमता हुआ एक सरोवर में पहुँचा वहां उसे ज्ञात हुआ की यहाँ पर एक राक्षस रहता है और वह रत्नमाला से सभी को सरोवर में बुलाता है और वह उसे खा जाता है। बन्दर राक्षस से दोस्ती करता है। बन्दर राक्षस से कहता है कि यह रत्नमाला मुझे दे दो मैं तुम्हारे लिए भोजन लाऊंगा। बन्दर रत्नमाला गले में धारण कर राजा के यहाँ पहुँचता है। राजा पूछता है यह रत्नमाला कहाँ से लाए? बन्दर कहता है कि जो सरोवर में स्नान करता है उसे यह रत्नमाला प्राप्त होती है। राजा लालच में आकर परिवार सहित उस सरोवर में स्नान के लिए जाता है। राजा का पूरा परिवार सरोवर में स्नान करने जाता तो है परन्तु बाहर नहीं निकलता है तो राजा के पूछने पर बन्दर कहता है कि आपने जिस प्रकार मेरे वंशजों का मेरे परिवार वालों का नाश किया था वैसे ही मैंने आपके परिवार वालों से बदला ले लिया।

11. **विकाल वानर कथा -** भद्रसेन नाम का एक राजा था जिसकी कन्या पर एक राक्षस आसक्त था। एक बार आधी रात के समय राक्षस को खड़ा देख कर राजकुमारी ने एक योजना बनाई कि एक अन्य राक्षस मुझे प्रतिदिन सताता है। राक्षस यह बात सुनकर कि दूसरा राक्षस कौन है? जो इस का हरण करता है। राक्षस उसको देखने के लिए घोड़े का रूप धारण कर अश्वशाला में छुप जाता है। तभी एक अश्वचोर आकर घोड़े के रूप में छीपे राक्षस पर बैठ जाता है। राक्षस चोर को अन्य राक्षस समझकर जङ्गल की तरफ ले जाता है। चोर को जब पता चलता है कि यह कोई राक्षस है तब वह राक्षस से दूर होने के लिए प्रयास करता है। चोर एक पेड़ पर लटक जाता है। दूसरी तरफ राक्षस भी उसी पेड़ पर छिप जाता है। उसी पेड़ पर एक बन्दर रहता है जो कि राक्षस का मित्र होता है। बन्दर राक्षस को कहता है कि यह तो मनुष्य है तुम इसे मार डालो। तब वह चोर बन्दर की लटकती पूंछ को काट खाता है। बन्दर का चेहरा देख कर राक्षस वहाँ से भाग जाता है।

12. **अन्धक-कुब्जक-त्रिस्तनी-कथा -** राजा मधुसेन के यहाँ त्रिस्तनी कन्या का जन्म हुआ। ब्राह्मणों के परामर्शानुसार `यदि राजा इस कन्या का मुह देख लेता है तो उसकी मृत्यु निश्चित है'। इसलिए राजा सिपाहियों द्वारा उसे नगर के बाहर छोड़ देने का आदेश देते

हैं। समय आने पर उसका एक अन्धे से राजा के आदेशानुसार विवाह हो जाता है और धन आदि देकर उसे नगर छोड़ने को कह दिया जाता है। अन्धे के साथ उसका मित्र एक कुबडा भी रहता है। वे बचपन के मित्र होते हैं। विवाह होने के पश्चात अन्धा कुबड़ा और वह त्रिस्तनी कन्या साथ रहते हैं। त्रिस्तनी कन्या का पति अन्धा होने के कारण कुबड़ा उस कन्या का भोग करता था और वे चाहते थे कि किसी प्रकार अन्धे की मौत हो जाए। एकबार कुबड़ा जहरीला साँप लाकर त्रिस्तनी कन्या से उसको मत्स्य के बहाने खिलाने की कोशिश करता है जिससे अन्धे की मृत्यु हो जाए। किन्तु विषैले सर्प के पकने के धुएँ से अन्धे की आँखें ठीक हो जाती है और वह किसी को बताता नहीं है और वह देखता है कि यह मुझे मारने की कोशिश कर रहे हैं। जब कुबड़ा घर आता है तो वह त्रिस्तनी कन्या का भोग करने लगता है। यह देख कर अन्धे को क्रोध आ जाता है और वह त्रिस्तनी कन्या को कुबड़े पर फेकता है जिसके कारण त्रिस्तनी कन्या का एक स्तन वक्ष के अन्दर चला जाता है और कुबडा भी ठीक हो जाता है।

13. **राक्षस गृहित ब्राह्मण कथा** - एक बार एक ब्राह्मण को राक्षस पकड़ लेता है और उसके कन्धों पर बैठ जाता है और आगे चलने को कहता है ब्राह्मण डर के कारण राक्षस की बात मान लेता है और वह आगे चलता है चलते चलते ब्राह्मण उससे उसके इतने कोमल पैर क्यों है? कारण पूछता है। तब राक्षस उसे बताता है कि वह गीले पैर पृथ्वी पर नहीं रखता है। एक सरोवर पर राक्षस नहाता है। ब्राह्मण को यह पता चल जाता है कि राक्षस पृथ्वी पर गीले पैर नहीं रखेगा और वह अपनी जान बचा कर वहाँ से भाग जाता है।

14. **भारुण्डपक्षी कथा** - एक बार एक पेट और दो मुँह वाला भारूण्ड पक्षी था। एक मुख सदा स्वादिष्ट मीठे फल खाता तथा दूसरे मुख को सदा भूखा ही रहना पड़ता। भूखा मुख वाला उसको कहता कि हमेशा अकेले मत खाओ कभी कभी मुझे भी कुछ फल खाने को दिया करो। पर वह उस मुख की कभी नहीं सुनता। दूसरा मुख सदैव बिना खाये ही रहता। एक बार दूसरे कण्ठ को एक विषफल मिल जाता है और वह पहले मुख को दिखाता हुआ कहता है कि यह फल मैं खा रहा हूँ मीठे फल खाने वाला मुख उसे मना करता है कि तुम उसे मत खाओ क्योंकि हमारी मृत्यु हो जाएगी पर वह उसकी नहीं सुनता है और वह फल खा जाता है और दोनों कण्ठों की मृत्यु हो जाती है।

15. **ब्राह्मण कर्कट कथा** - किसी नगर में एक ब्राह्मण यात्रा पर जा रहा था। जब वह अकेले ही यात्रा करने जा रहा था तो उसकी माँ ने एक केकड़ा कर्पूर की पुड़िया में बाँधकर उसके थैले में रखती हुई कहती है कि यह तुम्हारी यात्रा में तुम्हारा साथी होगा। यात्रा के मार्ग में कड़ी धूप होने के कारण वह एक पेड़ के नीचे सो गया। तभी पेड़ के समीप एक साँप आया। साँप को क्योंकि कर्पूर की सुगन्ध बहुत प्रिय होती है अतः उसने कर्पूर की पुड़िया को खा गया। पुडिया में केकड़ा होने के कारण वह सर्प मर गया। ब्राह्मण उठा और अपने मार्ग पर चल दिया।

पण्डित विष्णु शर्मा द्वारा लिखित अपरीक्षितकारक की कहानियों से जो शिक्षाएँ प्राप्त होती हैं वे आज भी प्रासङ्गिक हैं। पण्डित विष्णु शर्मा ने पञ्चतन्त्र के द्वारा महिलारोप्यनगर के राजा अमरशक्ति के तीनों पुत्रों को राजनीति में निपुण बनाने के लिए जिस ग्रन्थ की रचना की वह अत्यन्त शिक्षाप्रद ग्रन्थ था वह ग्रन्थ और उसकी शिक्षाएँ न केवल राजकुमारों के लिए थी अपितु सम्पूर्ण देश के लिए सम्पूर्ण विश्वके लिए समस्त छात्रों के लिए हैं। यह ग्रन्थ सम्पूर्ण विश्व में कसौटी पर खरा उतरा है। इस ग्रन्थ की रचना कर छात्रों को जो शिक्षाएँ दी है वे तत्कालीन समय के लिए ही उपयोगी नहीं थी

अपितु वे वर्तमान में भी उतनी ही उपयोगी है व प्रासङ्गिक है। यदि हम आज के छात्रों का अवलोकन करें तो उनमें निम्न समस्याएँ दृष्टिगत हो रहीं हैं -

- लोक व्यवहार का ज्ञान न होना ।
- लालच करना अथवा लोभी प्रवृत्ति होना।
- बिना सोचे समझे कार्य करना।
- केवल किताबी ज्ञान को महत्त्व देना।
- अच्छे मित्र न होना व मित्र की बात न मानना।
- प्रश्न नहीं करना ।
- जो है उसमें संतुष्ट न होना ।
- स्वयं पर भरोसा न करना।
- भाग्य पर विश्वास न करना ।
- अकेले जाना, अकेले कार्य करना, अकेला खाना, सबके साथ नहीं रहना आदि।

इस तरह की अनेक समस्याएँ हम छात्रों में वर्तमान में देख सकते हैं। पण्डित विष्णु शर्मा ने तत्कालीन समय में अपरिक्षितकारक ग्रन्थ के द्वारा हमें यह बताया है कि अगर हम इस तरह के ग्रन्थों को छात्रों को पढाएँ, इनका ज्ञान प्रदान करें, ऐसे ग्रन्थों से उनको शिक्षित करें तो हमें छात्रों में इस तरह की समस्याएँ प्राप्त ही नहीं होंगीं। यदि समस्याएँ हैं तब भी हम इस तरह के साहित्य द्वारा इन परेशानियों को दूर कर सकते हैं। पण्डित विष्णु शर्मा ने अपने ग्रन्थ में कहानियों के द्वारा तो शिक्षाएँ दी है साथ ही साथ इसमें जो श्लोक हैं उनके द्वारा भी गागर में सागर के द्वारा हम छात्रों को शिक्षा दे सकते हैं। ये श्लोक वर्तमान में भी उतनी ही प्रासङ्गिकता रखते हैं जो तत्कालीन समय में थी।

कुदृष्टं कुपरिज्ञातं कुश्रुतं कुपरीक्षितम्।
तन्नरेण न कर्तव्यं नापितेनात्र यत्कृतम्।।[9]

अर्थात् बिना ठीक देखे बिना अच्छी तरह जाने बिना अच्छी तरह सुने और बिना ठीक ठीक परीक्षा किए जो कार्य नाई ने किया वह किसी अन्य मनुष्य के द्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

यदि वर्तमान में भी देखें तो आज के बालक एवं युवा बिना कुछ जाने पहचाने किसी का दिया हुआ कुछ भी खा लेते हैं। बिना जाने पहचाने वे किसी के साथ चले जाते हैं इसलिए कुछ का अपहरण कर उनके माता पिता से मोटी रकम की माँग की जाती है।

वर्तमान समय के विद्यार्थियों की एक समस्या यह भी है कि कक्षा में या अन्य कहीं प्रश्न नहीं करते। प्रश्न के अभाव में वे जो कुछ पाना चाहते हैं या सिखना चाहते हैं वे सीख नहीं पाते हैं जिससे छात्रों को नुकसान उठाना पड़ता है जो छात्र प्रश्न करते हैं वे आगे बढ़ जाते हैं। पण्डित विष्णु शर्मा ने तत्कालीन समय में राक्षस गृहीत ब्राह्मण कथा के माध्यम से ही यही ज्ञान प्रदान करना चाहते हैं।

अपरीक्ष्य न कर्तव्यं कर्तव्यं सुपरीक्षितम्।
पश्चाद्भवति सन्तापो ब्राह्मण्या नकुलं यथा।।[10]

---

9 अपरी., श्लोक 1

10 वही, श्लोक 17

अर्थात पण्डित विष्णु शर्मा कहते हैं कि बिना परीक्षा किए कोई कार्य नहीं करना चाहिए। अच्छी प्रकार से जाँच करके ही कार्य करना चाहिए अन्यथा बाद में दुःख होता है जिस प्रकार ब्राह्मणी का नेवले के विषय में हुआ।

अतिलोभो न कर्तव्यो लोभ नव परित्यजेत्।
अतिलोभाऽभिभूतत्य चक्रं भ्रमती मस्तके।।[11]

अर्थात् मनुष्य को अपने जीवन में अधिक लालच नहीं करना चाहिए और नहीं उसको लालच सर्वथा छोड़ना चाहिए। यदि अधिक लालच करेंगे तो उसके सिर पर पहिया (चक्र) घूमता रहता है।

अर्थात् जो छात्र मोबाइल पर गेम खेलते हैं और मोबाइल से पैसा मिलने पर यह गेम खेलना बढ़ा देते हैं जिससे उनको अधिक पैसा मिले। किन्तु अधिक पैसा मिलने के लोभ में वे खेलते ही रहते हैं और कभी कभी ऐसी स्थिति आती है उनको आत्महत्या तक करनी पड़ती है।

आज के विद्यार्थी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं। वे फराटेदार अंग्रेजी तो बोल लेते हैं किन्तु उन्हें मातृभाषा में कुछ पूछा जाए तो वे कहेंगे क्या मतलब? इसका क्या मतलब? इस तरह उन्हें केवल किताबी ज्ञान है व्यावहारिक ज्ञान नाम मात्र है।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा मित्रोक्तं न करोति यः।
स एव निधनं याति यथा मन्थरकौलिकः।।[12]

पण्डित विष्णु शर्मा मन्थरककौलिक की कहानी के द्वारा यह शिक्षा देना चाहते हैं कि आज के समय में संयुक्त परिवार के अभाव में परिवार छोटे होने के कारण सन्तान इकलौती होने के कारण बच्चा घर पर अकेला बैठा रहता है और उसके कोई दोस्त भी नहीं होते। पण्डित विष्णु शर्मा यह शिक्षा बच्चों को ही नहीं अपितु बड़ों को भी देना चाहते हैं कि अकेले मत खाओ, अकेले मत घूमो, मित्र बनाओ और मित्रों की बात मानों तभी नई पीढ़ी हम को देखकर यह कार्य कर पाएगी।

यो लौल्यात्कुरुते कर्म नैवोदर्कमवेक्षते।
विडम्बनाम्वाप्नोति स यथा चन्द्रभूपतिः।।[13]
कलहान्तानि हर्म्याणि कुवाक्यान्तं च सौह्रदम्।
कुराजान्तानि राष्ट्राणि कुकर्मान्तम यशो नृणाम्।।[14]

अर्थात् पारस्परिक झगड़े से घर का विनाश हो जाता है बुरे वाक्य कहने से मित्रता नष्ट हो जाती है कुराज्य से राष्ट्र नष्ट हो जाते हैं इसी तरह कुकर्म करने से व्यक्तियों का यश भी नष्ट हो जाता है।

जीर्यन्ते जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः।
जीर्यतश्चक्षुषी श्रोत्रे तृष्णैका तरुणायते।।[15]

---

11 वही, श्लोक 21
12 वही, श्लोक 56
13 वही, श्लोक 67
14 वही, श्लोक 70
15 वही, श्लोक 77

वृद्ध होते हुए व्यक्ति के बाल जीर्ण हो जाते हैं जीर्ण होते हुए के दान्त भी जीर्ण हो जाते हैं जीर्ण होते हुए के नेत्र और कान भी जीर्ण हो जाते हैं किन्तु इनके और अन्य इन्द्रियों तथा शरीर अवयवों के जीर्ण (शक्तिहीन) होने पर भी उसकी एकमात्र तृष्णा (कामना लिप्सा) युवती जवान बनी रहती है।

एकः स्वादु न भुञ्जीत नैकः सुप्तेषु जागृयात्।
एको न गच्छेदध्वानं नैकशचार्थान्प्राचिन्तयेत्।।[16]

इस श्लोक के द्वारा पण्डित विष्णु शर्मा यह कहना चाहते हैं कि अकेले मत खाओ। किन्तु आज का समय ऐसा नहीं रहा आज तो विद्यार्थी स्वयं ही ऑनलाइन आर्डर करते हैं और पिज्ज़ा बर्गर आदि मंगाकर अकेले ही खा जाते हैं।

आज के छात्र वर्ग को भाग्य पर बिल्कुल भरोसा नहीं है वह केवल कर्म पर विश्वास करते हैं और कर्म पर विश्वास करने के कारण शीघ्रता पूर्वक कार्य कर देते हैं जो उनको नहीं करना चाहिए अगर वह थोड़ा समय रुक जाए तो उनको अवश्य सफलता मिल सकती है।

मन्त्रे तीर्थे द्विज देवज्ञे भेजे गुरौ।
यादृशी भावना यस्यसिद् र्भवति तादृशी।।[17]

अर्थात् (वेद) मन्त्रों में तीर्थ में ब्राह्मण में देव (हरि शिव) आदि भगवान में ज्योतिष में औषध में गुरु में जिस व्यक्ति की जिसके प्रति श्रद्धा अथवा भावना होती है वैसी ही उसको सफलता प्राप्त होती है।

यदि जीवन में हमें सफलता प्राप्त करनी है तो किसी एक में श्रद्धा अवश्य रखनी होगी तभी हमें सफलता प्राप्त होगी।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि पञ्चतन्त्र का यह अपरीक्षितकारक नामक तन्त्र तत्कालीन समाज व छात्र वर्ग के लिए उपयोगी था पर वह आज भी उतना ही महत्त्वपूर्ण व उपयोगी है। किन्तु इसकी उपयोगिता व प्रासङ्गिकता तभी सिद्ध हो पाएगी जबकि छात्र वर्ग को इसका अध्ययन कराएंगे। इसका महत्त्व बताएंगे। इसके उपदेश सुनाएंगे। जब छात्र वर्ग इसको जान लेगा तभी इसकी शिक्षाओं को वह ग्रहण कर पाएगा। छात्रवर्ग जब इसकी शिक्षाओं को समझकर वह धारण करेगा तभी वर्तमान में इसकी प्रासङ्गिकता पूर्णरूपेण सिद्ध हो पाएगी।

## सङ्केताक्षरसूची

1. अपरी. - अपरीक्षितकारक
2. काव्या. - काव्यादर्श

[16] वही, श्लोक 95
[17] वही, श्लोक 98

## सन्दर्भग्रन्थसूची

1. अपरीक्षितकारक, डॉ. कर्ण सिंह, साहित्य भण्डार, शिक्षा साहित्य के मुद्रक एवं प्रकाशक, सुभाष बाजार, मेरठ
2. आचार्यदण्डिना विरचितः काव्यादर्श, पण्डितरङ्गाचार्यशास्त्रिणा विरचितया प्रभाख्यया व्याख्यया समेतः, भण्डारकरप्राच्यविद्यासंशोधनमन्दिरम्, पूना, 1938
3. श्रीविष्णुशर्मसंकलितं पञ्चतन्त्रम्, श्रीवेङ्कटेश्वर प्रेस्, मुम्बई, 1910
4. संस्कृत साहित्य का इतिहास (लौकिक खण्ड), डॉ. प्रीति प्रभा गोयल, प्रकाशक राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2019

❀❀❀

# Portrayal of the character of Draupadī in Bhaṭṭanārāyaṇa's Veṇīsaṃhāra

Karabi Sarmah

Abstract

*Veṇīsaṃhāra is a famous drama written by renowned playwright Bhaṭṭanārāyaṇa, an acclaimed playwright in the field of Sanskrit literature. The storyline of Veṇīsaṃhāra has been taken from Mahābhārata by Vyāsa. Draupadī, one of the courageous characters from the Mahābhārata, is portrayed as the protagonist of the drama. Bhaṭṭanārāyaṇa has redrawn the storyline of Veṇīsaṃhāra in his own style although he keeps the Mahābhārata as the base reference. Through this paper an attempt has been made to reflect upon the manner in which Bhaṭṭanārāyaṇa has portrayed the character of Draupadī in Veṇīsaṃhāra. In addition to that, an analysis is also done to show how the original character of the Mahābhārata are recreated Bhaṭṭanārāyaṇa, one of the renowned Sanskrit litterature of post-mahābhārata times.*

*(Keywords : Veṇīsaṃhāra, Mahābhārata, Draupadī, protagonist, recreation)*

.....

## Introduction

The Sanskrit term *kāvya* generally denotes poetical composition or poetry. Etymologically *kāvya* signifies a work done by a poet.[1] Therefore, poetry is the expression of a poet who expresses his ideas, feelings or emotions through words. *Kāvya* technically means poetical composition with an organized plot by a single author.[2] Regarding the definition of a *kāvya* the Sanskrit poets, especially the rhetoricians have furnished their divergent views in their respective works. Bhāmaha has said that words along with meaning constitute poetry.[3] Paṇḍitarāja Jagannātha in his *Rasagaṅgādhara* gives the definition of *kāvya* as *ramaṇīyarthākapratipādakaḥ śabdaḥ kāvyam.*[4] That is the words possessing good *(ramaṇiya)* meaning called *kāvya.* It can be said that poetry is that which can arrest the attention of the connoisseur through nice words. Vāmana has said that a description which is full of *alaṃkāra* is accepted to be a piece of

1 kaveḥ karma kāvyam, vide, Commentary on Vakroktijivita I.2, ed. By Susil Kumar De with the commentary of Kuntaka, Firma K.L. Mukhopadhyay, Calcutta, 3rd edn., 1961, p.3

2 Williams, Monier, A Sanskrit English Dictionary, p.280

3 Śabdārthau sahitau kāvyam (Kāvya., I.16)

4 Rasagangādhara, Ch. I, ed.& trans. by Sandhya bhaduri with the commentary of Nāgeśa Bhaṭṭa, Ānana I, Sanskrit Pushtak Bhandar, Calcutta, p. 2

*kāvya.*[5] But Ānandavardhana has argued that it is nothing but *dhvani* i.e. suggestion itself that is more charming than the expressed sense. He has accepted *dhvani* as the soul of poetry[6] and said that it is called the best poetical composition in which the suggested sense shines more than the expressed one. But the rhetorician Viśvanātha Kavirāja, after refuting all the views of his predecessors furnished his opinion and affirms in this regard that without rasa a sentence cannot be called poetry as it is the soul of it without which mere unification of words and meaning becomes lifeless. The other elements such as *alaṃkāra, dhvani* etc. are for the upliftment of the poetry only.

In Sanskrit literature, all the forms of poetical composition like *mahākāvyas, khaṇḍakāvyas, nāṭakas, campūkāvyas* etc. are known as *kāvya.* Therefore, the field of Sanskrit kāvya is very wide. The Sanskrit kāvya or literary composition is classified broadly into two catagories viz. *śravyakāvya* and *dṛśyakāvya. śravyakāvya* is made for just listening (reading also) whereas *dṛsyakāvya* is meant for dramatic representation. Viśvanātha Kavirāja in his *Sāhityadarpaṇa* observes that *dṛśyakāvyas* are fit for dramatization and *rūpaka* is the general name for drama in Sanskrit.[7] Again, *śravyakāvya*s are suitable specifically for listening.[8]

The Sanskrit *dṛśyakāvya*s are again divided into various categories and sub-categories. In *Sāhityadarpaṇa*, Viśvanātha establishes ten varieties of *rūpaka* and eighteen varieties of *uparūpaka.*[9]

The first variety of *rūpaka* is known as *nāṭaka. Nāṭaka*s occupy a significant place in Sanskrit literature. The scholars have also said about the greatness of the nāṭakas - *"kāvyeṣu nāṭakaṃ ramyaṃ".* There are so many dramas in the realm of Sanskrit literature. The scholars have divided the dramas into three groups belonging to three periods, with the master poet Kālidāsa as the central figure, from whom one can look backwards and forwards. These heads are -

---

5 kāvyaṃ grāhyamalaṃkārāt (Kā.su.vṛ., I.1.1)

6 Kāvyasyātmā dhvaniḥ (Dhva., I.1)

7 dṛśyaṃ tatrāvineyaṃ tadrūpāropāttu rūpakaṃ (Sāhitya., VI,1)

8 śravyaṃ śrotavyamātraṃ.... (Ibid., VI, 313)

9 The ten divisions of the rūpakas and uparūpakas are as follows -
natakamatha prakaraṇṃ bhānavyāyogasamavakāradimāḥ.
īhāmṛgānkavīthyaḥ prahasanamiti rūpakāṇi daśa..
nāṭikā troṭaṃ goṣṭhī saṭṭaṃ nāṭyarāsakaṃ.
prasthānollāpyakāvyāni prengkhaṇaṃ rāsakaṃ tatha..
sanglāpakaṃ srīgaditaṃ ca vilāsikā.
durmallikā prakaraṇī hallīśo bhāṇīketi ca..
aṣṭadaśa prāhurūparūpakāṇi manīṣiṇaḥ.
vinā viśeṣaṃ sarveṣaṃ lakṣma nāṭakavanmataṃ.. (Ibid., VI, 3-6)

- The plays before Kālidāsa.
- The plays of Kālidāsa
- The plays after Kālidāsa

## The Veṇīsaṃhāra

The *Veṇīsaṃhāra* of Bhaṭṭanārāyaṇa is a play after Kālidāsa. It belongs to the class of successful *nāṭakas*. This is only the available work written by Bhaṭṭanārāyaṇa. He is believed to be lived in later half of 7th or the beginning 8th century A.D. and it has been assumed that the date of composition of the *Veṇīsaṃhāra* fall in the latter half of the 7th or first quarter of the 8th century A.D.. The title of the drama *Veṇīsaṃhāra* means the tying up or rearrangement of the loose disheveled mass of hair. It bears the reference of the vow of Bhīmasena, which forms the central topic of the drama. It is essentially a heroic play. The plot is mainly taken from the *Mahābhārata* and covers the period which elapses between the return of the *Pāṇḍava*s to Indraprastha after their thirteen years exile and Yudhiṣṭhira's accession to the throne after the great war. The predominant sentiment of the drama is the heroic or *vīra*. The name is suggested by an incident related in the latter part of the *Sabhāparva* of the *Mahābhārata*. It is stated there that after Draupadī had been stacked and in gambling, she was dragged by hair into the assembly by Duḥśāsana at Duryodhana's bidding. Stung almost to madness by the outrageous insult, Bhīma vowed that he would kill all the *Kaurava*s, drink the blood from the bosom of Duḥśāsana and dipping his hand in Duryodhana's gore would tie up Draupadī's hair. The theme is described in six acts.

## The Character of Draupadī in the Veṇīsaṃhāra

Though there are many plays available in Sanskrit literature and almost all those have woman characters, like - Sitā, Urvaśi, Mālavikā etc., it is for the first time Bhaṭṭanārāyaṇa brought Draupadī into the stage through his *Veṇīsaṃhāra*. Draupadī, the brave woman, is the heroine of the *Mahābhārata*. She is one of the most powerful, imposing and fascinating personalities in the *Mahābhārata*. Her personality pervades throughout the *Mahābhārata*. In our society the life of a woman is not straight forward like that of man. Woman has to passes her life in different roles throughout her life stages, like - as a daughter, as a daughter-in- law, as a wife, as a mother, as a mother-in-law etc. besides these all she is a woman. The life of Draupadī in the *Mahābhārata* is also no exception. She plays all these roles nicely and proved herself a competent in every aspect of life. She is a good daughter, loving and dutiful wife, knowledgeable queen. Her steadfast devotion to duty, spirit of self sacrifice, fortitude, courage,

capacity for hard work, presence of mind, perseverance, endurance, thirst for knowledge, wisdom to discriminate between right and wrong and strength to fight against injustice, truth, modesty, forgiveness, softness and harshness as the occasion demanded etc. are always attract even the women of modern era. In the *Veṇīsaṃhāra* though Draupadī is placed as the heroine, but, here Draupadī does not have all these qualities. She has been projected as queen and wife only. It is because Bhaṭṭanārāyaṇa does not take the whole story of the *Mahābhārata*. So it is not possible to reflect all the qualities of Draupadī only through a portion of *Mahābhārata* as the character of Draupadī pervades throughout the *Mahābhārata*.

In drama's heroines are generally divided into three kinds - *svīyā, parakīyā* and *sādhāraṇā*[10] according to their relationship with the respective heroes. Each of these is again classified according to their nature. Draupadī being the wife of *Pāṇḍava*s belong to the type called *svīyā*,[11] and by nature she can be nothing else but *pragalbhā*.[12] So far there is no discrepancy between the dramaturgies and Bhaṭṭanārāyaṇa's portrayal. But when one come down to a close examination of the play, it is found Draupadī as depicted in this drama to be standing out as a unique figure in the whole of Sanskrit dramatic literature. The *Veṇīsaṃhāra* as well all know is not a play with love as its theme. Nor can one designate it as a political play like the *Mudrārākṣasa* of Viśākhādatta, nor it is a social play like the *Cārudatta* of Bhāsa. The *Veṇīsaṃhāra* contains all the elements of all the above mentioned types combined, evenly or unevenly as the case may be. It is the story of the battle between the brother princess of the *Kuru* family and it is hatred and self-pity that predominate in the actions of all the characters. Draupadī, the heroine, seems to lead in this characteristics venture. She enters the scene with tears streaming from her eyes and her heart burning with anger and desire for revenge. The character of Draupadī is mentioned once in the First Act and nothing is known of her till the Sixth Act, except an incidental mention of her name in the prelude to the Third Act. But behind the movement of the story Draupadī is there in the whole theme of the *Veṇīsaṃhāra*.

## Draupadī's Role in the Development of the Plot

It is already stated that in the whole *Veṇīsaṃhāra*, the appearance of Draupadī is seen only in two acts, the First and the Sixth one. But without her

---

10 atha nāyikā tribhedā svā'nyā sādhāranā strīti... (*Ibid.*, III, 56)

11 Vinayārjavādiyuktā gṛhakamaparā patibratā svīyā... (*Ibid.*, III, 53)

12 Smarāndhā gāḍatārūṇyā samastakovidā.
bhāvānnatā darabrīḍa pragalbhākrāntanāyakā.. (*Ibid.*, III, 60)

presence the story cannot revolve. She is the reason for what the dramatist could plot out a play of six acts. The meaning of the title *Veṇīsaṃhāra* itself passes information to the audience that the story will surely be the tying up or rearrangement of the loose disheveled mass of hair of a lady, what is none other than Draupadī. In this drama the character of Draupadī is unique in nature. She is the fuel of the whole drama. Though she has not appeared in the stage in every act but spectator or reader feel her existence everywhere. The main or ultimate goal of the drama is fulfillment of a wish related to Draupadī. All other characters are seen to help in achieving the goal. In the First Act she appears with her long hair loose with complaints of more insult from the wife of Duryodhana.[13] She was on tears while she entered the stage for the first time. A princess of royal blood by birth, endowed with the most matchless beauty, she is subjected to humiliations of the worst type inspite of her valiant husbands. Her miseries seem to have even changed her princely disposition. But her character is not like other princess. That is why her happiness and satisfaction is reflected by the fact when Bhīma argues that the fight is never an unreasonable one and hence they should go for it. Bhīma's desire to grind the *Kauravas* to dust in battle and quaff blood from the breast of Duḥśāsana and pound the thigh of Suyodhana with his mace[14] makes Draupadī even happier and more satisfied. She always inspires Bhīma's anger and provoked him for war. She expresses her feelings to Bhīma by stating that her hair is aroused only when Bhīma is on indifferent mood but not when he is in anger.[15] Bhīma after listening to the words of inspiration told her to consider herself as one whose insult is avenged. All these imply the importance of the character Draupadī in the development of the content of the drama. Bhānumatī's insult on Draupadī adds up boost on Bhīma's anger and makes him more enthusiastic for taking up the vow. She helps in reminding Bhīma about his commitment as she addressed Draupadī as queen and stated that Bhīma is supposed to tie up Draupadī's hair with his hands red with the greasy clotted and thick blood of Suyodhana.[16] That is the key point of the drama from where the actual story begins. The First Act itself gives a clear picture that the following acts will also be centred at the character of Draupadī. Draupadī well understands that the whole war is going to happen as the result of all the tormentation she had suffered in the past. Draupadī, showed her care for her husbands when she advised them not to move about heedless in the battlefield as she knew it well that all her husbands were on fire

13 ayi yājñasenī pañcagrāmāḥ prārthyanta iti srūyate.
tatkasmādidānīmapi te keśa na saṃyamyante. (Veṇī., I, p.20)

14 Veṇī., I, p. 15

15 nātha, udāsīneṣu yuṣmāsu mama manyurna punaḥ kupiteṣu (*Ibid.*, I, p.18)

16 *Ibid.*, I, p. 21

because of the insult that was offered to her by the *Kauravas*.[17]

From Second Act to the Fifth Act, the character of Draupadī has not been found in the stage. But one can feel her existence. All the acts or the story proceeds only to fulfill her wish of giving proper punishment to the *Kauravas* for their evil deeds. In the last act the reader or the viewer gets interacted with the character of Draupadī.

Anyone goes through the drama, from the name itself and through the all first five acts it is understood that there is a need of the character of the heroine in the last scene though she was not present in the other acts except the first one. The audience forgets the main character Draupadī in between the First and Sixth acts. The dramatist shows his cleverness by bringing back the character of Draupadī again to the scene in the Sixth Act as without her the drama cannot get completion. He uses the character of heroine in developing a sequel of the drama with a flow so that it gets adjusted with the plot. Draupadī's presence in the Sixth Act happens along with that of Yudhiṣṭhira. The dramatist does not bring her character all of a sudden so that audience may not reject her entry. But her presence in the last act of the story seems she is present there throughout the whole play. While the demon gives the sad news of the death of Bhīma, Draupadī's presence on the stage is a must in that situation as the fight of Bhīma and Duryodhana is to happen only because of her. It is the need of the story to convey the news to Draupadī and look for her reactions. The dramatist draws the attention of the reader towards Draupadī by plotting her character as an ideal wife as she is ready to sacrifice her life along with Yudhiṣṭhira.[18] This incident adjusts her character as a dutiful consort but dramatist has avoided this for the final goal of the drama where Draupadī's presence is mandatory. As the name itself explains the possible ending of the drama so her must needed presence helps in the advancement of the story towards the end. Thus as a reader or viewer of the *Veṇīsaṃhāra* one can easily understands the need of the character of Draupadī in the development of the play and Bhaṭṭanārāyaṇa uses her character nicely to make his plot more interesting. It has been observed that nowhere her character has presented without any references. He stretches out the story through six acts with involvement of the main heroine Draupadī only in the first and last act.

## Conclusion

Though Draupadī is the heroine of the play Veṇīsaṃhāra, her ap-

17 *Ibid.*, I, p. 26

18 arya kurū dārūsaṃcayam. prajvālyatāṃ citā. tvarate me hṛdayaṃ nāthaṃ prekṣitum. (*Ibid.*, VI, p. 150)

pearance is restricted to two acts only i.e. First Act and Sixth Act. The dramatist keeps her character as the central one. The title of the drama itself throws light to the fact that the character of Draupadī is an inseparable one in the plot. He tries to reflect the toughness of the mind of a lady through Draupadī. As a wife of five *Pāṇḍava*s, this lady shows here courage and valour. The sweet relationship between her and Bhīma as shown in the epic *Mahābhārata* had been also shown in the *Veṇīsaṃhāra*. Draupadī tries to achieve her silent dream of a war with the *Kaurava*s and it is projected by her provocation to Bhīma. Though she is a follower of the *Dharmarāja* Yudhiṣṭhira still she has been shown as much closer to Bhīma in the emotional aspect of life. The qualities like – love, care, emotions are also present in her character.

## Abbreviations

1. Kāvya. - Kāvyalaṃkāra
2. Kā.su.vṛ. - Kāvyalaṃkārasutravṛtti
3. Dhva. - Dhvanyāloka
4. Sāhitya. - Sāhityadarpaṇa
5. Veṇī. - Veṇīsaṃhāra

## References


1. *A Sanskrit English Dictionary*, Monier Williams, Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd., Delhi, 2011.
2. *Dhvanyāloka*, Anandavardhana, Ramasagara Tripathi (ed.), Motilal Banarasidass Publishers Private Limited, Delhi, 1963.
3. *Kāvyalaṁkāra*, Bhamaha, C. Sankara Rama (ed.), Sri Balamanorama Press, Madras, 1956.
4. *Kāvyālaṁkārasūtravṛttiḥ*, Vamana, Srikrshnamuri (ed.). Sri Vani Vilas Press, Srirangam, 1909.
5. *Mahābhārata*, Vyasa, Ramanarayanadatta Sastri (trns. & ed.), Vol. 1- 6., Gita Press. Gorakhpur, No 2070. 16th Reprint.
6. *Rasagangādhara*, Jagannatha, Durgaprasad & Vasudeva Laxman (eds.), 3rd ed., Tukaram Javaji, Bombay, 1916.
7. *Sāhitya Darpaṇa*, Visvanatha, Durgaprasada Dvivedi (ed.). 6th ed., Pandurang Jawaji, Bombay, 1936.
8. *Vakroktijivita*, Kuntaka, Susil Kumar De (ed.), 3rd ed., Firma K.L. Mukhopadhyay, Calcutta, 1961.

9. *Veṇīsaṁhāra*, Bhattanarayana, A B Grajendragadkar (ed.), 3rd ed. 1922.

10. *Veṇīsaṁhāra*, Bhattanarayana, Dr. Chowkhamba Jha (ed.) 4th ed., Krishnadas Academy, Varanasi, 2010.

11. *Veṇīsaṁhāra*, Bhattanarayana, M R Kale (trns. & ed.), 1st ed., Motilal Banarasidass Publishers Private Limited, Delhi, 2004

12. *Women in Sanskrit Dramas*, Ratnamayidevi Dikshit, Mehar Chand Lachhman Das, Delhi, 1964

❀❀❀

# उपक्रमन्यायविमर्शः

देबनाथ पाल

सारांश

मीमांसायाम् आचार्येण जैमिनिना वेदवाक्यार्थसंशयनिरसनार्थं सूत्रद्वारा संग्रथिताः न्यायाः। ते हि न्यायाः मुख्यतो द्विधा - वाक्यार्थतात्पर्यनिर्णायकरूपाः, अनुष्ठेयकृत्यसंशयनिवारकरूपाश्च। तत्र वाक्यार्थतात्पर्यनिर्णायकेषु न्यायेषु अन्यतमः उपक्रमन्यायः। प्रस्तुतेऽस्मिन् प्रबन्धे उपक्रमन्यायस्य स्वरूपमादौ समालोचितं ततः कुत्र कुत्र उपक्रमन्यायः प्रवर्तते कुत्र कुत्र तन्न प्रवर्तते के वा तत्प्रतिबन्धका इति प्रदर्श्य अन्ते शास्त्रान्तरेषु तस्य प्रयोगः प्रदर्शितः।

(कूटशब्दाः – उपक्रमः, कांस्यभोजिन्यायः, वाक्यशेषात्, अङ्गगुणविरोधन्यायः, अपच्छेदन्यायः)

.....

मीमांसादर्शने समुल्लिखितेषु वाक्यार्थतात्पर्यनिर्णायकेषु न्यायेषु उपक्रमन्यायः अन्यतमः। उपक्रमोपसंहारयोरुपक्रमः प्रबलः असङ्गातविरोधित्वादिति खलु न्यायस्यास्य निर्गलितार्थः। तद्यथा ज्योतिष्टोमे "प्रजापतिर्वा इदमेकमासीत्। स तपोऽतप्यत। तस्मात् त्रयो वेदा असृज्यन्त। अग्निर्वायु-रादित्यः ते तपोऽतप्यन्त। तेभ्यस्तेपानेभ्यस्त्रयो वेदा असृज्यन्त। अग्नेर्ऋग्वेदो वायोर्यजुर्वेद आदित्यात् सामवेदः"[1] इत्युपक्रम्य उपसंहारे - "उच्चैर्ऋचा क्रियते, उपांशु यजुषा, उच्चैः साम्ना"[2] इत्याम्नातम्। अनयोरुपक्रमे यत् वाक्यम् अग्न्यादिदेवागतत्वरूपस्तुतिपरकत्वाद् अर्थवादसंज्ञकम् उपसंहारस्थञ्च उच्चैस्त्वरूपाप्राप्तार्थप्रापकत्वाद् विधिसंज्ञकम्। किञ्चात्र पुनः जागर्ति संशयो यद् उच्चैर्ऋचा क्रियते इत्यादिना वाक्येन विधीयमानस्य उच्चैस्त्वादेः उद्देश्यभूतेन ऋगादिपदेन किं मुख्यार्थभूतानाम् मन्त्रत्वव्याप्यानाम् ऋक्त्वाद्यवच्छिन्नवाचकानाम् उद्देश्यत्वं प्रतिपाद्यते आहोस्वित् त्रयो वेदा असृज्यन्त इत्याद्युपक्रमस्थेन अर्थवादेन लक्षणया गुणीभूतस्य ऋग्वेदादिविहितकर्माङ्गभूतस्य मन्त्रमात्रस्य उद्दे-श्यत्वमिति।

न चात्र विध्येकवाक्यतयार्थवादानामात्मलाभात् अप्राप्तार्थप्रापकत्वेन विधेर्मुख्यत्वात् तदुद्दे-शस्वर्गादिपदानां निःसन्दिग्धत्वात् तदनुसारेणैव गुणीभूतार्थवादगतवेदशब्दस्य लक्षणया ऋगादिम-न्त्रपरत्वेन ऋगादिमन्त्राणामेव उद्देश्यत्वमुपपन्नमिति वाच्यम्, विधेरप्राप्तार्थप्रापकत्वेन मुख्यत्वेऽपि इह विधेरर्थवादाननुगुणार्थकत्वात् एकवाक्यताविरहापत्तिप्रसङ्गात्।

तस्माद् अन्त्यः पक्ष एव ज्यायान्। कथमिति चेदत्रेदं वक्तुं शक्यं विधिवाक्यस्य श्रवणात् पूर्वमेव उपक्रमस्थितस्य अर्थवादस्य असङ्गातविरोधित्वेन निर्णीतत्वहेतोः तदवस्थायां तद्गतवेदशब्दः स्वार्थे निश्चितोऽस्ति। अपरतः उपसंहारस्थितो विधिस्तु उपक्रमं प्रति विरोधी भवति। एवं यद्यपि विधेरर्थवादापेक्षया प्राधान्यं प्रसिद्धं तथापि सङ्गातविरोधित्वेन विधिरिह गौणतां भजते। अर्थवादस्त्विह विध्यपेक्षया गुणभूतोऽपि अजातविरोधित्वेन मुख्यतां भजते। मुख्यापेक्षया प्रधानस्य बलवत्त्वं तदैव उपपद्यते यदा प्रधानस्य स्वरूपं सिद्धं स्यात्। परन्तु इह विधेः अर्थवादाननुगुणार्थकत्वे एकवाक्यता-भावात् लब्धात्मकत्वाभावाद् बलवत्त्वमेव न युज्यते। तस्मादृगादिपदानां वेदार्थकत्वं लक्षणया अङ्गीकृत्य अर्थवादैकवाक्यतापन्नः भवेद् विधिः। एवमुपक्रमस्य अजातविरोधित्वेन उपसंहारापेक्षया प्राबल्यं सिद्धं भवति। तदुक्तम् अप्पयदीक्षितेन तदीये उपक्रमपराक्रमग्रन्थे – "उपक्रमे वेदानां प्रस्तावेन वेदसंस्पर्शेन किञ्चिद्विधास्यत इत्यवगम्यते, किन्तद्विधेयमित्येतावदनवगतमपेक्षितञ्च विध्युद्देशादृह्यत इति, विध्युद्देशस्थितानामप्यृगादिशब्दानामवगतविषयत्वात्। तस्मात्तैर्लक्षणया वेदानां ग्रहणमि"[3]ति।

---

1 शत., 11.5.8.3

2 तत्रैव 11.5.8.3

3 उप., p. 03

